CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, सोमवार 13 अक्टूबर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 319 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### पेंशनर आज करेंगे EPFO मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** देशभर के पेंशनर 13 अक्टूबर को यहां कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने रविवार को यह घोषणा की। समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सरकार ने बेंगलुरु में प्रस्तावित केन्द्रीय न्यास बोर्ड (सीबीटी) की बैठक को दिल्ली स्थानांतरित कर दिया है, जिससे पेंशनरों में असंतोष और बढ़ गया है। समिति के अनुसार न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग लंबे समय से लंबित है। इसके अलावा पेंशनरों का कहना है कि डीए (महंगाई भत्ता) का पूरा भुगतान, उच्चतम न्यायालय के के फैसले के अनुसार पेंशन वृद्धि और उचित चिकित्सा सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएं। इस मुद्दे पर सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से पेंशनरों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। पिछले एक महीने से देशभर के ईपीएफओ और जिलाधिकारी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### भारतीय सेना का दल ऑस्ट्रेलिया रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के 120 जवानों का एक दल भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास ऑस्ट्राहिड 2025 के चौथे संस्करण में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में इरविन बैरक के लिए शनिवार को रवाना हुआ। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि यह अभ्यास 13 से 26 अक्टूबर तक के लिए निर्धारित है। भारतीय सेना के इस दल का नेतृत्व गोरखा राइफल्स की एक बटालियन तथा अन्य सेनाओं और सेवाओं के जवान कर रहे हैं। वार्षिक अभ्यास ऑस्ट्राहिड 2025 का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ाना, अंतर-संचालन में सुधार करना और भाग लेने वाली सेनाओं को शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में उप-पारंपरिक युद्ध के क्षेत्र में रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच पर लाना है।

### विनट्रैक इंक प्रकरण में जांच शुरू, कस्टम दलाल निलंबित

**नई दिल्ली।** चेन्नई की फर्म विनट्रैक के प्रकरण में राजस्व विभाग द्वारा की गई प्रारंभिक तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई शुरू करते हुए विजिलेंस जांच शुरू कर चेन्नई में सीमाशुल्क विभाग के कई अधिकारियों को दूसरी जगह भेज दिया गया है और एक दलाल का सीमा शुल्क लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि इस मामले की आगे की सतर्कता विभाग द्वारा जांच विधिवत शुरू करा दी गई है। इसकी रिपोर्ट 4-6 सप्ताह में आने की उम्मीद है, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

# हमारा दिल बड़ा है, पाकिस्तान से पूछिए क्या दिक्कत: मुत्ताकी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- भारत-अफगानिस्तान की बढ़ रही नजदीकी पर खुलकर बोले अफगानिस्तान के विदेश मंत्री, कहा- अफगानिस्तान को पाक या भारत के साथ किसी तरह की परेशानी नहीं है

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव और भारत की अफगानिस्तान से बढ़ती नजदीकी से संबंधित कई सावलों के जवाब दिए।

नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने साफ किया कि उनके देश को पाकिस्तान या भारत के साथ किसी तरह की परेशानी नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत से अफगानिस्तान की बढ़ती दोस्ती की वजह से पाकिस्तान ने तनाव बढ़ाया है, तो उन्होंने कहा कि ये सवाल पाकिस्तान से पूछिए। हमें तो कोई दिक्कत नहीं है, हमारा दिल बड़ा है। मुत्ताकी ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान सभी पड़ोसी देशों के साथ शांति और सहयोगपूर्ण संबंध चाहता है, चाहे वो पाकिस्तान हो या भारत। उन्होंने क्षेत्रीय संबंधों में किसी तनाव को खारिज करते हुए कहा कि अफगानिस्तान का मकसद टकराव नहीं, बल्कि सहयोग है। मुत्ताकी ने पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव और तेहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर बड़ा बयान दिया है।

### मुत्ताकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस: महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं थीं। इससे पहले शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। इस पर विवाद भी खड़ा हो गया था। मुत्ताकी ने पिछली बार महिला पत्रकारों को न बुलाने पर सफाई भी दी। उन्होंने बताया कि यह सिर्फ तकनीकी कारणों से हुआ था। पिछली बार पत्रकारों की छोटी लिस्ट तैयार की गई थी, क्योंकि समय कम था। इसके अलावा कोई दूसरा इरादा नहीं था।

### अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की आगरा यात्रा रद्द

**आगरा।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की रविवार की आगरा यात्रा रद्द हो गई। श्री मुत्ताकी ताजमहल देखने के लिए रविवार को आगरा जाने वाले थे और उनका यह कार्यक्रम आठ अक्टूबर को तय हो गया था। उनकी आगरा यात्रा किस कारण रद्द हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशासन के अनुसार, उन्हें सिर्फ आगरा यात्रा का कार्यक्रम रद्द होने की सूचना मिली है। श्री मुत्ताकी रविवार सुबह आठ बजे दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस वे होते हुए आगरा जाने वाले थे। 11 बजे आगरा पहुंच कर ताजमहल का दीदार करने वाले थे। इसके बाद दोपहर का खाना खाने के बाद उन्हें वापस दिल्ली आना था। करीब एक घंटे तक ताजमहल परिसर में रहना प्रस्तावित था।

### बंगाल मेडिकल छात्रा गैंगरेप केस, 3 आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 2 आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी पास के गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास पीड़ित का मोबाइल था। इससे कॉल किया गया था। घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात 8 से 10 बजे के बीच हुई। पीड़ित अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए निकली थी। कैंपस गेट पर 3 युवक खड़े थे। पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने उसका मोबाइल छीना, फिर बाल पकड़कर कैंपस गेट के सामने जंगल में घसीटकर ले गए। तीनों ने उसका रेप किया।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत था: चिदंबरम

## कहा: इंदिरा गांधी को जान देकर चुकानी पड़ी कीमत

कसौली (हिमाचल प्रदेश) वार्ता



- 1984 ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना, पुलिस, खुफिया और सिविल सेवाओं का संचयी निर्णय था

**पूर्व गृह एवं** वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने 1984 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत ऑपरेशन ब्लू स्टार की आलोचना की और इसे गलत तरीका बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव 2025 में बोलते हुए, पूर्व केंद्रीय गृह और वित्त मंत्री ने कहा कि सिख पूजा स्थल से सेना को बाहर रखकर स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने के लिए ऑपरेशन ब्लैक थंडर सही तरीका था। पी. चिदंबरम ने कहा कि जून 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार सेना, पुलिस, खुफिया और सिविल सेवाओं का एक संचयी निर्णय था। उन्होंने कहा कि यहां किसी भी सैन्य अधिकारी का कोई अनादर नहीं है, लेकिन वह (ब्लू स्टार) स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने का गलत तरीका था। कुछ साल बाद, हमने सेना को बाहर रखकर स्वर्ण मंदिर को पुन: प्राप्त करने का सही तरीका दिखाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप इसके लिए केवल इंदिरा गांधी को दोषी नहीं ठहरा सकते। चिदंबरम लेखिका हरिंदर बावेजा के साथ वे विल शूट यू, मैडम: माई लाइफ : कॉन्फ्लिक्ट पर एक चर्चा के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। ऑपरेशन ब्लू स्टार 1 जून से 10 जून 1984 तक चला 10 दिनों का सैन्य अभियान था। 6 जून 1984 को, पंजाब में जरनैल सिंह भिंडरावाले के नेतृत्व में सिख उग्रवाद को रोकने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आदेश पर ऑपरेशन ब्लू स्टार के तहत भारतीय सेना ने स्वर्ण मंदिर में धावा बोला था।

### चिदंबरम के बयान पर कांग्रेस आलाकमान नाराज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम के बयान (ऑपरेशन ब्लू स्टार) पर पार्टी के अंदर सियासी बवाल मच गया है। कांग्रेस के कई नेताओं ने उनके बयान को लेकर नाराजगी जाहिर की है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस आलाकमान भी उनके बयान से नाराज है। शीर्ष नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक उनके हालिया बयान से नाखुश हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस आलाकमान का कहना है कि वैसे वरिष्ठ नेता जिन्हें कांग्रेस ने सब कुछ दिया है, उन्हें सावधानीपूर्वक बयान देना चाहिए। बार-बार ऐसे बयान देना सही नहीं है। इससे पार्टी की फजीहत होती है। उन्होंने हाल ही में कुछ ऐसे बयान दिए हैं, जिनसे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है।

### कांग्रेस का इतिहास कमजोरियों से भरा

**नई दिल्ली।** चिदंबरम के बयान पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चिदंबरम पहले 26/11 पर विदेशी दबाव का खुलासा कर चुके हैं, अब यह बयान। कांग्रेस का इतिहास कमजोरियों से भरा है। बीजेपी प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि चिदंबरम ने सच्चाई कही।

### सीमा पर 2.82 करोड़ के सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बीएसएफ ने रविवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक तस्कर को 2.82 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया। अधिकारियों को पश्चिम बंगाल में सीमा के पास स्थित मुस्लिमपारा गांव का एक व्यक्ति होरंदीपुर इलाके से बांग्लादेश से सोने की तस्करी करने की योजना बनाए जाने की सूचना मिली थी। ड्यूटी पर तैनात जवानों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और जाल बिछाने को कहा गया। सुबह लगभग छह बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को घने बांस के झुरमुट के पीछे सावधानी से घूमते देखा और उसे पकड़ लिया गया।


# बिहार में एनडीए का सीट शेयरिंग का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भाजपा-101, जदयू- 101, चिराग को 29, उपेंद्र कुशवाहा- मांझी 6-6 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार के विधानसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) यानी जदयू दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें मिली हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह सीटें दी गई हैं।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को भी छह सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिला है। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक्स पर लिखा, संगठित व समर्पित एनडीए... आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए परिवार के सभी सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का वितरण पूर्ण किया, जो कि इस प्रकार है। भाजपा -101 सीट, जदयू - 101 सीट, लोजपा (रामविलास) - 29 सीट, रालोमो- 6 सीट, हम-6 सीट। उन्होंने आगे लिखा, एनडीए के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का खुशी से स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार चुनाव के लिए भाजपा के मुख्यालय में मुख्य चुनाव समिति (सीईसी) बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार चुनाव के लिए भाजपा के मुख्यालय में सीईसी बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर कहा कि एनडीए परिवार ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीटों का बंटवारा पूरा किया है।




# डीजीसीए ने इंडिगो पर लगाया 40 लाख का जुर्माना

- पायलट ट्रेनिंग सिमुलेटर इस्तेमाल न करने पर लिया एक्शन

**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने इंडिगो एयरलाइंस पर 40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

पायलट ट्रेनिंग में अन-क्वालिफाइड फ्लाइट सिमुलेटर के इस्तेमाल करने की वजह से ये एक्शन लिया गया है। जांच में पाया गया कि करीब 1700 पायलटों की ट्रेनिंग कैटेगरी सी एयरपोर्ट्स जैसे कलिकट, लेह और काठमांडू हवाई अड्डों पर नियमों के अनुसार बताए गए सिमुलेटरों पर नहीं हुई। डीजीसीए ने 11 अगस्त 2025 को ट्रेनिंग डायरेक्टर को शो कॉज नोटिस जारी किया था।

### जांच के निर्देश

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने रविवार को एयर इंडिया को निर्देश दिया है कि जिन बोइंग 787 विमानों में हाल ही में पीसीएम बदला गया है, उन सभी विमानों के रैम एयर टर्बाइन (आरएटी) की स्टोवेज (फिटिंग और कंडीशन) की दोबारा जांच की जाए। डीजीसीए का ये निर्देश एयर इंडिया के दो बोइंग 787 विमानों में हाल में हुई तकनीकी घटनाओं और एफआईपी के एयर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों को ग्राउंड करने की मांग की पर आया है।

# केरल फिर बना देश का रोल मॉडल राज्य



- गरीबी खत्म की, ऐसा करने वाला दक्षिण एशिया का पहला राज्य, 73000 माइक्रो प्लान बनाए

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोट्टायम में 63 साल की स्वर्णम्मा रहती हैं। विधवा हैं। पूरा जीवन किराए के घर में रहीं। एक दिन जिला प्रशासन की टीम घर पहुंची। 10 लाख रुपये दिए, ताकि वो घर बनाएं और बचत करें। स्वर्णम्मा ने 6 लाख रुपये में 3 सेंट (1306 वर्ग फीट) जमीन खरीदी। जिस पर अब घर बन रहा है। स्वर्णम्मा जैसे केरल में 64 हजार परिवारों के 1.03 लाख लोग और हैं, जिन्होंने अत्यंत गरीबी में जीवन गुजारा।

अब उनकी जिंदगी बदल गई है। सरकार और सामाजिक भागीदारी से केरल एक बार फिर देश के लिए रोल मॉडल बनने जा रहा है। इस राज्य ने अपने यहां से 'अत्यंत गरीबी' खत्म कर दी है। इसकी आधिकारिक घोषणा एक नवंबर को होगी। इसी के साथ केरल ऐसा करने वाला देश और दक्षिण एशिया का भी पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जिनकी आय 158.10 रुपये प्रतिदिन से कम है, वो अत्यंत गरीब की कैटेगरी में आते हैं। केरल ने इस मानक से आगे भोजन, आय, स्वास्थ्य और आवास को आधार बनाया और इसे 'मानवीय गरिमा' नाम दिया। इसमें सामाजिक संगठनों की मदद अभूतपूर्व रही। केरल में 73 हजार माइक्रो प्लान बनाए, उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार मदद की। इसकी सख्त मॉनिटरिंग की। हर पैसे और मदद का हिसाब लिया गया। केरल को अत्यंत गरीबी से बाहर निकालने की शुरुआत 2021 में हुई। राज्य सरकार ने 1300 सर्वेयर की टीम 14 जिलों में उतारीं। जिनके पास भोजन, स्वास्थ्य, आय और आवास नहीं थे, उन्हें चुनने का टास्क दिया गया। वार्डों/डिवीजनों से भागीदारी नामांकन, उप-समितियों द्वारा शॉर्ट लिस्टिंग, एक मोबाइल एप का इस्तेमाल करके साक्षात्कार और ग्राम सभाओं द्वारा अंत तक अंतिम सत्यापन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एनडीए कैडेट अंतरिक्ष की संदिग्ध मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के नरैनापुर सुमेरपुर गांव के मूल निवासी 18 वर्षीय अंतरिक्ष कुमार सिंह की पुणे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार को उनका शव हॉस्टल के कमरे में छत के कुंडे से लटकता मिला। परिवार ने आरोप लगाया है कि प्रशिक्षण के दौरान एक सीनियर कैडेट द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा था, जिसके चलते यह घटना हुई। अंतरिक्ष के पिता रवि प्रताप सिंह रक्षा सुरक्षा कोर में हवलदार के पद पर गुवाहाटी में तैनात हैं। परिवार पिछले कई वर्षों से लखनऊ के तेजीबाग में रह रहा है। परिवार को जैसे ही घटना की सूचना मिली, मां सीमा सिंह सेंगर, मामा पिंकू सिंह और चाचा रावेंद्र प्रताप सिंह लखनऊ से पुणे के लिए रवाना हो गए, वहीं पिता गुवाहाटी से निकल चुके हैं। अंतरिक्ष का चयन मई 2025 में भारतीय वायुसेना में हुआ था।

### एफपीआई ने किया 3,240 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 3,240 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। शुद्ध निवेश बाजार में लगाई गई राशि और निकाली गयी राशि का अंतर होता है। इस महीने एफपीआई ने जहां इक्विटी में बिकवाली जारी रखी है, वहीं डेट में उनकी जबरदस्त खरीद जारी है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्टूबर में शुद्ध रूप से 2,091 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची है। वहीं डेट में उन्होंने 4,819 करोड़ रुपए का निवेश किया है। म्यूचुअल फंड से एफपीआई ने 82 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की जबकि हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट्स में उनका निवेश 594 करोड़ रुपए बढ़ गया।

# मोदी सरकार ने आरटीआई को किया कमजोर: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि 20 साल पहले इसी दिन डा. मनमोहन सिंह की सरकार ने शासन में पारदर्शिता लाने के लिए 'सूचना का अधिकार' (आरटीआई) कानून लागू किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इसे कमजोर करने का काम किया है।

पार्टी ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने सचाई छिपाने और अपनी कमजोरी जनता के सामने नहीं आने देने के लिए 'सूचना का अधिकार' कानून को सोची समझी रणनीति के तहत कमजोर किया। पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार ने इस काम के लिए कानून में संशोधन तक कर डाला। दरअसल उनको डर था कि जनता से किए वादों की पोल खुल न जाए इसलिए सरकार ने कानून ही बदल दिया। कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आरटीआई का मकसद था कि शासन-प्रशासन को जो जानकारी है, वह जनता को भी मिले, लेकिन मोदी सरकार इस कानून को खत्म करने में लगी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश की बागडोर संभालने के चार महीने में ही योजना आयोग खत्म कर दिया और अब उनकी योजना आरटीआई को खत्म करने की है। उनका कहना था कि सूचना आयुक्तों के पदों पर भर्ती नहीं हो रही है।

### खड़गे ने पूरण की पत्नी को पत्र लिखकर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि शोक की घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब हम चांद पर झंडा गाड़ कर गौरवान्वित हो रहे हैं, तो संविधान ने जिन लोगों पर जनता के दुख तकलीफ और पीड़ा से मुक्ति दिलाने का दायित्व सौंपा है, उनको भी सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं और यह शर्मनाक और चिंता का विषय है। खड़गे ने पूर्व आईपीएस अधिकारी की पत्नी अमनीत पी. कुमार को लिखे पत्र में कहा कि मैं पत्र को अत्यंत दुख और भावनात्मक व्यथा के साथ लिख रहा हूं।

# आजम खां को वाई कैटेगरी सुरक्षा वापस मिली

## जेल से बाहर आते ही फिर मिली सिक्योरिटी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उनकी सुरक्षा में गार्ड एवं गनर उनके आवास पर तैनात कर दिए गए हैं

**रामपुर/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां की सुरक्षा फिर से बहाल कर दी गई है। समाजवादी पार्टी के नेता को फिर से वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान गई है।

शनिवार से ही उनकी सुरक्षा में तैनात गार्ड एवं गनर तैनात कर दिए गए हैं। इससे पहले कोर्ट से दोषी करार दिए जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को दी गई 'वाई-श्रेणी' सुरक्षा वापस लेते हुए कहा था कि इसकी जरूरत नहीं थी। उन्हें लखनऊ स्थित सुरक्षा मुख्यालय से एक पत्र मिला था, जिसमें कहा गया था कि रामपुर से 10 बार विधायक रहे आजम खान को वाई-श्रेणी की सुरक्षा देने की कोई जरूरत नहीं है। वाई-श्रेणी की सुरक्षा के तहत आजम खां को तीन बंदूकधारी और सुरक्षाकर्मी दिए गए थे, जो उनके आवास पर चौबीसों घंटे तैनात रहते थे। आज़म खान ने 2022 के उत्तर प्रदेश चुनावों में रामपुर विधानसभा सीट से रिकॉर्ड 10वीं बार जीत हासिल की थी। विधायक बनने के बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था। अक्टूबर 2022 में, उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय ने आजम खान को सदन से अयोग्य घोषित करने की घोषणा की, जिसके एक दिन पहले ही अदालत ने उन्हें भड़काऊ भाषण के एक मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाई थी। लेकिन अब 23 महीने के बाद आजम खान जमानत से बाहर आए हैं। उनके जेल से बाहर आने के बाद उनसे मिलने वालों का तांता लगा हुआ है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने आजम खान के खिलाफ केस करने को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला था। अब जिस तरह से लोग उनसे मुलाकात कर रहे हैं। उनकी सुरक्षा देखते हुए उत्तर प्रदेश प्रशासन ने फिर से वाई श्रेणी की सुरक्षा बहाल कर दी है। शनिवार को बंदूकदारी और गार्ड फिर से उनके आवास पर तैनात कर दी गई है।

## योगी ने की सरदार/150 यूनिटी मार्च अभियान की शुरुआत

# पटेल के जन्मदिन पर लेंगे नशामुक्ति का संकल्प

लखनऊ, वार्ता



■ 31 अक्टूबर को पूरे यूपी में कार्यक्रम होंगे, स्वदेशी मेले से लोकल फॉर वोकल को बढ़ाया जाएगा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक चलने वाले सरदार/150यूनिटी मार्च अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान को जनता तक पहुंचाने के लिए सरकार और संगठन मिलकर पूरी ताकत से इस अभियान को चलाने का काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने पांच कालिदास मार्ग पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया जा रहा है। वह महान स्वतन्त्र सेनानी होने के साथ ही अखंड भारत के शिल्पकार भी हैं। पूरा देश हमेशा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। उन्होंने कई रियासतों को अखंड भारत में मिलाने का काम किया था। श्री आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ रियासतें ऐसे भी थीं, जो मनमानी करना चाहती थी लेकिन लौह पुरुष के सामने उनकी एक नहीं चली। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 से ही देशभर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मोदी की अगुवैत में स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी का निर्माण किया गया है। सबसे बड़ी प्रतिमा गुजरात में स्थापित हो चुकी है। यह स्थल आज पूरे देश में पर्यटन का बड़ा केन्द्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। नौजवानों के के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरदार/150यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया है। योगी ने कहा कि सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि इसके तहत 10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें प्रदेश के कलाकारों को भी शामिल किया जाएगा। पदयात्रा के माध्यम से वह 150 किलोमीटर की यात्रा में सहभागी बनेंगे। युवाओं के लिए नशामुक्त भारत अभियान शुरू किया जाएगा। सरकार और संगठन मिलकर पूरे प्रदेश में स्वदेशी मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले के माध्यम से सरकार लोकल फॉर वोकल अभियान को मजबूती से आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। इसको लेकर विधानसभा स्तर और लोकसभा स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी में दौड़ी मुंबई, मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ/मुंबई।** एकता, भाईचारे और फिट इंडिया के संदेश के साथ रविवार सुबह मुंबई की सड़कों पर हजारों युवाओं ने दौड़ लगाई। सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज) दानिश आजाद अंसारी ने प्रात: छह बजे किया। मैराथन के 10, पांच और तीन किलोमीटर वर्गों में मुंबई के विभिन्न इलाकों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए मंत्री अंसारी ने कहा कि आज मुंबई की सड़कों से पूरे देश में एकता और भाईचारे का सशक्त संदेश गया है। हजारों युवाओं की भागीदारी यह साबित करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत 2047' का संकल्प अब जन आंदोलन बन चुका है।

# राकेश टिकैत ने मायावती की रैली पर उठाए सवाल

बहराइच, वार्ता



■ श्रावस्ती में आयोजित महापंचायत में शामिल हुए

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत रविवार को उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। वह श्रावस्ती में आयोजित एक महापंचायत में भाग लेने जा रहे थे।

कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए राकेश टिकैत ने बिहार चुनाव पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव में बेईमानी हुई, तो यह बेईमानों और पूंजीपतियों की सरकार होगी और अगर ईमानदारी से चुनाव हुआ, तो सत्ता पलट जाएगी। टिकैत ने तालिबान के विदेश मंत्री के बाघा बॉर्डर को खोलने के बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि तालिबान नेता की बात सही है कि बाघा बॉर्डर खुलना चाहिए, ताकि किसानों के लिए परिवहन आसान हो सके। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती द्वारा लखनऊ में आयोजित एक हालिया रैली पर भी सवाल उठाए। टिकैत ने कहा कि मायावती विपक्ष में हैं और विपक्ष को आपस में लड़ाने का काम कर रही हैं। आजम खान की रिहाई के मुद्दे पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब उन पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं मिला तो उन्हें बकरी और मुर्गी चोरी के आरोप में 23 महीने तक जेल में रखा गया।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 81790.12
निफ्टी 25077.65
सोना रु. 125230 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 180000 प्रति किलो

# महंगाई के आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता

## सेंसेक्स व निफ्टी बढ़त के साथ बंद



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर महंगाई के आंकड़ों के साथ कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी होगी। आने वाले सप्ताह में खुदरा महंगाई और थोक महंगाई के सितम्बर के आंकड़े जारी होने हैं। इसके अलावा कई दिग्गज कंपनियों की तिमाही परिणाम भी बाजार को प्रभावित कर सकते हैं।

बीते सप्ताह बाजार में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,293.65 अंक (1.02 प्रतिशत) की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82,500.82 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 391.10 अंक यानी 1.75 फीसदी चढ़कर 25,285.35 अंक पर पहुंच गया। चौतरफा लिवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियां के शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.56 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-50 सूचकांक 1.43 प्रतिशत चढ़ा। बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में जबरदस्ती तेजी रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 7.28 प्रतिशत चढ़ा।

इंफोसिस में 4.68 फीसदी, टीसीएस में 4.35 फीसदी और टेक मलहद्रा में 4.03 फीसदी की तेजी रही। इटरनल का शेयर 6.06 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बजाज फाइनेंस में 3.44 प्रतिशत, मारुति सुजुकी में 2.98 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.32 और भारतीय एयरटेल में भी 2.32 प्रतिशत की तेजी देखी गई। टाइटन का शेयर 2.29 प्रतिशत, सन फार्मा का 2.25 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट का 2.16 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.67 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक का 1.58 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। एलएंडटी के शेयर में 1.37 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.36 और आईसीआईसीआई बैंक में 1.15 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 5.16 फीसदी लुढ़क गया। ट्रेंट में 2.60 फीसदी, एशियन पेंट्स में 0.76, अडानी पोर्ट्स और एनटीपीसी दोनों में 0.70, और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 0.60 फीसदी की गिरावट रही।

### धनतेरस से पहले सोने-चांदी की कीमतों में तूफानी तेजी

**नई दिल्ली।** धनतेरस से पहले सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर उछाल आया है। 12 अक्टूबर को सराफा बाजारों में सोने और चांदी दोनों की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। त्योहारों का मौसम चल रहा है, लेकिन सोने-चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। आईबीजेए के अनुसार कीमतों में गिरावट कम और तेजी होने से सोने और चांदी की कीमतों ने रिकॉर्ड बना दिया है। चांदी की कीमत भी ऑल टाइम हाई पर है। आज 12 अक्टूबर 2025 को 24 कैरेट सोने का भाव 125230 रुपये प्रति 10 ग्राम है। चांदी की कीमतों की बात करें तो आज चांदी की कीमत 1,80,000 लाख रुपये प्रति किलाग्राम है। देश में फेस्टिव सीजन शुरू है। इस सीजन में लोग गोल्ड-सिल्वर की जमकर खरीदारी करते हैं। ऐसे में खरीदारों के लिए सोने-चांदी खरीदना महंगा हो गया है। धनतेरस-दिवाली पास है, इसलिए इस अवसर पर लोग खूब सोना-चांदी खरीदने का प्लान कर रहे होंगे। इनकी कीमतें लगातार घटती-बढ़ती है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,25,230 रुपये प्रति 10 ग्राम है, तो मुंबई में 1,25,080, चेन्नई में 1,25,460, कोलकाता में 1,25,460, जयपुर में 1,25,230, लखनऊ में 1,25,230, चंडीगढ़ में 1,25,230 और अहमदाबाद में 1,25,130 रुपये है। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं, जैसे वैश्विक सोने की मांग, विभिन्न देशों की मुद्राओं का मूल्य और ब्याज दरें आदि।



# दाल, खाद्य तेल, चीनी महंगे, चावल-गेहूं नरम

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही। गेहूं की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। वहीं चीनी, खाद्य तेल और दालों के भाव बढ़ गए। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 37 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,774.53 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं भी 26 रुपए सस्ता होकर 2,849.28 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपए उतरकर सप्ताहांत पर 3,314.32 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 33 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी।

पाम ऑयल में भी 20 रुपए की तेजी रही। मूंगफली तेल 166 रुपए और सोया तेल 56 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 91 रुपए और वनस्पति की 79 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 14 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत दो रुपए और मूंग दाल की 30 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 105 रुपए और उड़द दाल 82 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव 31 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी में भी 43 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7877.80 रुपए, मसूर काली 8144.80 रुपए, मूंग दाल 10108.98 रुपए, उड़द दाल 10453.79 रुपए, अरहर दाल 10525.29 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: गेहूं दड़ा 2849.28 रुपए और चावल 3774.53 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4350.07 रुपए और गुड़ 5023.14 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17907.00 रुपए, मूंगफली तेल 17680.12 रुपए, सूरजमुखी तेल 15578.12 रुपए, सोया रिफाइंड 13802.48 रुपए, पाम ऑयल 12488.26 रुपए और वनस्पति 14532.62 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# जिहाद के जनक तालिबान को गले लगा रही बीजेपी: महबूबा

**श्रीनगर।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के भारत दौरे को लेकर जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए उस पर तालिबान के साथ संबंध बनाते हुए भारत में मुसलमानों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट लिखा कि लव जिहाद, भूमि जिहाद, वोट जिहाद और गाय जिहाद के नाम पर भाजपा अपनी ही मुस्लिम आबादी को निशाना बना रही है और उन्हें बदनाम करने वाले नारे लगा रही है। इस बीच भारत, जो लोकतंत्र की जननी है, भाजपा के नेतृत्व में जिहाद के जनक तालिबान को गले लगा रहा है। महबूबा मुफ्ती ने मुस्लिम छात्रों के लिए छात्रवृत्ति वापस लेने के सरकार के फैसले की आलोचना की और इसे दोहरा मापदंड बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा- भारत ने अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए हर तरह की सहायता देने का फैसला किया है, जिसमें अफगान छात्रों के लिए शैक्षिक छात्रवृत्ति भी शामिल है। अफगानिस्तान के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन इससे एक स्पष्ट विरोधाभास पैदा होता है कि भारत की अपनी मुस्लिम आबादी, जिसने देश की पहचान और प्रगति में योगदान दिया है, उसे बुनियादी अधिकारों और अवसरों से वंचित किया जा रहा है। मुस्लिम छात्रों के लिए छात्रवृत्ति वापस लेना इस आंतरिक दोहरे मापदंड को उजागर करता है।

### पत्नी की हत्या कर पति ने खुद भी दे दी जान

**फतेहपुर।** पति ने अवैध संबंध के शक में गोली मारकर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद खुद की भी जान ले ली, घटना शनिवार रात की है। युवक 2 सप्ताह पहले ही दिल्ली से घर लौटा था। घटना की जानकारी पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के लम्हेटा गांव में मुकेश निषाद (35), पत्नी गुड़िया देवी (30) के साथ रहता था। परिवार में 3 मासूम बेटिया हैं। मुकेश दिल्ली में रहकर कोई काम करता था। थानाध्यक्ष गाजीपुर हनुमान प्रताप सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि त्योहारों के कारण मुकेश 2 सप्ताह पहले ही गांव लौट आया था। थानाध्यक्ष के अनुसार मुकेश को शक था कि उसकी पत्नी के अवैध संबंध पड़ोसी युवक से हैं। इसे लेकर दंपति के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा था।

# हर विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार: सपा

लखनऊ, वार्ता



■ डा. लोहिया के सपने को साकार करने का संकल्प लिया

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनको नमन किया। उन्होंने गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क पहुंचकर डा. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद बीजेपी पर जुबानी हमला बोला।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा प्रस्तुत एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार महिलाएं बड़े पैमाने पर असुरक्षित हैं। भाजपा अपनी नाकामी छिपाना चाहती है। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक उत्पीड़न और अन्याय लगातार हो रहा है, हर विभाग में भ्रष्टाचार है। जिन विभागों को उत्तर प्रदेश के लोगों को सुविधाएं और सहायता प्रदान करनी चाहिए, उनके नौ साल के शासन के दौरान हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। सपा मुखिया ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की पत्रकार वार्ता में महिला पत्रकारों की एंट्री बैन होने के सवाल पर कहा कि इस पर हम कुछ नहीं कह सकते, यह भारत सरकार की विदेश नीति का मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी अपनी नाकामी छुपाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार हर विभाग में बहुत ज्यादा ही हो रहा है। एक लेखपाल के पास 100 करोड़ की संपत्ति होना इस सरकार की असल तस्वीर दिखाती है। थाने में शिकायतें नहीं लिखी जा रही हैं और सरकार कानून व्यवस्था दुरुस्त होने की बात करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेपीएनआईसी को बेचने की कोशिश उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है, लेकिन मेरे रहते ऐसा नहीं हो पाएगा। यह सरकार विकास कार्य को खत्म कर बर्बाद करने में लगी है।

नेताजी मुलायम सिंह यादव के समय जो पार्क बना था, तब एक भी पेड़ नहीं काटा गया, यही समाजवादी सोच है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जातिवाद के आधार पर अधिकारियों की तैनाती कर रही है। कई जिलों में पीडीए का अधिकारी तक नहीं है। यह सरकार आरक्षण छीनने का काम कर रही है, बाजार को विदेशी कंपनियों के हवाले कर रही है और स्वदेशी की बात करती है, असल में यह मन से विदेशी है। उन्होंने आरोप लगाया कि डा. लोहिया का सपना समाज में समानता और न्याय था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भाकियू टिकैत ने किया हाइवे जाम

## पुलिस की कार्रवाई से नाराज होकर उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक विवादित मामले में की गई पुलिस कार्रवाई से नाराज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को नगर के गोलघर के सामने स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। किसानों का आरोप था कि पुलिस जनप्रतिनिधि के दबाव में काम कर रही है और दो युवकों को जांच के बावजूद गलत तरीके से जेल भेजा गया।

ग्राम पहाड़पुर इनायत निवासी नैन सिंह को चोट लगने के प्रकरण में पुलिस ने पहले जितेंद्र पुत्र सोमपाल व पटेल पुत्र समरपाल को पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। लेकिन बाद में मुकदमा दर्ज कर पुनः गिरफ्तार कर जेल भेज

**■ जनप्रतिनिधियों के दबाव में दो युवकों को जेल भेजने का आरोप**

दिया गया। इसी से नाराज कार्यकर्ता व परिजन भड़के और हाईवे जाम कर दिया। किसानों ने करीब एक घंटे तक चांदपुर स्टेट हाईवे अवरुद्ध रखा। इससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। नारेबाजी के बीच माहौल गरमाता रहा। सूचना पर सीओ अंजलि कटारिया मौके पर पहुंचीं और किसानों से बातचीत की। न्यायसंगत जांच का आश्वासन देने पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने जाम खोल दिया उधर, ग्राम निवासी मनोज कुमार ने नैन सिंह व हर्ष पुत्र सीताराम पर मारपीट और दबंगई का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है, जिससे मामला और पेचीदा हो गया है। भाकियू नेता गुरमीत सिंह, सोविर सिंह, रवि राठी, तुषार दहिया समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। किसानों ने स्पष्ट किया कि न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा, जबकि पुलिस ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया है।



■ मंडी धनौरा। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में जाम लगाती भाकियू।

# नौकरी के नाम पर युवक से ठगे दो लाख

## आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से दो लाख रूपये ठग लिये गये। कई बार तकाजा करने के बाद भी जब आरोपी ने पैसे नहीं लौटाए तो उसके खिलाफ पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

मामला शहर के मोहल्ला मजापोता का है। यहां रहने वाले मोहम्मद आजम के मुताबिक मोहल्ला सराय कोहना में रहने वाले जाफर रजा से उसके अच्छे ताल्लुकात थे। मई 2024 में जाफर ने सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही। बताया कि सिर्फ दो लाख रुपये का खर्च में आएंगे और तुम्हारी अच्छी नौकरी लग जाएगी। झांसे में आकर आजम ने जाफर को 1.45 लाख रुपये नकद तथा बाकी 55 हजार रुपये खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए थे। इसके बाद जाफर ने शहर का अपना मकान बेच दिया और परिवार के साथ संभल जिले के कस्बा सिरसी में नया मकान बनाकर रहने लगा। न तो नौकरी लगवाई और न ही पैसे वापस किए। आजम ने जब तकादा किया तो उल्टा उसे जान से मारने की धमकी दी तथा पैसे लौटाने से मना कर दिया। परेशान होकर पीड़ित ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में आरोपी जाफर रजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।




■ गजरौला। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की तलाशी लेते शिक्षक।

# पीसीएस प्री परीक्षा से साढ़े आठ हजार रहे नदारद

## शिव इंटर कालेज गजरौला में सबसे ज्यादा रहे अनुपस्थित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पीसीएस, एसीएफ व आरएफओ परीक्षा में आधे से अधिक अभ्यार्थियों ने किनारा कर लिया। परीक्षा में सम्मनित 14 हजार 16 परीक्षार्थियों में पांच हजार 423 अभ्यार्थी परीक्ष देने पहुंचे। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

रविवार को जिले में 15 केन्द्रों पर पीसीएस, एसीएफ व आरएफओ की प्री. परीक्षा सम्पन्न हुई। शिव इंटर कालेज गजरौला के परीक्षा केन्द्र पर दोनो पालियों में सबसे ज्यादा अभ्यार्थी अनुपस्थित रहे। यहां पहली पाली में पंजीकृत 480 में से 167 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। इस पाली में 313 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से दूरी बना ली। दूसरी पाली में भी यहां पंजीकृत अभ्यर्थियों में 165 ही

**■ पीसीएस, एसीएफ व आरएफओ परीक्षा सम्पन्न**

परीक्षा देने पहुंचे जबकि 315 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। परीक्षा केन्द्र में जाने से पहले अभ्यार्थियों को बायोमेट्रिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने कई केन्द्रों पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। सभी केन्द्रों पर खास नजर रखी गई। परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिये पिछले कई दिन से प्रशासन इसकी तैयारी में लगा था। कई निरीक्षकों को खास निर्देश दिये गये थे कि किसी भी अभ्यर्थी पर जरा भी शक हो तो उसकी पूरी जांच की जाये। दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण सम्मन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। उधर अभ्यार्थियों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पहले की रूट डायवर्ट कर दिया था। कार समेत भारी वाहनों की शहर में नो एंट्री कर दी गयी थी। ताकि परीक्षा के दौरान उन्हें जाम जैसी समस्या का सामना न करना पड़े।

### परीक्षा छूटते ही जाम ने रूलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** परीक्षा छूटते ही जब अभ्यार्थियों की भीड़ सड़कों पर उतरी तो यहां जाम जैसे हालत हो गये। काफी देर में उन्हें जाम में फंसना पड़ा। आज हुई पीसीएस, एसीएफ व आरएफओ की परीक्षा देने के लिये अभ्यार्थियों की भारी भीड़ पहुंची। पहली पाली जब साढ़े 11 बजे छूटी तो सड़क पर अभ्यार्थियों की भीड़ दिखाई दे रही थी। जिस कारण कई मार्गो पर जाम जैसे हालात रहे। यही हाल सांय साढ़े चार बजे रहा। परीक्षा के दौरान सड़कों पर भीड़ नजर आ रही थी। जिससे अभ्यार्थियों के साथ आम जनता को भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। उधर शहर में कार समेत भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहा।

### सभी केन्द्रों पर कड़ी रही सुरक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** परीक्षा के लिये बनाये गये सभी 15 केन्द्रों पर सुरक्षा पूरी तरह चौकचौबंद की गई थी। यहां किसी को भी फटकने नहीं दिया गया। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात किया गया। ताकि किसी भी परेशानी से समय से निपटा जा सके। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों के समीप स्थित फोटो स्टेट की दुकानों को भी बंद करा दिया गया। परीक्षा केन्द्रों के समीप किसी भी बाहरी व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं थी। यहां तैनात पुलिस कर्मियों ने पूरी मुस्तैदी से अपने काम को अंजाम दिया। परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण सम्पन्न कराई गई। जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# पोस्ट मास्टर व गार्ड के खिलाफ रिपोर्ट

## बीते दिन सिपाही व पत्नी से हुई थी मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सिपाही के साथ मारपीट के मामले में मुख्य डाकघर का पोस्टमास्टर व गार्ड फंस गये है। दानों के खिलाफ जानलेवा हमले, छेड़छाड़, धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

शनिवार सुबह करीब दस बजे की घटना शहर के कोट चौराहा स्थित प्रधान डाकघर की है। नौगावां सादात क्षेत्र के एक गांव निवासी सिपाही की तैनाती फिलवक्त जौनपुर जिले की पुलिस लाइन में है। वह अपनी पत्नी के साथ बेटे का आधार कार्ड बनवाने के लिए डाकघर आया था। फार्म लेने को लेकर सिपाही की डाक कर्मियों से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद डाकघर कर्मियों ने सिपाही व उसकी पत्नी की घेरकर पिटाई कर दी थी। काफी देर तक हंगामा चलता रहा था। शोर मचने पर डाकघर में बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई थी। वहीं, आरोपियों ने बचाव में आई सिपाही की पत्नी के साथ भी मारपीट की थी। मौके पर मौजूद गार्ड लटूर सिंह ने दो राउंड हवाई फायरिंग भी की थी। डाकघर कर्मियों ने सिपाही का जबरन मोबाइल छीन डाटा डिलीट कर दिया था। साथ ही पुलिस के पहुंचने से पहले डाकघर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी डीवीआर से रिमूव करा दी थी। घटना के बाद डाकघर में आधार कार्ड बनाने का काम बंद कर दिया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस गार्ड को पकड़ कर कोतवाली ले आई थी। उसकी लाइसेंसी राइफल जब्त कर ली थी। देर रात तक दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास चला लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसके बाद सिपाही की पत्नी की ओर से मामले में पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने पोस्टमास्टर अमित यादव व गार्ड लटूर सिंह के खिलाफ जानलेवा हमला, छेड़छाड़, धमकी देने तथा शांतिभंग करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## डीएम-एसपी ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं एसपी अमित कुमार आनंद ने कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। दोनों अधिकारियों ने सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट को जरूरी निर्देश भी दिये जाते रहे। परीक्षा को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन पिछले कई दिन से तैयारी कर रहा था। जिसे लेकर डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद लगातार मंथन कर स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दे रहे थे। रविवार को सम्पन्न हुई परीक्षा के दौरान डीएम व एसपी ने कई केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अभ्यार्थियों के एडमिट कार्ड आदि पर भी नजर डाली।

# शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई पीसीएस परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज व शिव इण्टर कॉलेज में बने परीक्षा केन्द्रों पर पीसीएस प्री की परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा

**■ नगर में शिव इण्टर व ज्ञान भारती बने परीक्षा केन्द्र**

केन्द्रों के आसपास की स्टैशनरी, फोटो कॉपी आदि की दुकानें बंद रखवाई गईं। दोनों केन्द्रों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पहली पाली सुबह 09:30



बजे से 11:30 मिनट तक जबकि दूसरी पाली 02:30 से सांय 04:30 बजे तक रही। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र व पहचान पत्र देखकर व चैकिंग के उपरांत ही प्रवेश दिया गया।

### इंदिरा चौक से चौपला तक बने जाम के हालात

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पीसीएस परीक्षा छूटने के बाद एक साथ परीक्षार्थियों की भीड़ निकलने के कारण यातायात का दबाब बढ़ गया, इस कारण इंदिरा चौक से चौपला तक जाम के हालात बन गए। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने कड़ी मशक्क्त के बाद जाम खुलवाने में सफलता पाई और आवागमन सुचारू हुआ।

# कम राशन देने पर डीलर से भिड़े कार्ड धारक

## वीडियो वायरल होने से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कार्ड धारकों की राशन कम दिये जाने को लेकर डीलर से नोंकझोक हो गई। सोशल मीडिया पर नोंकझोक का वीडियो वायरल हो रहा है।

गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव दुल्हीपुर अहीर के ग्रामीणों ने राशन डीलर पर प्रति यूनिट 5 किलो के स्थान पर 4 किलो खादान्न दिये जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि राशन डीलर मानक के अनुसार कार्ड धारकों को खादन्न नहीं देता है। ग्रामीण राशन डीलर से यूनिट के हिसाब से खादन्न देने के लिए कहते हैं तो वह गाली गलौज करने के साथ देख लेने की धमकी देता है। ग्रामीण द्वारा हंगामा काटे जाने के बाद राशन डीलर से उनकी नोंकझोक होने लगी। जब के राशन डीलर का कहना था कि वह खादन्न का पूरा वितरण करता है। किसी ने राशन डिलर व ग्रामीणों के बीच हो रही नोंकझोक का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया का वायरल कर दिया। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि मामला संज्ञान में है। इसकी जांच की जा रही है। जांच करने के बाद ही दोषी पाये जाने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# सच्चे समाज सेवक थे लोहिया: विजयपाल

## सपाईयों ने पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा कार्यकर्ताओं द्वारा समाज सुधारक डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

लोहिया नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते पूर्व जिलाध्यक्ष डा. विजयपाल सैनी ने कहा कि डा. राम मनोहर लोहिया दलितों, पिछड़ों तथा अल्पसंख्यकों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने हर वर्ग का सम्मान किया तथा उनकी आवाज को प्रमुखता से उठाया। सामाजिक व्यवस्था और राजनीतिक के प्रति उनका अपना अलग ही नजरिया था। आज समाज में कुछ मनुवादी लोग दूसरों का खुलेआम शोषण कर रहे है। ऐसे लोगों से हमें सावधान रहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में हर वर्ग का उत्पीड़न किया जा रहा है। किसानों में खाद के लिये हा-हाकार मचा है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिये वैज्ञानिक सोच, किसानों की तरक्की व शिक्षा बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में संतराम सिंह यादव, मुख्तार नकवी, शाहिद मलिक, आलोक भारती, महेश यादव, मुमताज खां, अतीक अहमद, राधेलाल रघुवंशी, सुरेन्द्र यादव, आलम शेख, धर्मेन्द्र पवार, खलील अहमद, रजनीश यादव, जुबैर खां मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी ने किया।

# कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मारी, चालक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तेज गति से ओवरटेक कर रहे कैंटर ने ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई।शनिवार कि रात गजरौला मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। धान लादकर गढ़मुक्तेश्वर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे आलू से लदे कैंटर ने ओवरटेक करते समय जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर चला रहे संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव केसरपुर निवासी 30 वर्षीय किसान भूपेंद्र यादव पुत्र प्रताप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के



लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी संगीता और एक 5 साल का मासूम बेटा रजत छोड़ गया है। मृतक खेती किसानी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

# त्रिमूर्ति शेषनाग धाम पर कार्तिक महोत्सव महारास शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गांव मछरई के त्रिमूर्ति शेषनाग धाम पर कार्तिक महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के महारास का कार्यक्रम विधि-विधान से पूजन के साथ प्रारंभ किया गया। पूजन और अनुष्ठान आचार्य मदन भारद्वाज की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास ने भी विधि-विधान से पूजन किया। यह आयोजन धर्मपरायण और भक्तिमय वातावरण में शुरू हुआ, जिसके साक्षी सैकड़ों भक्त बने। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए त्रिमूर्ति शेषनाग धाम सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्यगण सक्रिय रूप से मौजूद रहे। पूजन में मुख्य रूप से समिति के पदाधिकारी जैसे सुनील कुमार चौहान,बबलू चौहान,बंटी कुमार सैनी, बृजपाल सिंह जाटव, पिंटू चौहान, मदनपाल सैनी,और इंद्रपाल सिंह एडवोकेट उपस्थित थे। महारास के शुभारंभ के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का माहौल बन गया है। यह महोत्सव आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग दें किसान

## दलहन फसलों की पैदावार पर ध्यान दें किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कृषि विज्ञान केंद्र पर पीएम धन-धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भर मिशन तथा पशुपालन एवं मत्स्य की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अमरोहा जनपद के किसानों एवं कृषक महिलाओं को दिखाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 42000 करोड़ से अधिक की कृषि आधारित परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया, जिसमें उन्होंने 11000 हजार करोड़ की दलहन आत्मनिर्भर परियोजना पर विशेष रूप से किसान भाइयों का ध्यान आकर्षित

**■ कृषि विज्ञान केन्द्र पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

किया। उन्होंने कहा अपना देश दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं है, इसलिए किसान दलहन फसलों का अधिकाधिक उत्पादन करें। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ0एके मिश्र ने दलहन उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकी के विभिन्न बिंदुओं पर किसानों को जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ0 अमित तोमर, डॉ0सतपाल सिंह, डॉ0प्राची पटेल ने विचार व्यक्त किए, जबकि कृषि विभाग के सर्वेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

# स्वदेशी अपनाकर विकास में दें सहयोग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिये हम सभी को अपने जीवन में स्वदेशी को अपनाना होगा।

जेएस हिन्दू इंटर कालेज के मैदान में चल रहे ट्रेड फेयर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने लोगों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक हम स्वदेशी वस्तुओं को जीवन में नहीं अपनायेंगे तब तक देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा देश की अर्थव्यवस्था को मजदूर करने का काम लगातार किया जा रहा है। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि दीपावली पर हम सभी को अपने घरों को रोशन करने के लिये स्वदेशी चीजों पर फोकस करना चाहिये। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो, आशा चन्द्रा, धनौरा पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अभिनव कौशिक, ब्रजेश चौधरी, पूरन सिंह, राकेश वर्मा, भूप सिंह बेनिवाल, विकास, अमित सैनी, डा. राम प्रवेश, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने में दे सहयोग

## गुंडाराज खत्म होने से निवेश का हब बना उत्तर प्रदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार विकास के नए आयाम स्थापित करने में लगे हैं। पहले जहां यूपी को गुंडागर्दी के जाना जाता था वहीं योगी राज में यहां निवेश करने वालों की संख्या कई गुना बढ़ गयी है।

कार्यक्रम में धर्मवीर प्रजापति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमग ाड्र्स विभाग एवं नागरिक सुरक्षा विभाग ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीएसटी से होने वाले लाभों और आत्मनिर्भर भारत अभियान में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। अमरोहा-बिजनौर मार्ग स्थित एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंम मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके कि या गया। अपने संबोधन में धर्मवीर प्रजा. पति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य पर जोर दिया और कहा कि देश व प्रदेश की सरकार सुरक्षा को लेकर गंभीर है, जिससे निवेश में तेजी आई है। जीएसटी के लाभों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में 47 प्रतिशत तक टैक्स लिया जाता था और केवल 65 लाख व्यक्ति ही कर देते थे। वर्तमान में 1.5 करोड़ व्यक्ति कर देने में सक्षम हुए हैं और जीएसटी का सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है, जिससे नागरिकों की क्रय क्षमता बढ़ी है। उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत की परिक ल्पना को साकार करने का आह्वान किया। इस दौरान शिक्षक विधायक डॉ. हरिसिंह ढिल्लो और अमरोहा पालिका चेयरमैन शशि जैन ने भी सरकार उपलब्धियों गिनाई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, महामंत्री राकेश वर्मा, पूरन सिंह सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश त्यागी, महेंद्र प्रजापति, देशराज गोले, कैलाश गोले समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में क ार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार गोले ने सभी का आभार जताया।

**■ जीएसटी की घटी दरों का सभी को मिलेगा लाभ**



■ अमरोहा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति का स्वागत करते भाजपाई।

# दो सगी बहनों को गायब करने में मुकदमा

## किशोरियों के गायब होने से परिजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** वीडियो बनाने के बहाने दो सगी बहनों को ले जाकर गायब करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है.

हसनपुर सर्किल क्षेत्र के थाना आदमपुर के गांव सांथलपुर निवासी शिवराज पुत्र कृपाल सिंह का कहना था कि दो मां पहले रामपाल पुत्र ना मालूम ग्राम बड़ा माजरा थाना आदमपुर ने उसकी बेटी 19 वर्षीय व 14 वर्ष की बेटियों के साथ वीडियो बनानी शुरू की थी। रामपाल वीडियो बनाकर यूट्यूब पर डालता था। एक माह पहले रामपाल ने सुरेंद्र पुत्र जसवंत ग्राम कटीरी थाना नरसेना जिला बुलंदशहर के साथ उसकी दोनों बेटियों की वीडियो बनाई थी। 9 अक्टूबर की शाम सुरेंद्र उसकी दोनों बेटियों का वीडियो बनाने के बहाने अपने साथ ले गया। पीड़ित पिता का कहना है कि उसकी बेटियों का कोई अता पता नहीं है। उसने दोनों बेटियों से बात करने का काफी प्रयास किया है। लेकिन वह सफल नहीं हो सका। पिता की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र पुत्र जसवंत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## साले से मारपीट में चार पर केस

**जोया।** बहन के घर करवाचौथ का सामान देने आये भाई की पिटाई कर दी। बहनोई समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शाहवाजपुर डोर का रहने वाला राजा अपनी बहन के घर नगर के मौहल्ला जाटव कालोनी में करवाचौथ का सामान देने आया था। इस दौरान किसी बात पर उसकी बहनोई विपिन कुमार से कहासुनी हो गई। जिस पर बहनोई ने अपने भाई सतीश कुमार, अजय व दीनू के साथ मिलकर राजा को पीट दिया। जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान काफी देर तक हंगामें की स्थिति बनी रही। घायल राजा डिडौली कोतवाली पहुंचा तथा बहनोई तथा उसके भाईयों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तिगरी मेले में आग की घटनाएं रोकने को मुस्तैद रहेगा दमकल विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा धाम तिगरी में आयोजित होने वाले ऐताहासिक मेले में आग की घटनाओं को रोकने के लिए अग्शिमन विभाग ने भी खाका तैयार कर लिया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर मेले के लिए अग्निशमन गाड़ियों व अन्य संसाधनों के साथ साथ अग्निशमन अधिकारियों व कर्मचारियों की मांग की है। 28 अक्तूबर से 06 नवम्बर के बीच आयोजित होने वाले मेले में 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। मेले में मुख्य अग्निशमन केन्द्र हर बार की तरह सदर चौक के पास में ही बनेगा, जबकि प्रत्येक सेक्टर में अग्निशमन चौकी बनाई जाएगी। इसके साथ ही बाजारों में अग्निशमन विभाग द्वारा अधिक सतर्कता बरती जाएगी। मेले में श्रद्धालुओं व दुकानदारों को आग की घटनाओं लेकर सजग भी किया जाएगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में 10 बड़ी अग्निशमन गाड़ी, 12 वाटर मिस्ट हाई प्रेशर मय आवश्यक उपकरण तथा चालक एवं लीडिंग फायरमैन, 08 फायर क्विक रेस्पांस व्हीकल मय मय आवश्यक उपकरण तथा चालक एवं लीडिंग फायरमैन, 08 बोलेरो कैम्पर मय पोर्टेबुल पम्प मय आवश्यक उपकरण तथा चालक एवं लीडिंग फायरमैन, 10 बुलेट मोटर साइकिल मय चालक व फायरमैन, 02 अ ग्निशमन अधिकारी, 12 अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, 08 लोडिंग फायरमैन, 08 फायर सर्विस चालक, 50 फायरमैन, 10 कुक, 20 रस्से, 20 रैस्क्यू कांटा, 20 ड्रैगन टार्च, 48 लाइफबाय रिंग की मांग की है। सीएफओ ने बताया कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेले में आग की घटनाओं को रोकने के लिए अग्निशमन विभाग पूरी तरह से सतर्क रहेगा। पुलिस अधीक्षक मांग पत्र भेजकर तिगरी मेले के लिए आवश्यक संसाधनों व कर्मचारियों की मांग की गई है। मेले में प्रत्येक सेक्टर में अग्निशमन चौकी बनाई जाएगी तो वहीं बाजारों और सघन क्षेत्र में अधिक सतर्कता रहेगी। मेले में श्रद्धालुओं व दुक. ानदारों को आग की घटनाओं लेकर सजग भी किया जाएगा। कर्मचारी लगातार पैट्रोलिंग करेंगे।

**■ सीएफओ अनिल सिंह ने भेजा डिमांड लेटर**

## अवैध रूप से शराब बेचती महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना पुलिस ने एक महिला को अवैध रूप से देशी शराब बेचते समय गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में रखे देशी शराब के 50 पव्वे भी बरामद हुए। शनिवार को उपनिरीक्षक अनिल कुमार हमराहों के साथ बारसाबाद गांव में गश्त कर रहे थे कि पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला अपनी दुकान से अवैध रूप से देशी पव्वे बेच रही है। यह जानकारी मिलने पर पुलिस ने महिला की दुकान पर पहुंचकर छापेमारी की तो वहां पर दो व्यक्ति शराब के पव्वे खरीदते हुए मिले। दुकान में तलाशी ली गई तो यहां पर एक प्लास्टिक के कट्टे में रखे हुए देशी शराब के 50 पव्वे भी पुलिस को मिले।

## हर्ष का प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टीम में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव तरौली के प्रतिभावान छात्र हर्ष शर्मा का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-14 क्रिकेट टीम में हुआ है। हर्ष अब 14 अक्टूबर को गोरखपुर में होने वाली राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम हिस्सा होंगे। इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे गांव और स्कूल में खुशी का माहौल है। तरौली निवासी शिक्षक हरीश शर्मा के बेटे हर्ष शर्मा स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल छपना में कक्षा नौ के छात्र हैं। हर्ष ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन 30 सितंबर को बिजनौर में आयोजित मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में किया। जहां उन्होंने एक बेहत. रीन ऑलराउंडर की भूमिका निभाई। उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए ही उनका चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-14 टीम के लिए किया गया है।

# भागवत कथा मोक्ष का द्वारः महावीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के चुबका गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के प्रथम दिन भव्य कलशयात्रा निक. ाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीत गाते हुए नगर भ्रमण पर निकलीं। कलशयात्रा के बाद कथा स्थल पर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ कथा का शुभारंभ हुआ।कथा वाचक आचार्य महावीर शास्त्री ने अपने मधुर वचनों से भक्तों को श्री सूतजी महाराज द्वारा नीवसार क्षेत्र में 88 हजार ऋषियों के मध्य श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का अद्भुत प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि यह मानव जीवन को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की दिशा दिखाने वाली दिव्य संहिता है। जैसे सूतजी ने ऋषियों को कथा सुनाकर उनके मन से मोह और अज्ञान का अंधकार मिटायाद्य वैसे ही भागवत श्रवण से जीव के जीवन में आनंद और शांति का संचार होता है।कथा के दौरान पूरा मंदिर परिसर 'हरि बोल' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालु कथा श्रवण में तल्लीन होकर भावविभोर नजर आए। इस अवसर पर रिंकू कपासिया, अंकित कपासिया, चन्द्रमणि, प्रयोम पटेल, जोगेन्द्र कपासिया, पीयूष कोहली, शगुन कोहली, प्रियांशु कोहली, शोभित कोहली ,योगेश कोहली ,मोहित कोहली, सुनीता देवी, जुगलेश, प्रतिभा कपाड़िया, मोनिका कपासिया, खुशी कपासिया, सदन कपासिया ,बबीता ऊर्फ धानी, सर्बेश देवी, चन्द्रकली देवी, काजल कपासिया मौजूद रहे।

## तिगरी मेले में फसलें कटनी शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मेले क्षेत्र में आ रही गन्ने की फसल का कटान शुरू हो गया है। एसडीएम द्वारा मेले क्षेत्र में नियुक्त किये गए लेखपालों ने अपनी मौजूदगी में फसल कटवाने का कार्य प्रारम्भ कराया। रविवार को लखनऊ में तैनात प्रशासनिक अधिकारी के फॉर्म हॉउस में फसल काटी गयी, क्यूंकि इस फॉर्म हॉउस में खड़ी गन्ने की फसल का काफी हिस्सा गंगा रोड में आ रहा है, जिससे सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही थी, शनिवार को एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने भी मेला क्षेत्र का भ्रमण करके सात दिन के भीतर फसल कटवाने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत यह काम शुरू कराया गया।

## चालक को झपकी आने से रेलिंग से टकराई कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** मनौना धाम से वापस लौटते समय एक कार ब्रजघाट पुल के पास रैलिंग से टकरा गई, हालांकि एयर बैग खुल जाने के कारण कार सवार पिता पुत्र सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार नॉएडा निवासी सुभाष और उसके पिता राम तपस्या रविवार की शाम को मनौना धाम से दर्शन करके लौट रहे थे, जब इनकी कार ब्रजघाट चौकी के पास पहुंची तो कार चला रहे सुभाष को नींद आने से कार रैलिंग से टकरा गई, हालांकि तुरंत एयर बैग खुल जाने के कारण कार सवार पिता पुत्र सुरक्षित रूप से बच गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## स्वेदशी संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** व्यापारियों द्वारा स्वदेशी संकल्प यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें स्वदेशी अपनाने की लोगों से अपील भी की। मेरठ से व्यापारियों की स्वदेशी संकल्प यात्रा संभल के एचोड़ा कल्कि धाम जा रही थी। आज जब यह यात्रा कस्बे में पहुंची तो व्यापारियों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय विचार प्रमुख डा. राजीव कुमार ने कहा कि हमे देश के विकास के लिये स्वदेशी सामान को अपनाना चाहिये। स्वागत करने वालो में कपिल, सुधांशू विश्नोई, मयंक कुमार मोनू, दीपक गुप्ता, बब्लू गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, सुनील गुप्ता, विपिन गुप्ता, संजीव तोमर, विनीत गुप्ता, हरेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह शामिल थे।

## बीमारी से ग्राम प्रधान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** बीमारी के चलते श्यामपुर गांव के रहने वाले ग्राम प्रधान कृपाल सिंह (60) की मौत हो गई। वह एक साल से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। परिजनों के मुताबिक ग्राम प्रधान कृपाल सिंह के परिवार में पत्नी गंगादेई के अलावा छह बेटे हैं। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## कृष्ण-सुदामा मिलन की कथा सुन हुए भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के कपासी गांव स्थित शिव मंदिर पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के सातवें और अंतिम दिन भक्ति एवं श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बृंदावन से पधारे कथा वाचक श्री सुमित बाल गोपाल महाराज ने कृष्ण और सुदामा मिलन की भावपूर्ण कथा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बालसखा सुदामा का सत्कार कर यह संदेश दिया कि सच्चा मित्र वही होता है जो विपत्ति और समृद्धि दोनों में समान भाव रखता है। सुदामा चरित्र से यह शिक्षा मिलती है कि भक्ति और सच्चे प्रेम से ईश्वर प्रसन्न होते हैंद्य धन या वैभव से नहीं।कथा के दौरान मंदिर परिसर ष्राधे-कृष्णष और ष्हरे राम हरे कृष्णष के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालु कथा श्रवण करते हुए भाव-विभोर हो उठे। समापन अवसर पर महाराज ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए भक्तों को आशीर्वाद दिया।अंत में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर कथा का पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान पूर्व प्रधान भूदेव सिंह प्रजापति, देवराज सिंह, धर्मपाल सिंह, धनीराम सिंह, सतवीर सिंह, राजपाल सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक चालक, परिचालक की मौत

**कोसीकला।** मथुरा दिल्ली हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिस कारण ट्रक के चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मथुरा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया पुलिस ने दोनों के शब का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार की तड़के एक ट्रक मथुरा से दिल्ली की ओर जा रहा था जैसे ही ट्रक कोसी रेस्टोरेंट के पास पहुंचा, इसी दौरान अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलट जाने से हाईवे पर घंटो जाम लग गया। राहगीरों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के चालक हरेन्द्र यादव पुत्र हरीचरन निवासी ललितपुर (26) परिचालक प्रमोद निवासी सागर मध्य प्रदेश (22) को जिलाअस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शब का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दोनों मृतकों के परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया तब कहीं जाकर यातायात सुचारू हो सका। प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# दीर्घकालिक विजन डॉक्यूमेंट को लेकर नगर निगम में हुई बैठक




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ''विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के अंतर्गत राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए एक दीर्घकालिक विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को एक समृद्ध, स्वावलंबी, आधुनिक एवं वैश्विक स्तर पर अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करना है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज महापौर विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के सभागार में एक संगोष्ठी-बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर निगम के सभी 70 वार्डों के पार्षदगण सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान सभी पार्षदगणों ने सरकार द्वारा जारी क्यूआर कोड को स्कैन कर अपने-अपने सुझाव एवं अभिमत प्रस्तुत किए। महापौर विनोद अग्रवाल ने पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल राज्य के भविष्य की दिशा निर्धारित करने में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करती है। उन्होंने सभी पार्षदगणों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने वार्डों में जनसामान्य को इस अभियान से जोड़ें तथा अधिक से अधिक लोगों को अपने अभिमत देने के लिए प्रेरित करें, ताकि जनभावनाओं पर आधारित एक सशक्त ''विकसित उत्तर प्रदेश 2047'' दृष्टिपत्र तैयार किया जा सके। नागरिकों के सुझावों से सरकार को विकास की वास्तविक प्राथमिकताओं को समझने में सहायता मिलेगी। इससे प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार योजनाएं तैयार की जा सकेंगी जैसे कि आधारभूत संरचना, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल प्रबंधन, डिजिटल सुविधा, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन संवर्धन एवं रोजगार सृजन के क्षेत्र में ठोस सुधार किए जा सकेंगे। जनसहभागिता से यह सुनिश्चित होगा कि राज्य की नीतियाँ केवल शासन-प्रेरित न होकर ''जन-प्रेरित विकास'' का मॉडल प्रस्तुत करें महापौर ने कहा कि मथुरा-वृन्दावन जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगर के विकास के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, जिससे आने वाले वर्षों में नगर को स्मार्ट, स्वच्छ और सतत् विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाया।

# विश्व का कल्याण भारत के ज्ञान-विज्ञान से होगा

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान ब्रज प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विवि के संवाद भवन में भारतीय ज्ञान परंपरा : कल, आज और कल विषय पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया। इसमें शामिल कई देश, राज्यों व शहरों से आए जानकारों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को अत्यंत गौरवशाली बताया।

विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि शिक्षा और विद्या जिसमें होती है, वह संस्कारवान है, क्योंकि किताबों से ज्ञान और जीवन के तजुर्बे से शिक्षा ही संस्कार कहलाता है, संस्कार लेने के बाद निश्चित ही वह व्यक्ति कामयाब हो जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सेमीनार के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुनील बाबूराव कुलकर्णी (केन्द्रीय हिन्दी संस्थान आगरा), विशिष्ट अतिथि डा. विपिन कुमार (भारत के वित्त और विदेश मंत्रालय में "सलाहकार"), प्रो. राजेश ठाकरे ब्रज यूनीवर्सिटी भरतपुर, प्रोफेसर प्रमोद कुमार शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के पूर्व क्षेत्र कार्यवाह व सेवानिवृत्त वाइस चांसलर, केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुल. पति डा. एनसी प्रजापति, कुलसि. चव डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित ने किया। इस अवसर पर कुलाधिपति सहित विवि के डीन, प्रोफेसरों ने सभी मुख्य अतिथि व आंगुतकों को गुलदस्ता और पटुका पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रो. सुनील बाबूराव कुलकर्णी ने भारतीय ज्ञान परंपरा और व्यवस्थित शिक्षा पर बारीकीयां को समझाते हुए कहा वर्तमान पाठ्यक्रमों से विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल तो तैयार हो रहे हैं लेकिन मानव निर्माण की शिक्षा का नितांत आभाव है, जो भारत भाषा पर ठेस पहुंचाती है, विदेशी भाषा के तहत शिक्षा, कामकाज, अंग्रेजी हमारे कल्चर में आई है। जिससे हमारे वेदो, ऋषि, शास्त्रों और संस्कार को खारिज कर दिया है।

भारतीय पश्चिमी सभ्यता से हमारी संस्कृति दूर जा रही है। पहले भारत मृत्यु से नहीं डरता था, लेकिन अब डरता है, पहले भारतीयों को ज्ञान पर गर्व होता था, अब पश्चिमी विचार पर गर्व होता है, पहले सत्य बोला जाता था अब झूठ बोला जाता है। विद. ेशी भाषा का चयन करना ही हमारे जीवन को परिवर्तन कर देता है। प्रो. राजेश ठाकरे ने पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा भारतीय संस्कृति का डंका पूरे विश्व में है लेकिन पश्चिमी संस्कृति को हम जानते है लेकिन अपनी भारतीय संस्कृति को भूल गए है। उन्होंने माइक्रो प्लास्टिक के इस्तेमाल न करने की सलाह दी तथा वर्तमान शिक्षा में पुरानी विधाओं का बताया।

प्रोफेसर प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत गौरवशाली रहा है, प्राचीन ऋषि अपने आप में वैज्ञानिक थे। इन ऋषियों ने जीवन के प्रत्येक पहलुओं जैसे, नैतिक, भौतिक, आध्यात्मिक, चारीत्रिक, व्यवसायिक आदि का गहनता से विश्लेषण किया और समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। आज का भारत पाच्क्षात्य सभ्यता के जाल में फंसकर अपने गौरवशाली परंपरा और उत्कृष्ट ज्ञान भंडार से दूर होता जा रहा है। डा. विपिन कुमार ने भारत की संधि विच्छेद करते हुए कहा भारत ज्ञान की साधना करता है, आध्यात्मिक, भौतिक, सामान्य ज्ञान, व्यवहारिक ज्ञान, साइंस किसी देश में नहीं यह ज्ञान भारत में है। विश्व का कल्याण भारत के ज्ञान-विज्ञान से होगा और विश्वगुरु पुनः भारत बनेगा। इसी प्रकार से मॉरीशस की एमजीआई वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. तनुजा पदारथ ने कहा फिजी, दक्षिण अफ्रीका, गयाना, सूरीनाम जैसे देशों में भारतीय मूल के लोग रह रहे है, वह भारत से श्री रामचरितमानस, हनुमान चालीसा, गंगाजल आदि वस्तुएं लेकर गए। उनके आगमन से ही इन देशों में सनातन धर्म और काली माई की परंपरा देखी जाती है। यह भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा के वैश्विक प्रसार को दर्शाता है। जर्मनी सहित अन्य यूरोपिय देशों में भारत की राष्ट्रभाषा हिंदी को पहचान दिलाने के लिए कार्य कर रहे जर्मनी के हैंम्बर्ग विश्वविद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर रामप्रसाद भारतीय ज्ञान परंपरा को गौरवशाली बताया।

# सैंपल लेने के बाद पनीर पेड़ा को कराया नष्ट

**मथुरा।** त्योहार पर मिलावट खोरी से पार पाना इस बार भी जिम्मेदारों के लिए बेहद दुरूह कार्य साबित हो रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने दीपावली पर्व के दृष्टिगत सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञान पाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा अभियान चला कर कुल 18 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गए। बाजना से पनीर का एक नमूना, सुरीर से खोआ का एक नमूना, महोली रोड से खोआ का एक नमूना, होलीगेट से खोआ का एक नमूना, गढ़ी सहीराम महावन से पनीर के दो व खोआ के दो नमूने, नेरा बांगर महावन से क्रीम व घी का एक एक नमूना, बल्देव से खोआ का एक नमूना, लक्ष्मीनगर जमुनापार से घी व बर्फी का एक एक नमूना, ओल से घी व खोआ का एक एक नमूना तथा वृन्दावन से पेड़ा, दही व घी का एक एक नमूना संग्रहित किया गया तथा अस्वास्थकर दशाओं में भंडारित लगभग 20 किलोग्राम पेड़ा जिसका मूल्य करीबअ 8000 रूपये था वृन्दावन में एवं 10 किलोग्राम पनीर मूल्य 4000 रूपये को महावन में नष्ट कराया गया। खाद्य सचल दल में राम नरेश, जितेंद्र सिंह, दलवीर सिंह, अरुण कुमार, रीना शर्मा, मोहर सिंह, भरत सिंह एवं धर्मेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अहोई अष्टमी मेला तहसील गोवर्धन के दृष्टिगत मोहर सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सचल खाद्य प्रयोगशाला वाहन का संचालन कराकर गोवर्धन तहसील में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच कर खाद्य कारोबार कर्ताओं व आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जागरूक किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## बिल्सी की महिला की मुरादाबाद मार्ग दुर्घटना में गई जान



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिल्सी।** मोहल्ला संख्या आठ निवासी एक महिला की जिला मुरादाबाद में हुए सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। उनके मुजीब ने बताया उनकी मां शाहजहां (55) पत्नी कल्लू टेलर पिछले दिनों उनके बड़े भाई बंटी के साथ मुरादाबाद में रह रही थी। रविवार की सुबह के वह अपनी समधिन के साथ मुरादाबाद में कुछ सामान खरीदने के लिए गई थी। तभी सड़क पार करते हुए किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार के साथ टक्कर मार दी। जिससे शाहजहां गंभीर रुप से घायल हो गई। आनन-फानन में लोगों ने उन्हे इलाज के लिए पास के अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी और बगैर पीएम कराए ही शव को लेकर यहां घर आ गए। उनका शव पहुंचे ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। उनके निधन पर चौयरमेन ज्ञानदेवी सागर, अरविंद कुमार जैन, परमवीर सिंह, हाजी अजमल खां, सपा नेता सर्वेश यादव, कवींद्र सक्सेना, सभासद खुशीदा बानो, अरवाज अल्वी, मोहसिन अल्वी आदि ने गहरा दुख जताया है।

# कबड्डी प्रतियोगिता: बिल्सी को 15 प्वाइंट से हराकर विजेता बना वैन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव वैन में रविवार को युवाओं द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें चार टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में वैन की टीम ने बिल्सी को 15 प्वाइंट हराकर विजेता चुना गया। बाद में आयोजकों द्वारा दोनों टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विजेता टीम को 3100 और उप विजेता टीम को 1600 रुपए नगद का पुरस्कार दिया गया। कबड्डी प्रतियोगिता का पूर्व प्रधान सर्वेश यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। खेलकूद से बच्चों का सर्वागीर्ण विकास होता है। साथ ही उनके अंदर छिपी प्रतिभा में निखार आता है। प्रतियोगिता में वरुण कुमार सिंह और विपिन यादव ने रैफरी की भूमिका निभाई। इस मौके पर डा.वीरेश कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्रा, रविंद्र कुमार यादव, धीरपाल सिंह, सुनील शाक्य, अभय यादव, आदित्य यादव, अवनीश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## दिसौली गंज में हुआ लक्ष्मण शक्ति का मंचन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** आदर्श रामलीला कमेटी दिसौली गंज के मंच पर सोमवार की रात्रि लक्ष्मण शक्ति एवं अंगद-रावण संवाद का संजीव और भावनाओं से ओत-प्रोत मंचन किया गया। मंचन के दौरान पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोषों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। इस अवसर पर राम की भूमिका रामानंद तिवारी, लक्ष्मण की अन्नू सिंह, मेघनाथ की ओमवीर सिंह, रावण की संजीव सिंह, तथा हनुमान की भूमिका ब्रह्मपाल सिंह ने निभाई। कलाकारों के सशक्त संवाद, भावपूर्ण अभिनय और मंच सज्जा ने दर्शकों को रामयुग का जीवंत अनुभव कराया। रामलीला मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा इस तरह की लीलाएँ समाज में भक्ति, मर्यादा और संस्कारों की भावना को मजबूत करती हैं।

## शांतिपूर्ण, निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जनपद में रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य व प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 तथा सहायक वन संरक्षक व क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 सकुशल, निर्विघ्न, पारदर्शी, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी अवनीश राय ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों व कोषागार का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कुल 6854 अभ्यर्थियों में से प्रथम पाली में 2483 व द्वितीय पाली में 2470 अभ्यर्थी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के केंद्रो गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, एन एम एस एन दास पीजी कॉलेज, केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केदो का निरीक्षण कर वहां सीसीटीवी कैमरो से की जा रही मॉनिटरिंग को देखा, पार्किंग व्यवस्था,तलाशी व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार का निरीक्षण कर की गई ।

व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।जिलाधिकारी ने बताया कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए जनपद में 16 विद्यालयों व महाविद्यालयों में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि संतोष कुमार मेमोरियल गनगोला दातागंज परीक्षा केंद्र पर कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 326 थी जबकि अन्य परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक में कुल पंजीकृत अभ्यर्थी 384 थे। परीक्षा दो पालियो में संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल 6854 अभ्यर्थियों में से 2483 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 4371 अनुपस्थित रहे तथा द्वितीय पाली में कुल 6854 अभ्यर्थियों में से 2470 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 4384 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

डीएम ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी, साथ ही अन्य व्यवस्थाएं भी मा0 आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी के अनुसार की गई थी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक ,स्टेटिक मजिस्ट्रेट की व्यवस्था की गई थी साथ ही सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए थे।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिला अधिकारी न्यायिक सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा विशेष दल ने की संदिग्धों की जांच



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** मिशन शक्ति दीदी अभियान फेज 5.0 के तहत कोतवाली क्षेत्र में महिला सुरक्षा विशेष दल ने बाजारों, कोचिंग, भीड़भाड़ वाली जगहों पर पहुंचकर बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया। महिला टीम ने रविवार को बालिकाओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। बताया कि शोहदों या किसी अनजान व्यक्ति के परेशान किए जाने पर तुरंत 1090, 1076, 181, 112 नंबर डायल करके पुलिस को जानकारी दें। इन नंबरों पर जानकारी देने पर तुरंत पुलिस सहायता के लिए पहुंचेगी। इस दौरान टीम ने नगर के चौराहों एवं कोचिंग सेंटरों के आसपास बिना कारण घूम रहे युवकों से पूछताछ कर उन्हें चेतावनी देते हुए नाम व पता नोट किया और हिदायत देकर छोड़ दिया। इस दौरान महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर, महिला हेड कांस्टेबल प्रियंका, महिला कांस्टेबल पूनम आदि उपस्थित रहे।

## 15 अक्टूबर को राज्य महिला आयोग सदस्य करेंगी जनसुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर 2025 बुधवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे जनपद बदायूँ में मा0 सदस्य उ0प्र0, राज्य महिला आयोग लखनऊ अवनी सिंह द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला जनसुनवाई लोक निर्माण विभाग बदायूँ के गेस्ट हाउस में की जाएगी तथा अपरान्हन 01 बजे से ब्लाक उझानी में पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सम्बन्धित अधिकारीगण जनसुनवाई / पोषण पंचायत कार्यक्रम में समस्त सूचनाओं सहित ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## सोई आश्रम पर महायज्ञ का शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** श्री श्री 1008 विदेहनदिनी शरण जी महाराज सोई आश्रम की असीम कृपा से आगामी सात दिवसीय श्री मारुति नंदन महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ।

कथा का आयोजन महन्त फूलबाबा के निर्देशन में आयोजन मंडल द्वारा कराया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतना (मध्यप्रदेश) से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित राधेश्याम महाराज जी कर रहे हैं। यज्ञ प्रारंभ होने से पूर्व आचार्य महाराज ने पुण्य वचन संस्कार संपन्न कर मंडप प्रवेश कराया। शाम के समय मंगला आरती के पश्चात श्रीराम कथा का शुभारंभ किया जाएगा।

कथा स्थली पर भक्तिरस का अद्भुत वातावरण बना हुआ है। पूरे आयोजन स्थल पर जय श्रीराम और हनुमान जी महाराज की जय के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा।

## आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज होने पर ग्रामीणों ने मनाया जश्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागपत।** निरपुडा गांव में रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर प्रेमवीर पर आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज होने के बाद ग्रामीणों ने जश्न मनाया। शिकायतकर्ताओं और ग्रामीणों ने सरकार की कार्रवाई पर खुशी व्यक्त करते हुए सामूहिक भोज का आयोजन किया। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ योगी सरकार की कार्रवाई की सराहना की। निरपुडा गांव निवासी रिटायर्ड इंस्पेक्टर प्रेमवीर पर करोड़ों की संपत्ति अवैध रूप से अर्जित करने के गंभीर आरोप हैं। बताया गया है कि सेवाकाल के दौरान इंस्पेक्टर शामली, मेरठ, नोएडा सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तैनात रहे। आरोप है कि इसी अवधि में उन्होंने अवैध तरीकों से बड़ी संपत्ति बनाई। ग्रामीणों के अनुसार, इंस्पेक्टरों को पूर्वजों से मात्र तीन बीघा जमीन मिली थी, लेकिन अब वे करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं। इंस्पेक्टर के खिलाफ शिकायत करने वाले गांव के निवासी राम मेहर ने बताया कि प्रेमवीर पर हुई कार्रवाई से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि इंस्पेक्टर ने न केवल अवैध संपत्ति जुटाई, बल्कि गांव के कई लोगों पर झूठे मुकदमे भी दर्ज कराए थे। राम मेहर ने योगी सरकार के विज्ञापन से प्रेरित होकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद सरकार ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। सामूहिक भोज में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

# अचानक संतुलन बिगड़ने पर ट्रक पलटा

### ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शीशे तोड़कर चालक व हेल्पर को निकाला बाहर



शाह टाइम्स संवाददाता

**आसफपुर।** थाना फैजगंज वेहटा क्षेत्र की पुलिस चौकी आसफपुर क्षेत्र के गांव सीकरी के निकट आसफपुर से शाहबाद मार्ग पर अचानक एक ट्रक चालक संतुलन खो बैठा जिसके चलते ट्रक गहरी खाई में पलट गया ।जिससे ट्रक चालक सरताज पुत्र कल्लू व हेल्पर दौलत पुत्र किशन लाल बुरी तरह से ट्रक के अंदर फंस गए । ग्रामीणों की सूचना बिसौली पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार , थाना फैजगंज वेहटा के थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह व स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी , पुलिस उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , महेश पाल सिंह यादव , हेड कांस्टेबल प्यारे खां , कांस्टेबल आकाश ढाका , अंशुल कुमार , छत्र पाल ने घटना स्थल पर पहुंचकर ट्रक के अंदर फंसे चालक व हेल्पर को ट्रक के शीशे तोड़कर बमुश्किल बाहर निकाला । पुलिस टीम ने चालक व हेल्पर को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया । बताया जा रहा है कि आसफपुर से शाहबाद सड़क मार्ग पर जा रहे ट्रक नम्बर यू पी 21 एन 4428 के चालक व हेल्पर सरताज पुत्र कल्लू व दौलत पुत्र किशनलाल संभल जिले के कस्बा चंदौसी के निवासी बताए जा रहे हैं।

गनीमत रही कि पुलिस प्रशासन की सक्रियता के चलते ट्रक चालक व हेल्पर बाल - बाल बचे ।इस आकस्मिक घटना के दौरान किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं मिली है । यह आकस्मिक घटना रविवार को आसफपुर से शाहबाद सड़क मार्ग पर गांव सीकरी के निकट घटित हुई।

## रवि प्रकाश अग्रवाल को बेस्ट डीलर के सम्मान से नवाजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** बिसौली के व्यापार जगत के लिए एक और गर्व का क्षण सामने आया। जिले की प्रतिष्ठत फर्म ए.आर. फिलिंग सेंटर को जनपद में सर्वाधिक ल्यूब सेल वर्ष 2024 - 2025 के लिए बेस्ट डीलर के सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उनकी मजबूत व्यापार उपस्थित, उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि ने न केवल ए.आर. फिलिंग सेंटर की साख को और मजबूत किया है, बल्कि बिसौली नगर को भी गौरवान्वित किया है। होटल कंट्री इन भीमताल उत्तराखंड में सर्वो एलीट क्लब टॉप सेलर्स ऑफ ल्यूब्रिकेंटिंग ऑयल जनपद बदायूं एवं बरेली मंडल के डीलर्स की फैमिली के साथ मीटिंग आयोजित की गई थी। मीटिंग में इंडियन ऑयल राज्य कार्यालय द्वितीय, नोएडा के हेड एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हेमेंद्र राठौर द्वारा शील्ड, प्रमाणपत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ल्यूब हेड सुमित नीमकार, सीनियर मैनेजर ल्यूब नचिकेत थोराट, बरेली मंडल कार्यालय के रिटेल हेड हिमांशु शर्मा, डीलर्स एवं ल्यूब रिसेलर्स उपस्थित थे।

# प्रति यूनिट बिजली का हिसाब देगा स्मार्ट मीटर, 30 उपभोक्ताओं के लग चुकें स्मार्ट मीटर

### बकाया बिल जमा न होने पर भी नहीं कटेगी स्मार्ट मीटर उपभोक्ता की बिजली

बैलेंस खत्म होने पर दिया जाएगी तीन दिन का ग्रेस पीरियड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिले में अब तक करीब 30 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के घरों व प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लग चुकें हैं। वर्ष 2027 तक पॉवर कारपोरेशन ने सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य दिया है। इसलिए इंटेली स्मार्ट संस्था द्वारा जिलेभर में मुफ्त में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहें हैं। प्रभारी अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में कुछ भ्रम है। जबकि स्मार्ट मीटर बिल्कुल ठीक है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ता एक-एक यूनिट का हिसाब रख सकता है। चौबीस घंटे में किस समय बिजली की ज्यादा खपत हुई।

लोड डिमांड किस समय ज्यादा हुआ। बैलेंस कितना है। यह सब यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड करके उपभोक्ता जान सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता का बिल अगर बकाया भी है तो बिजली शाम छह बजे से सुबह आठ बजे तक नहीं कटेगी। खास बात है कि अगर बैलेंस नहीं है और दूसरे दिन सार्वजनिक अवकाश है तो भी बिजली सप्लाई नहीं काटी जाएगी। कहा कि उपभोक्ता को बैलेंस खत्म होने पर तीन दिन का ग्रेस पीरियड भी दिया जाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर के वर्तमान में तो फायदे हैं ही, भविष्य में भी इसके अनेक फायदे होने वाले हैं। एप पर ही प्रतिदिन रीडिंग की खपत और बिल देख सकते हैं। बैलेंस कम होने पर आएंगे चार मैसेज- उपभोक्ता के स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बैलेंस कम है तो मैसेज आना शुरू हो जाएंगे। जब कुल राशि का 30 प्रतिशत बचेगा तो पहला मैसेज आएगा, फिर 20 प्रतिशत दूसरा मैसेज आएगा। 10 प्रतिशत धनराशि बचने पर तीसरा और बैलेंस शून्य होने पर अंतिम मैसेज आएगा।अचानक कनेक्शन नहीं काटा जाता है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उपभोक्ता ऐसे देखें बिल- उपभोक्ताओं को प्ले स्टोर पर जाकर यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड करना होगा। फिर लॉगिन/रजिस्ट्रेशन करके साइन अप करना होगा। इसके बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर डालना होगा, जिस पर ओटीपी आएगा। फिर उपभोक्ता को पासवर्ड जनरेट करना होगा। इस प्रकिया के बाद उपभोक्ता अपनी शेष धनराशि, बिजली की खपत, 12 ट्रांजेक्शन सहित कई जानकारियां प्राप्त कर सकतें हैं।

## राष्ट्रीय लोकदल सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित

**बागपत।** छपरौली विधानसभा के ग्राम कमाला में राष्ट्रीय लोकदल सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यक्रम में ग्रामीणो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी ने राष्ट्रीय लोकदल में आस्था जताई। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। छपरौली विधायक डा.अजय कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि क्षेत्र का चहुमुंखी विकास हो रहा है वर्तमान में पार्टी का सदस्यत अभियान चल रहा है। राष्ट्रीय लोकदल में सभी वर्गो का हित निहित है।

### कश्यप समाज के लोगों द्वारा मंदिर का निर्माण शुरू

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव में में कश्यप समाज का मंदिर बनवाने के लिए एडवोकेट दीपक शर्मा ने एक लाख का दान देकर अपना योगदान दिया। सर्व समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष दीपक शर्मा एडवोकेट के साथ पदाधिकारीयों में सदस्य गण अनिल कश्यप मास्टर राजेंद्र तोमर, प्रमोद तोमर, हरिओम स्वामी, ओमपाल राठी आदि रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 10236/453सी0(ई0टेण्डर)-3/25 दिनांक: 03.10.2025

ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1-महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से मदवार दरों पर ई-निविदा दिनांक 15.10.2025 से दिनांक 06.11.2025 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 06.11.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (रू0लाख) | कुल लागत (रू0लाख) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे आंवला उसैता मार्ग(अ0जि0मा0) में चौड़ीकरण एव सुदृढीकरण का कार्य (चैनेज 0.000 से 5.810 तक (05 वर्ष के अनुरक्षण सहित) | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,बरेली | 861.55 | 20.82 | 882.37 | 17.65 | 9 माह | 2725.00 | ए (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

UPID-238810, DATE-10/10/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

# दीवाली महोत्सव का उद्घाटन पर प्रथम दिन हुए रंगारंग कार्यक्रम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** युवा संस्था, श्री रामलीला महोत्सव कमेटी एवं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तर प्रदेश (पंजी) की तरफ से 11 अक्टूबर 2024 को शाम 6:00 से रात १ बजे तक गांधी ग्राउंड बदायूं में भव्य स्तरीय दीवाली महोत्सव एवं दिवाली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के प्रथम दिन कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता एडवोकेट ने लाल फीता काटकर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता अमन मयंक शर्मा, एडिशनल सी एम ओ डॉ राजवीर गंग. वार, फैशन आइकन राजीव अरोड़ा उपस्थित रहे। मिस्टर एवं मिस यूपी 2025 के जजमेंट के लिए बॉलीवुड एक्टर, प्रोफेशनल मॉडल सेलिब्रिटी जज मनोज दहिया उपस्थित रहे।सुपर मॉडल वाणी इरा, बबली एवं निशा शर्मा ऑनर द फैशन चिंगारी इवेंट की डायरेक्टर उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में अमिताभ बच्चन बर्थडे सेलिब्रेशन प्रोग्राम एवं केक कटिंग सेरेमनी अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट एक्टर परवेज खान द्वारा किया गया। राहुल सक्सेना के संयोजन में डांसिंग स्टार एवं सिंगिंग संसेशन का आयोजन किया गया। किड्स फैशन शो में बदायूं जनपद के सभी प्ले स्कूल के बच्चों ने पार्टिसिपेट किया। इसका संयोजन कुलदीप एवं शोबी ने किया।कॉन्सेपुअल मॉडलिंग शो, जिया जले इंडियन ट्रेडीशनल कॉस्टयूम में किया गया। रानी पद्मावती के जोहर पर आधारित एक्ट पद्मावत आयोजन किया गया। कांसेप्चुअल मॉडलिंग शो ए दिल है मुश्किल श्बेवफा इश्कश म्यूजिक वीडियो लॉन्च सेरेमनी, सेलिब्रिटी क्विज शो, फनी क्विज, 1 मिनट गेम शो जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम में एक ऑटो एक्सपो का भी आयोजन किया गया. जहां सभी टू व्हीलर और फोर व्हीलर कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाया। कार्यक्रम के आयोजक ऋतुराज खुसरिया ने नगर वासियों से अपील करी कि सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम आगामी तीन दिनों तक चलेगा भारी संख्या में गांधी ग्राउंड में उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।कार्यक्रम का संचालन भूराज सिंह राजलॉयर एवं दिल्ली से आए हुए दीपक चौधरी ने किया।

कार्यक्रम के आयोजक ऋतुराज खुसरिया ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति में महोत्सव के आयोजक ऋतुराज खुसारिया, भाजपा नेता अमन मयंक शर्मा, नवनीत गुप्ता शोंटू, आशीष रस्तोगी, विक्की कंसल, राहुल सक्सेना, रवि गुप्ता कुलदीप, शोबी, हर्षित, फराज इब्राहिम, शैलेंद्र सिंह, वैभव सक्सैना, गौरव सिंह, प्रशांत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में अंतर-विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**बडौत।** माउंट लिटेरा स्कूल के तत्वावधान में रविवार को को शीर्षक से एक भव्य अंतर- विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देना था। इस प्रतियोगिता में जनपद एवं बड़ौत नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों क्रिस्टु ज्योति कॉन्वेंट स्कूल बड़ौत एवं बागपत, सेंट फ्रांसिस स्कूल बिजरौल, बड़ौत, जेपी स्कूल बड़ौत, दून पब्लिक स्कूल बड़ौत, वनस्थली पब्लिक स्कूल बड़ौत, सेंट आरवी स्कूल तथा गेटवे इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल बागपत न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल, किडज़ी इत्यादि स्कूलों के लगभग 270 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य निशांत कुमार द्वारा प्रमाणपत्र, पुरस्कार एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के निदेशक हंसकुमार जैन, चेयरमैन बिजेंद्र कुमार जैन, तथा प्रबंधन समिति के सदस्य अंकुर जैन, अनुज जैन एवं ऋषभ जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# साबुन या सर्फ एक तो लेना ही होगा, तब मिलेगा राशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** इसे सत्ता की हनक ही कहा जाएगा कि बेचारा सप्लाई ऑफिस भी करे तो क्या करे। नेताओं की नहीं मानेंगे तो तहसील में रह नहीं पाएंगे, और विभाग कहेगा तो उसे अपनी मजबूरी बताकर समझा देंगे।

मौजूदा समय में तहसील के कोटेदारों को पहले जबरन एक किलो नमक की थैली थमा दी गई थी, जिसे लेकर भी कस्बे के कार्ड धारकों ने काफी बवाल मचाया था, अब सप्लाई ऑफिस से उन्हें चार चार साबुन की टिक्की और एक थैली सर्फ पाउडर जबरन थमा दिया गया, कहा इसे हर कार्ड धारक को बेचो, सो बेचारे कोटेदार अपने अपने क्षेत्र के कार्ड धारकों के हाथ इसे जबरन थोप रहे हैं।

शनिवार को कस्बे के एक युवक को जब यह जबरन थमाया गया तो उसने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी, जो खूब वायरल हो रही है। इस वायरल वीडियो के बारे में पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार भटनागर से बात की गई तो उन्होंने दवी जुबान में कहा कि दुकानदार की आय बढ़ाने की गरज से यह सामान दिया गया है, लेकिन अगर कोई भी कोटेदार जबरन किसी कार्ड धारक को देता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार भटनागर की इस चेतावनी का किसी भी कोटेदार पर इसका असर नहीं हुआ और रविवार को भी कार्ड धारकों को यह घटिया साबुन या सर्फ पाउडर दिया गया। कस्बे के एक कार्ड धारक ने बताया कि आज भी यह सामान दिया गया, लेकिन कहा गया कि दो में से एक चीज तो लेनी पड़ेगी तब मिलेगा राशन, बेच. ारे ने फिर सर्फ पाउडर ले लिया तब कहीं जाकर उसे राशन मिल सका।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुता. बिक यह साबुन और सर्फ पाउडर सत्ता पक्ष के इशारे पर जबरन कोटेदारों को थोपा जा रहा है। खास बात यह है कि यह सामान घटिया किस्म का है जिसकी कोई भी कम्पनी नहीं पता है।

इस बारे में कई कोटेदारों से बात की गई तो उन्होंने अपनी जवान खोलने से साफ इंकार कर दिया, कहा इसकी जानकारी सप्लाई ऑफिस से ही करें तो बेहतर होगा।

# मोटरसाइकिल के पेड़ से टकराने पर दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ग्राम प्रधान की सूचना पर मौके पर पहुंच गई और दोनों शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।



जानकारी के मुताबिक ग्राम प्रधान कुतुबपुर नरेश गंगवार दिनांक 12.10.2025 की सुबह करीब 8:45 बजे अपने खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि ग्राम जिया नगला के सामने शीशगढ़-बहेड़ी मार्ग पर दो युवकों के शव खाई में पड़े हुए थे, जबकि पास में ही मोटरसाइकिल हीरो डीलक्स यूपी 25 सीई 8982 भी पड़ी हुई थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि रात में किसी समय मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़े शीशम के पेड़ से टकरा गई जिससे दोनों की मौत हो गई। हादसे में युवकों की मौत की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। मोटरसाइकिल के रजिस्ट्रेशन नंबर से प्राप्त मोबाइल नंबर पर जानकारी करने पर मृतकों के नाम मोहन स्वरूप उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र मोतीराम मोर्य व छोटे पुत्र निवासी शाहगढ़ थाना बहेड़ी जनपद बरेली सामने आये हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जानकी पैलेस सेंथल की जनता को समर्पित: छत्रपाल सिंह गंगवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** जानकी पैलेस के उद्घाटन सत्र में पहुंचे सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि सेंथल वासियों अब जनकनन्दिनी जानकी रूपी (बालिकाओं)को

विवाह जन्मदिवस लगुन शगुन हल्दी मेहंदी मुंडन सहित इत्यादि कार्यक्रमों के लिए अपने गृहनगर सेंथल को छोड़कर बाहर जाकर मैरिज हॉल करने की आवश्यकता नहीं है, अब सेंथल नगर में ही प्रभु श्रीराम जी की अर्धांगिनी, जनक दुलारी,माता जनकनंदिनी के नाम से श्रीजानकी पैलेस खुल गया है।

विधायक डॉ. एमपी आर्य ने माता जानकी के नाम पर पैलेस का नाम रखने पर प्रसन्नता जाहिर की व शुभकामनायें बधाई दी, व अब जनकनंदिनी अपने गृहनगर के बारात घर से ही विदा होंगी। आमजनमानस की बहुत बड़ी समस्या का निदान हुआ आज सर्वप्रथम सुन्दर कांड का पाठ हुआ, तत्पश्चात आरती प्रसाद वितरण हुआ। ,

जानकी पैलेस के मालिक श्याम स्वरूप गुप्ता ने सभी का आभार जताया।




सुरेन्द्र गुप्ता, राहुल गुप्ता दीपू, डॉ. सौरभ गुप्ता, संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, सुशील गुप्ता, राकेश चन्द्र गुप्ता, घनश्याम दास, अविनाश मिश्रा, उमाकांत जोशी, अनुभव शर्मा, मदनलाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री की योजना को पलीता लगा रहा है ग्रामीण बैंक का मैनेजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एक युवक ने बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के मैनेजर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक का आरोप है कि मैनेजर ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत मिलने वाले ऋण के लिए मनमानी शर्ते रखीं, और जब युवक ने इसका विरोध किया तो उसका आवेदन निरस्त कर दिया गया।




> पीड़ित अगर जिला ग्राम उद्योग कार्यालय में उपस्थित होकर इस मामले में लिखित या मौखिक शिकायत करता है तो एलडीएम साहब को अवगत कराकर सम्बंधित के खिलाफ उचित कार्यवाही कराई जाएगी।
> **विकास यादव, उपायुक्त उद्योग**

**युवक ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग**

थाना देवरनियां के गांव गिरधरपुर निवासी एक युवक ने बताया कि उसने 16 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपये का ऋण लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। डीआईसी कार्यालय बरेली ने उसके सभी दस्तावेजों की जांच करके उसका आवेदन बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गिरधरपुर में ऋण स्वीकृत हेतु भेज दिया था।

युवक ने बताया कि 23 सितंबर 2025 को बैंक के दो कर्मचारी उसके आवास पर आए और फोटोग्राफी की। उन्होंने कहा कि कल बैंक आ जाओ। अगले दिन युवक बैंक गया तो मैनेजर ने उसे अपनी मनमानी शर्ते बताईं। आरोप है कि बैंक मैनेजर ने उससे कपड़ा और मशीनरी दिखाने को कहा, जबकि युवक ने बताया कि वह नया काम शुरू करना चाहता है, और इस योजना के अन्तर्गत बैंक से टर्म लोन का पैसा फर्म के खाते में पहुंचने के बाद दुकानदार मशीनें देता है। मगर यहां पर बैंक का मैनेजर और कर्मचारी योजना का उलट करके सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की योजना को जमकर पलीता लगा रहा है।

इसके अलावा, बैंक मैनेजर ने दो गारंटर और घर का किराया नामा भी मांगा। जबकि इस योजना में मुख्यमंत्री का कहना है कि यह लोन बिना किसी गारंटी के दिया जा रहा है। जब युवक ने इसका विरोध किया और योजना के नियमों के बारे में बताया तो बैंक मैनेजर बौखला गया और बोला यहां जो मैं करूंगा वह होगा, योगी जी इसमें कुछ नहीं कर सकते।

युवक का आरोप है कि बैंक में कार्यरत एक कर्मचारी ने उसके पिता को फोन लगाया और पूछा कि आपका पुत्र बैंक से पांच लाख का लोन ले रहा है, इसपर युवक के पिता ने कहा कि हां लोन चाहिए। युवक का यह भी आरोप है कि बैंक में कार्यरत उसी कर्मचारी ने मैनेजर से कहा कि यह कुछ नहीं करता है, खाली बैंक का रूपया बर्वाद हो जायेगा। युवक ने आरोप लगाया है कि अगर उसने उस कर्मचारी को घूंस दी होती तो उसका आवेदन निरस्त नहीं होता।

युवक का आरोप है कि बैंक मैनेजर की मनमानी के कारण उसका आवेदन 6 अक्टूबर 2025 को निरस्त कर दिया। युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बैंक मैनेजर और कर्मचारी की जांच कराकर उनके विरुद्ध ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। युवक ने इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी आनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।

युवक ने आरोप लगाया है कि बैंक मैनेजर और कर्मचारी ने मुख्यमंत्री के सपने की धज्जियां उड़ाई हैं, और भ्रष्टाचार किया है। युवक ने मांग की है कि बैंक मैनेजर और कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, और अगर जांच में दोषी पाए जाएं तो उन्हें निलंबित किया जाए।

अब देखना यह है कि अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं। क्या वे बैंक मैनेजर के खिलाफ कोई कार्रवाई करेंगे या फिर युवक को इसी तरह परेशान होना पड़ेगा।

# नशीली व नकली दवाओं की तलाश में स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी

**आठ संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी एवं सहायक आयुक्त (औषधि), बरेली मंडल, बरेली के निर्देश पर जनपद बरेली में कफ सीरप में मिलावट, नशीली, नकली, काउंटरफिट, औषधियों के क्रय विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के क्रम मे मेसर्स पाण्डेय मेडिकल स्टोर, योगेन्द्रा एजेंसीज, गली नवाबन एवं शिवा मेडिको शास्त्री मार्केट जनपद बरेली पर राजेश कुमार एवं अनामिका अंकुर जैन औषधि निरीक्षक बरेली द्वारा जांच एवं निरीक्षण की कार्यवाही की गई। मौके पर फर्म के स्वामी, कंपीटेंट पर्सन की उपस्थिति में औषधि विक्रय लाइसेंस एवं भंडारित एलोपैथिक औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख एवं भंडारित औषधियों की गुणवत्ता के सम्बन्ध में सघन जांच की गयी। मौके पर सभी मेडिकल स्टोर की निरीक्षण आख्या तैयार की गई, जिसे सहायक आयुक्त औषधि बरेली को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाएगी, साथ ही मौके पर उक्त मेडिकल स्टोर से विक्रयार्थ



भंडारित औषधियों में से संदेह के आधार पर कुल निम्न 08 संदिग्ध नमूने कफ सीरप एवं अन्य प्रकार की एलोपैथिक दवाओं के लिए गए जिनमें रैप्टस एल एस कफ सीरप, मैक्वेरी जूनियर कफ सीरप, मैक वेरी पी डी कफ सीरप, कोडिस्टर एन एफ कफ सीरप, नेक्सिटो प्लस टैबलेट, एपिट्रिल 0.5 टैबलेट, क्लीनाफिट 0.25 टैबलेट, स्टेलापआम एल एस टैबलेट को नियमानुसार जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किए गए। जिन्हें राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने व विवेचना पूर्ण होने के पश्चात दोषी व्यक्तियों/ फर्मों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

> नशीली व नकली दवाओं की तलाश में छापेमार कार्यवाही पूरे जनपद में जारी है, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। पकड़े जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। जनमानस को अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं मुहैया कराना हमारा उद्देश्य है।
> **अनामिका अंकुर जैन व राजेश कुमार**
> **औषधि निरीक्षक बरेली**

# दमखोदा ब्लॉक के गांव बालपुर में लगा गंदगी का अंबार

**सफाई कर्मचारी की तैनाती के लिए तरस रहे ग्रामीण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ब्लॉक दमखोदा की ग्राम पंचायत बालपुर में पिछले चार-पांच माह से कोई सफाई कर्मी तैनात नहीं है। जिस कारण गांव की नालियां चोक हो गई हैं, और पूरा गांव गंदगी से भरा पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, और ग्रामीण बीमारियों का शिक. ार हो रहे हैं।

दमखोदा ब्लॉक के गांव बालपुर में तकरीबन दो हजार की आबादी निवास करती है, जिसमें दो गांव बालपुर व जोतपुर शामिल हैं। पिछले कई वर्षों से ग्राम पंचायत बालपुर में राजेश कुमार सफाई कर्मी की तैनाती थी, जिनका बीते 25 जून को दूसरे ग्राम पंचायत में ट्रांसफर हो गया। इसके बाद से इस गांव में सफाई कर्मी का पद रिक्त हो गया, और गांव में गंदगी का अंबार लग गया।



ग्रामीणों का आरोप है कि नालियों में गंदगी होने के कारण गांव में तरह-तरह की बीमारियां पैर पसार रहीं हैं। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भी इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया गया है। नालियों में पल रहे कीड़े-मकोड़े व जहरीले मच्छर ग्रामीणों को बीमार कर रहे हैं।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप मिश्रा ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अधिकारियों से कई बार गांव में सफाई कर्मी की तैनाती की मांग की है, लेकिन अभी तक गांव में किसी सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं हुई है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान से गांव में तुरंत सफाई कर्मी की तैनाती की मांग की है। ग्राम पंचायत अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अभी दो-तीन अक्टूबर को गांव में टीम लगाकर सफाई की गई थी, लेकिन जब इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी से पूछा गया कि सफाई कहां पर की गई तो उन्होंने बताया कि टीम ने सफाई पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान व शिव मंदिर के पास की थी। इससे साफ पता चलता है कि अधिकारी सिर्फ कागजी कार्रवाई कर खानापूर्ति कर रहे हैं।

पिछले एक वर्ष से गांव की नालियों में किसी प्रकार की कोई दवा का छिड़काव नहीं किया गया है, जिससे कीड़े-मकोड़े व जहरीले मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भी गांव में किसी प्रकार का कोई कैंप नहीं लगाया गया है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

अब देखना यह है कि अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं। क्या वे ग्रामीणों की मांग को सुनेंगे और गांव में सफाई कर्मी की तैनाती करेंगे, या फिर ग्रामीणों को इसी तरह परेशान होना पड़ेगा।

# परेशानी का सबब बने रिछा रेलवे क्रॉसिंग के गहरे गड्डे

**नियाजी की मांग पर मंडल रेल प्रबंधक ने दस अक्टूबर तक मरम्मत का किया था दावा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** बरेली-नैनीताल हाइवे से सटी रिछा रेलवे क्रॉसिंग के गड्ढे किसी बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं, मगर इस तरफ से रेलवे महकमा अनजान बना हुआ है। एक माह पूर्व रिछा राइस मिलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी द्वारा लिखे गए पत्र पर मंडल रेल प्रबंधक ने दस अक्टूबर तक मरम्मत कराने का दावा किया था, यह मियाद निकल गई, मगर गड्ढे नहीं भरे गए। अब एसोसिएशन अध्यक्ष ने फिर पत्र लिखा है।

रिछा रेलवे स्टेशन फाटक 21 ए से जनपद पीलीभीत के लिए काफी तादात में वाहनों का आवागमनघ्होता है। इसके अलावा चावल नगरी रिछा के 60 राइस मिलों के लिए धान के सीजन में भारी वाहन भी निकलते हैं। मगर पिछले काफी



समय से खराब हो चुके फाटक के रोड की शिकायत रिछा राइस मिलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी ने पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल में की थी। इसको लेकर पन्द्रह सितम्बर को मंडल रेल प्रबंधक/ इंजीनियरिंग इज्जतनगर ने अतहर हुसैन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि रिछा रोड क्रॉसिंग 21 ए पर समपार रोड सतह की मरम्मत का कार्य दस अक्टूबर तक करा दिया जाएगा। मगर उनका यह दावा खोकला साबित हुआ।

दस अक्टूबर की मियाद गुजर गई, मगर मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ। अगर जल्द ही कार्य शुरू न हुआ तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में अतहर हुसैन नियाजी ने बताया कि उन्होंने मंडल रेलवे बोर्ड को फिर पत्र लिखा है।

# बहू ने ससुर पर लगाया छेड़छाड़ और धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने ससुर पर छेड़छाड़ और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

महिला द्वारा हाफिजगंज थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक 30 सितंबर को उसकी मां नवाबगंज गई हुई थी, और पिता मजदूरी के लिए बाहर गए थे, घर पर वह अकेली थी, इसी दौरान उसके ससुर शकील अहमद कस्बा व थाना देवरनियां घर आए और विदा कराने की बात कही।

महिला का आरोप है कि जब उसने कहा कि माता-पिता के आने पर ही विदा होगी, तो ससुर चारपाई पर बैठ गए। कुछ देर बाद वह कमरे में घुस आए और बुरी नीयत से उसे पीछे से दबोच लिया। विरोध करने और शोर मचाने पर ससुर धमकी देकर भाग गए और बोले कि मेरे घर रहना है तो मेरी बनकर रहना पड़ेगा।

पीड़िता का कहना है कि ससुर शादी के बाद से ही उसपर गंदी नजर रखते आए हैं। इस संबंध में उसने पति से शिकायत की थी, लेकिन उल्टा उसे ही डांट दिया गया।

भय और लोक लाज के कारण वह अब तक चुप रही, पर आगे किसी अनहोनी की आशंका से अब थाने में लिखित शिकायत की है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### नानक चन्द की शिकायत की जांच अब एसपी दक्षिणी करेंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के नजदीकी गांव ईंधजागीर के रहने वाले नानक चन्द शर्मा की शिकायत की जांच अब एसपी उत्तरी से हटकाकर एसपी दक्षिणी आंशिका वर्मा को सौंपी गई है।

शिकायतकर्ता नानक चन्द शर्मा ने शनिवार को एक पत्र एसपी दक्षिणी आंशिका वर्मा को भेजा है, जिसमें उन्होंने अपनी शिकायतों की निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा पर कस्बे के एक सत्ताधारी नेता द्वारा दबाव डालकर जांच प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए जांच हटाए जाने की मांग की थी।

### सेंथल सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सेंथल से जादौंपुर जाने वाली सड़क की पटरी पर नगर पंचायत द्वारा खंभे लगा दिए जाने से हो रहे अतिक्रमण पर रोक लगाए जाने की मांग कस्बे की एक जागरूक युवक ने लोक निर्माण विभाग से की है।

सेंथल कस्बे के जागरूक युवक अली अब्बास द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को को गई शिकायत में सेंथल कस्बे से जादौंपुर तक जाने वाले इस मार्ग की पटरी पर नगर पंचायत ने खंभे लगाकर अतिक्रमण कर लिया है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि मार्ग की चौड़ाई पहले से ही कम है, उसपर भी खंभे लगा दिए जाने से आए दिन हादसे होते रहते हैं।

श्री अब्बास के मुताबिक इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन लगा रहता है, जिस कारण हमेशा दुर्घटना को आशंका बनी रहती है। उन्होंने तत्काल ही सड़क की इस पटरी से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है।

### दीपावली पर लगने वाली पटाखों की दुकानों के स्थल का आज होगा चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दीपावली पर्व पर लगने वाली पटाखों की दुकानों के स्थान को लेकर स्थानीय प्रशासन पशोपेश में है। ग्राम इंद्धजागीर के प्रधान प्रेमशंकर गंगवार उर्फ लला ने जहां सेना पड़ाव पर दीपावली महोत्सव पर पटाखों की दुकानें लगाए जाने की अनुमति मांगी है, वहीं स्थानीय प्रशासन आज इस मामले में स्थान का चयन करेगा।

दीपावली पर्व पर पिछले साल पटाखों की दुकानें अग्नि शमन कार्यालय के निकट लगाई गई थीं, लेकिन इस वर्ष वहां नेशनल हाईवे मार्ग का निर्माण होने से पटाखों के स्थल को लेकर उलझन खड़ी हो गई है। दो दिन पहले तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने राजस्व टीम और कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव के साथ पटाखों की दुकानों के लिए कई स्थलों को देखा, लेकिन स्थल का चयन नहीं हो पाया। तहसीलदार और कोतवाल ने सेना के पड़ाव के साथ ही ए 2 जेड के सामने के स्थल को उपयुक्त माना था।

सेना पड़ाव पर दुकानें लगवाए जाने के लिए ग्राम प्रधान प्रेमशंकर गंग. वार उर्फ लला ने रक्षा संपदा विभाग को दीपावली महोत्सव के लिए 18 से 21 अक्टूबर तक की अनुमति के लिए पत्र भेजा है। ग्राम प्रधान ने बताया कि अगर इस स्थल की अनुमति नहीं मिल पाती है तो वह ग्राम के मन्दिर के पास खाली पड़ी जमीन पर दुकानें लगवाई जा सकती हैं। दूसरी ओर इस मामले में तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आज वह और एसडीएम साहब परीक्षा ड्यूटी में बरेली में है सोमवार को आकर जगह को फाइनल कर दिया जाएगा।

### आखिरी कुल के साथ तीन रोजा उर्से शेरी सम्पन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में दसवें उर्स ए शेरी के मौके पर शाहजी एकेडमी के जेरे एहतेमाम में खानकाहे शेरिया में बाद नमाज इशा ताजुल अशफिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुफ्ती कासिम अशरफी काशीपुरी ने शाहजी मियां हुजूर और अच्छे मियां हुजूर की जिन्दगी पर रोशनी ड़ालते हुए इस्लाम के उसूलों पर चलने की नसीहत की। मौलाना सईद अख्तर भोजपुरी ने मुजद्दिद अलफसानी की दीनी ताल. ीमत का तजकिरा करते हुए कहा कि दीने इलाही अकबर ने चलाया था और मुजद्दिद अलफसानी ने अकबर को मिटाकर उसके बनाये दीन का खात्मा कर दिया।

यहां नगर के मोहल्ला शाहजी नगर लाइनपार में खानकाहे शेरिया पर कुतुब ए अकताब अलहाज शाहजी मियां कघदरी मुजद्दिदी पीलीभीति के जानशीन ताजुल अश्फिया अलहाज शाह अच्छे मियां कघदरी मुजद्दिदी का तीन रोजा उर्स ए शेरी रविवार को आखिरी कुल के साथ समाप्त हो गया। आखिरी कुल का आगाज तिलावत ए कुरआन से किया गया। इससे पहले तकरीर व नात पढ़ी गई और अच्छे मियां हुजूर की शान में शायरों ने मनकबत पढ़ी। फातिहा ख्वानी के बाद मुल्क में अमन और कौम की तरक्की के लिए दुआएँ की गयीं। शाहजी एकेडमी के जेरे एहतिमाम अनवार अहमद कादरी की तजकिराये अजमात का विमोचन किया गया और फिर तबर्रुकाने औलिया अल्लाह की जियारत कराई गई।

तीन रोजा उर्स अल्हाज निसात मियां व मौलाना खालिद मियां की देखरेख में सम्पन्न हुआ। निजामत हाफिज अनवार अहमद कादरी ने की। इस मौके पर फरीद मियां, मौलाना अरशद मियां, नासिर मियां, मौलाना साबिर मियां, मौलाना फरहान मिया, मौलाना सुब्हान मियां, मौलाना राशिद शेरी, हाफिज मशरूर अहमद, हाफिज नवी हसन, हाफिज खलीक अहमद, हाफिज कैफ मोहम्मद इस्लाम, सलीम अहमद चंदा, सभसाद तशकील मियां समेत सैकड़ों अकीदतमंद मौजूद रहे।

### डीएम ने किसान सहकारी चीनी मिल्स सेमीखेड़ा का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने रविवार को किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा का निरीक्षण किया, और चीनी मिल को शुरु किए जाने की हो रही तैयारीयों का जायजा लिया।

डीएम चीनी मिल की तैयारियों से असंतुष्ट रहे और चीनी मिल के अधिकारियों के साथ बैठक कर पेराई सत्र की तैयारी यथाशीघ्र कराते हुए पैराई शुरू कराने के निर्देश दिये, जिससे गन्ना किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त गन्ना खरीद व तौल के कार्य में पारदर्शिता बनाये रखने व किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने आदि के संबध में भी निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सैनी, जीएम चीनी मिल किशन लाल, चीनी मिल फरीदपुर व मीरगंज के अभियंतागण आदि उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन ने परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए थे।

जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 4500 अभ्यर्थीयों ने परीक्षा दी। सुबह से ही अभ्यर्थियों का प्रवेश जारी रहा। जहाँ प्रवेश से पहले उनकी सघन चेकिंग की गई। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रो. कने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान



संभालते हुए थाना हापुड़ नगर और थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और पुलिस बल को सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। एसपी ने परीक्षा केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन रूप से संपन्न



कराया जाए। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात रही। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया गया। प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण, सकुशल एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हो। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके।

# खेत में निकला 12 फ़ीट लम्बा विशालकाय अजगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में रविवार की सुबह खेतों में एक विशालकाय अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। विशालकाय अजगर को देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अजगर निकालने की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद विशालकाय अजगर का सफल रेसक्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

मिली जानकारी के अनुसार गांव अकडौली में ग्रामीण जब खेतों की ओर जा रहे थे इसी दौरान उन्होंने खेत की मेड से एक विशालकाय अजगर को रेंगते हुए देखा। अजगर एक झाड़ी में छिपने की कोशिश कर रहा था। विशालकाय अजगर को देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। अजगर निकालने की सूचना



ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलती ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्क्त के बाद विशाल. काय अजगर का सफल रेस्क्यू किया। वन विभाग की टीम ने अजगर का रेसक्यू करने के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। वन कर्मियों के मुताबिक अजगर की लंबाई 10 से 12 फीट के बीच बताई जा रही है जबकि उसका वजन करीब 35 किलो से अधिक बताया जा रहा है।

डीएफओ अर्शी मलिक ने ग्रामीणों से अपील की है कि अगर किसी भी व्यक्ति को कोई जंगली जीव या सरीसृप दिखे तो तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दें। खुद से उसे पकड़ने या मारने का प्रयास न करें। वन विभाग द्वारा अजगर के सफल रेसक्यू के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस व व्यापारियों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली परिसर में थाना प्रभारी पटनीश कुमार की अध्यक्षता में व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। आगामी त्योहारों - दीपावली, भाईदूज, गोवर्धन पूजा एवं छठ पर्व के मद्देनजर बाजारों में भीड़-भाड़ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर यहां चर्चा हुई।

थाना प्रभारी ने बताया कि भीड़ और जाम से निपटने के लिए एक विशेष योजना बनाई गई है। बाजारों में अतिरिक्त फोर्स व महिला पुलिसकर्मी तैनात की जाएंगी और पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और उन्हें ठीक से संचालित रखने की अपील की। व्यापारियों ने पुलिस की इस



तैयारी की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस बैठक में व्यापार मंडल के पदा. धिकारियों सहित शहर के कई व्यापारियों ने भाग लिया।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सरस्वती कॉलेज में हुआ वॉकाथॉन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर में स्थित सरस्वती कॉलेज ऑफ में उत्तर प्रदेश द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में वॉकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भावनात्मक कल्याण को प्रोत्साहित करना और समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व को रेखांकित करना था।

वॉकाथॉन का आयोजन 11 अक्टूबर को किया गया, जिसका मार्ग रामलीला मैदान से लेकर एसआईएमएस गेट, पिलखुवा तक रहा। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष 10 अक्टूबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने हेतु सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम विभाग मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग द्वारा प्रोफेसर डा. आर मनोहरी शिवकुमार, प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग संयोजक एवं प्रोफेसर केतन शर्मा, उप-प्राचार्य सह-संयोजक के नेतृत्व में आयोजित किया गया। वॉकाथॉन में सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल के 300 से अधिक विद्यार्थियों और 55 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता फैलाना, भेदभाव और कलंक को



कम करना तथा मानसिक समस्याओं की शीघ्र पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के अवसर पर प्रोफेसर डा. आर मनोहरी शिवकुमार, प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्व दिया जाना चाहिए। सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डा. जे रामचंद्रन एवं वाइस चेयरपर्सन राम्या रामाचंद्रन ने वॉकाथॉन के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से एक स्वस्थ, जागरूक और संवेदनशील समाज के निर्माण के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ा रहा है।

# ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, महिला सहित तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखवा कोतवाली क्षेत्र में रविवार को ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने लगे। इतना ही नहीं झगडे के दौरान जमकर पथराव भी हुआ। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस में मौके पर पहुंच गई और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के आजमपुर का है। जहा ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट के दौरान घर की छत से पथराव भी हुआ। इस दौरान एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। मारपीट की सूचना मिलते ही पिलखुवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने घायलों को नजदीक की अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि गांव आजमपुर में ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में झगड़े की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अराजकता फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

# वेयरहाउस में मैनेजर के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र स्थित एक वीआईपी वेयरहाउस में कार्यस्थल पर विवाद के बाद मैनेजर के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने तीन कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

मुख्य रूप से झांसी जनपद के गुरसराई निवासी मैनेजर अंकुर जैन द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार, कंपनी में कार्यरत तीनों आरोपियों - देवेंद्र उर्फ छोटू, देवराज और सचिन उर्फ जादू सभी ग्राम लाखन, पिलखुवा निवासी ने 8 अक्टूबर को उनके साथ अशालीन भाषा का प्रयोग करते हुए शारीरिक हमला किया। मौके पर भीड़ जमा होते देख आरोपियों ने जानलेवा हमले की धमकी देकर फरार हो गए। इस हमले में अंकुर जैन को शारीरिक चोटें आई हैं। पुलिस द्वारा इस मामले में धमकी और मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आरोपियं की गिरफ्तारी के लिए तलाश जारी है तथा दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## नशे की हालत में खड़े युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना क्षेत्र के देहपा पुलिया पर शनिवार देर रात एक सड़क हादसा घटित हुआ, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस जानकारी के अनुसार, मोहल्ला डाबरिया का 30 वर्षीय संजय नशे की हालत में पुलिया पर खड़ा था कि तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में संजय का पैर टूट गया और उसकी हालत गंभीर हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से बाद में चिकित्सकों ने उसे उन्नत इलाज के लिए मेरठ रेुर कर दिया। वहीं, बाइक चालक घटना के तुरंत बाद वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश जारी है। कोतवाली प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### एनएच-9 पर हुई सड़क दुर्घटना में चालक की मौत, ड्राइवर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर शनिवार तड़के एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक डीसीएम वाहन के चालक की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस जानकारी के अनुसार, लखीमपुर खीरी के ग्राम सिसौरा निवासी गुरमुख सिंह अपनी डीसीएम केंटर में अनानास लादकर सिलीगुड़ी से दिल्ली जा रहे थे। एनएच-9 पर फ्लाईओवर के पास पिलर नंबर 34-35 के पास उनके वाहन का तेल खत्म हो गया। जब गुरमुख सिंह वाहन का निरीक्षण करने के लिए नीचे उतरे, तभी हापुड़ से आ रही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में मौजूद क्लीनर सर्वजीत सिंह सुरक्षित बच गए। मौत के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तेज रफ्तार वाहन चालान के मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश जारी है।

### दीपोत्सव 2025 का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** लाला गंगा सहाय धर्मशाला में संस्कार भारती जनपद द्वारा दीपोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, नाट्य और रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से समरसता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि बीके मित्तल और अध्यक्ष विभू बंसल ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के 23 सदस्यों को संस्कार रत्न सम्मान से भी नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विशाल कौशिक ने किया।

### किसानों की समस्याओं को लेकर आज होगी भाकियू संघर्ष की महापंचायत, जुटेंगे हजारों लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ मेरठ रोड की जर्जर सड़क की मरम्मत न होने के साथ ही बकाया गन्ना भुगतान की अदायगी समेत अन्य जन समस्याओं को लेकर भाकियू संघर्ष की महापंचायत में हजारों की भीड़ जुटने का दावा किया जा रहा। भाकियू संघर्ष के बैनर तले आज गढ़ चौपला के गुरुद्वारा परिसर में महापंचायत का आयोजन किया जाना है। जिसमें अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत गुर्जर, राष्ट्रीय महासचिव गब्बर सिंह चेयरमैन, युवा प्रदेश अध्यक्ष नितेश पंडित, जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रधान आदि ने अलग अलग टीम बनाकर तहसील क्षेत्र के गांवों में सघन जनसंपर्क किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत गुर्जर ने बताया कि महापंचायत में मुख्य रूप से गढ़ मेरठ रोड की जर्जर हो रही सड़क की मरम्मत के साथ ही पिछले साल के बकाया चल रहे गन्ना भुगतान की अदायगी समेत क्षेत्रीय जनता से जुड़ीं अन्य प्रमुख समस्याओं को उठाया जाएगा।

### स्कूटी सवार युवक के सामने आया तेंदुआ, लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** रास्ते में अचानक तेंदुआ आने पर बुलंदशहर का युवक स्कूटी की रफ्तार बढ़ाकर भाग निकला, जिसके द्वारा सूचना दिए जाने पर काफी लोग मौके पर एकत्र होकर खोजबीन करने में जुट गए। परंतु अथक प्रयास के बाद भी तेंदुए का कोई अता पता लग पाना संभव नहीं हो पाया। जनपद बुलंदशहर के बीबीनगर क्षेत्र में रहने वाला विनोद शनिवार की रात को सिंभावली क्षेत्र के गांव धनपुरा से अपने घर को लौट रहा था। रास्ते में हिम्मतपुर रोड पर पहुंचते ही रेलवे फाटक के पास अचानक सामने तेंदुआ आने पर विनोद के होश उड़ गए, जो अपनी स्कूटी की रफ्तार बढ़ाकर वहां से भाग निकला। इस संबंध में सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंच गई, परंतु काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी तेंदुए का कोई अता पता लग पाना संभव नहीं हो पाया। जयपाल, सुनील, हारून, सुखबीर ने बताया कि करीब एक माह पहले भी इसी स्थान पर तेंदुआ और उसका शावक दिखाई दिया था, परंतु वन विभाग धरपकड़ करने में पूरी तरह किल साबित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर रिर से तेंदुआ दिखाई दिया है, वहां से होकर एक स्कूल, तीन इंटर कॉलेज और एक डिग्री कॉलेज के हजारों छात्र छात्रा आवागमन करते हैं, इसलिए वन विभाग को पिंजरा लगाकर तेंदुए की जल्द से जल्द धरपकड़ करनी चाहिए। वन रेंजर करनसिंह का कहना है कि इस संबंध में कोई भी सूचना नहीं मिल पाई है, परंतु अब विभागीय स्तर से टीम भेजकर जांच पड़ताल कराई जाएगी। अगर तेंदुआ दिखाई दिया है तो उसकी धरपकड़ को पिंजरा लगवाने के साथ ही अन्य सभी प्रयास किए जाएंगे।

# मुकदमे के आरोपी ने पीड़िता को दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमलापुर में एक मुकदमे की आरोपी पक्ष द्वारा पीड़िता और उसके परिवार को लगातार डराए-धमकाए जाने का गंभर मामला सामने आया है। पीड़िता हिना ने कोतवाली में दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फैजान और उसके परिवार वाले लगातार उसे समझौता करने के लिए दबाव डाल रहे हैं।

पीड़िता के अनुसार, 29 सितंबर को जब फैजान जेल से रिहा हुआ, तभी से उसके परिजन उसके घर के बाहर शोर-शराबा करने, पटाखे फोड़ने और गाली-गलौज करने लगे। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब शनिवार की सुबह हिना अपनी बेटी और पत्नी के साथ जंगल जा रही थी। इसी दौरान फैजान और उसके साथियों ने उसका रास्ता रोककर स्पष्ट रूप से जान से मार देने की धमकी देते हुए मुकदमा वापस लेने को कहा। पुलिस ने इस गंभीर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। कोतवाली प्रभारी ने पुष्टि की कि मामले की गहन जाँच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा की विद्वत संगोष्ठी, आरक्षण पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन की एक महत्वपूर्ण विद्वत संगोष्ठी बैठक नगर के स्वर्ग आश्रम रोड पर स्थित देवलोक कालोनी में आयोजित हुई। इस बैठक में हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा और बुलंदशहर जिलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली प्रदेश संयोजक पंडित आदित्य मोहन शर्मा और अध्यक्ष संगठन के वरिष्ठ सदस्य पंडित धर्मपाल शर्मा रहे। मंच पर पंडित प्रदीप शर्मा पश्चिमी प्रदेश प्रभारी, सुशीला शर्मा और पंडित बिजेंद्र शर्मा सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। मंच संचालन मीडिया प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश पंडित राकेश कुमार कौशिक ने किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज की वर्तमान स्थिति पर विचार रखे। संगठन ने आरक्षण व्यवस्था को सभी समाज के लिए घातक बताते हुए कहा कि इसके कारण दलित और पिछड़ा वर्ग शिक्षा प्रतियोगिता में पिछड़ता जा रहा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने फोन द्वारा संबोधित करते हुए पदाधिका. रियों से संगठन के प्रति कट्टर बनने और समाज को ब्राह्मण की ताकत का अहसास कराने का आहवान किया। उन्होंने विशेष रूप से ब्राह्मण समाज को वोट के प्रति जागरूक करने और वोट की शक्ति को दलगत राजनीति की गुलामी से बाहर निकालकर शक्ति में परिवर्तित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोई भी



राजनीतिक दल ब्राह्मणों के हित में काम नहीं कर रहा है। पश्चिमी प्रदेश प्रभारी पंडित प्रदीप शर्मा ने श्हर घर फरसा कार्यक्रमश के तहत 501 फरसों के वितरण की घोषणा की। डाक्टर मनोज गौड़ को संगठन में उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश मनोनीत किया गया। बैठक में जिला बुलंदशहर सहित अन्य क्षेत्रों के कई पदाधिकारियों को मनोनीत कर संगठन का विस्तार किया गया। कार्यक्रम में डा. मनोज गौड़, पंडित रामकिशन शर्मा गाजियाबाद जिलाध्यक्ष, पंडित प्रवीण शर्मा बुलंदशहर जिलाध्यक्ष, मोहिनी शर्मा हापुड़ महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्षा और पंडित दुष्यंत शर्मा जिलाध्यक्ष परशुराम सेना हापुड़ सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लगातार हो रहे गंगा के भूकटान से मंडरा रहा खतरा

**गढ़मुक्तेश्वर।** बाढ़ के दौरान हजारों बीघा जंगल में भूकटान के बाद अब पड़ोसी गांव के लोगों द्वारा गांव गड़ावली के अस्तित्व पर खतरा मंडराने से भयभीत ग्रामीणों ने अवैध बालू खनन की रोकथाम को पुलिस में गुहार लगाई।

गंगा नदी में दो बार आई बाढ़ के कारण किनारे वाले जंगल में बड़े स्तर पर भूकटान होने से हजारों बीघा भूमि गंगा में समा गई थी। भूकटान से प्रभावित जंगल में अवैध रूप से बालू खनन होने की शिकायत लेकर गड़ावली के ग्रामीणों की भीड़ प्रधान प्रेमसिंह राणा के नेतृत्व में कोतवाली पहुंची। ग्रामीणों ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि पड़ोसी गांव चक लठीरा के लोग वन विभाग की भूमि समेत उनके खेतों में अवैध रूप से बालू खनन करा रहे हैं, जिससे आगे



चलकर गांव गड़ावली की आबादी को गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। प्रधान ने अवैध बालू खनन पर प्रभावी ढंग में रोक लगाए जाने के साथ ही गंगा के भूकटान से संबंधित अपनी कृषि भूमि में किसी भी प्रकार से अवैध कब्जा करने वालों पर भी अंकुश लगाए जाने की मांग उठाई। गांव के चौकीदार जयकिशन सिंह ने कहा कि अगर गांव चक लठीरा के लोगों पर नकेल नहीं कसी गई तो फिर बालू खनन की आड़ में वे उनके खेतों में भी कब्जा कर लेंगे। इंस्पेक्टर मनोज कुमार बालियान का कहना है कि ग्रामीणों की शिकायत पर संबंधित मामले की जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने भरी आंदोलन की हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाकियू के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने अपने ही गन्ने का भुगतान न मिलने को किसानों को खुला उत्पीड़न बताते हुए गन्ना भुगतान चुकता होने तक वसूली अभियान को पूरी तरह न रोके जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

भाकियू टिकैत के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष यामीन मलिक का सिंभावली क्षेत्र में उनके पैतृक गांव बक्सर में सर्वसमाज के लोगों द्वारा फूलमाला पहनाकर जोरदार ढंग में अभिनंदन किया गया। इस दौरान यामीन मलिक ने कहा कि नियमावली के तहत ब्याज तो दूर बल्कि अभी तक किसानों को अपने ही गन्ने का असल भुगतान तक मिल पाना संभव नहीं हो पाया है, जिससे आर्थिक तंगी में घिरे किसानों को बच्चों की ब्याह शादी समेत अन्य जरूरतपूर्ति के लिए बैंक और साहूकारों से ब्याज पर कर्ज तक लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा आय दोगुनी करने का जो वादा किया गया था, वह किसानों की दुर्दशा दूर न होने के कारण अभी तक पूरी तरह बेइमानी साबित हो रहा है। मलिक ने कहा कि गोशाला, आश्रम स्थल और गोसंरक्षण केंद्र की योजना पर अरबों रुपये की भारी भरकम रकम खर्च होने के बाद भी आवारा पशुओं पर कोई नकेल कस पानी संभव नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों द्वारा कड़ी मेहनत मशक्कत और गाढ़ी कमाई के पैसों से उगाई हुई फसलों में हो रही बर्बादी रोकने के लिए किसानों को जान हथेली पर रखकर सुनसान जंगल में रातभर पहरेदारी करने को मजबूर होना पड़ रहा है। मलिक ने कहा कि जब तक गन्ने का भुगतान



पूरी तरह क्लीयर नहीं हो जाता है, तब तक सरकारी स्तर से चलाया जा रहा वसूली अभियान पूरी तरह रोका जाए। अन्यथा किसानों के इस उत्पीड़न के विरुद्ध जल्द ही भाकियू द्वारा सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान महेंद्र सिंह, रविपाल, सुनील सिंह, आसिफ, विनोद कुमार, देवेंद्र पाल, कुलदीप सिंह, सुखबीर, आरिफ खां, अनिल कुमार, जयवीर सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्रीनवुड स्कूल में अभिभावकों के लिए पेरेंटिंग सत्र का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रीन वुड स्कूल में अभिभावकों के लिए एक पेरेंटिंग सत्र का आयोजन दिनांक 9 तथा 10 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया। जिसका विषय था श्मिडिल स्कूल वर्षों में अपने बच्चों को समझना और सहयोग देना। यह कार्यक्रम कक्षा 6 तथा 7 के बालक तथा बालिका वर्ग के बच्चों के सभी अभिभावकों के लिए आयोजित किया गया था। इस सत्र का उद्देश्य इस आयु वर्ग के बच्चों की मानसिक, शैक्षणिक और सामाजिक जरूरतों को समझना और उनके उचित मार्गदर्शन हेतु उपयोगी सुझाव देना था। यह एक विशेष प्रकार की पहल थी जिसमें स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया गया। इस पेरेंटिंग सत्र को ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान, स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज तिवारी और स्कूल की काउंसलर डॉ नौशीन नुसरत ने संबोधित किया। स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों से उनके स्कूल, दोस्तों और उनकी भावनाओं के बारे में नियमित बातचीत करें। उनको डांटे नहीं और उनकी बात को बिना आला. ेचना किए ध्यान से सुने। बच्चों की पढ़ाई भोजन, मोबाइल फोन के लिए एक निश्चित समय निर्धारित करें। बच्चों को समय का सही प्रबंधन सिखाएं उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को अपने होमवर्क प्रोजेक्ट और जिम्मेदारियां को खुद संभालने का अवसर दें। किसी भी परेशानी होने पर केवल उनका मार्गदर्शन करें। बच्चों का गृह कार्य उनको स्वयं करने दें। अपने बच्चों की तुलना किसी दूसरे से ना करें इससे बच्चे का आत्मविश्वास घटता है। उन्होंने कहा कि हर काम में बच्चों पर आवश्यक नियंत्रण रखें ,उन्हें निर्णय लेने दें प्रारंभ में कुछ गलतियां तो अवश्य होगी परंतु वह अपनी गलतियों से सीखेंगे भी और इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। माता-पिता को अपने बच्चों की भावनाओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए सत्र में ग्रीनवुड स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने अभिभावकों से आवाहन किया की वे सदैव स्कूल से जुड़े रहे। पैरंट टीचर मीटिंग और स्कूल कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लें। बच्चों के शिक्षकों से संवाद स्थापित रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों को पोषक भोजन दें जंक फूड से उनको दूर रखें उन्होंने कहा कि बच्चों की केवल पढ़ाई पर ही ध्यान ना दें क्योंकि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में नैतिकता रचनात्मक और व्यक्तित्व विकास भी उतना ही जरूरी है जितनी पढ़ाई। गलती होने पर बच्चों को कठोर दंड नही दें। मारपीट या चिल्लाने के स्थान पर सीखने वाली प्रवृत्ति और अनुशासन को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर स्कूल की मनोवैज्ञानिक काउंसलर डॉक्टर नौशीन नुसरत ने सभी पेरेंट्स से आवाहन किया कि वे स्वयं अपने व्यवहार से ईमानदारी अनुशासन और सहानुभूति का उदाहरण अपने बच्चों के समक्ष प्रस्तुत करें।

बच्चा यदि कोई अच्छा कार्य करता है तो उसकी सराहना करें परिणाम की चिंता ना करें। बच्चों के प्रयासों और उनकी मेहनत की प्रशंसा करने को महत्व दें ना की सिर्फ अंकों को। सभी अभिभावक अपने घर का माहौल ऐसा बनाएं जहां बच्चा अपनी भावनाएं बिना डर के व्यक्त कर सके। बच्चों को इंटरनेट और सोशल मीडिया का सही उपयोग सिखाएं। धैर्य रखें क्योंकि बच्चे इस उम्र में बहुत ज्यादा जिद्दी होते हैं पहले उनको पूरे धैर्य से सुने उसके बाद कोई निर्णय लें। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को अत्यधिक व्यस्त ना करें क्योंकि बहुत अधिक ट्यूशन या एक्टिविटीज से बच्चों में मानसिक थकावट हो सकती है। बच्चे अभी छोटे हैं अभी यह न सोचे कि उनका बच्चा सब कुछ स्वयं संभाल लेगा सभी बच्चों को मार्गदर्शन की अत्यधिक आवश्यकता होती है जिसे ज्यादातर अभिभावक नजरअंदाज कर देते हैं। अंत में स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान और प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने सभी पेरेंट्स से आवाहन किया कि यदि उनको स्कूल से किसी भी प्रकार की मदद की जरूरत है तो वह मदद लेने में संकोच न करें। यदि उनका बच्चा किसी भावनात्मक या शिक्षा संबंधी कठिनाइयों से जूझ रहा हो तो स्कूल काउंसलर या विशेषज्ञ से तत्काल संपर्क स्थापित करें।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम स्कूल में समय-समय पर होते रहेंगे जिसे बच्चों का समग्र विकास हो। सभी अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन के इस प्रयास की जमकर सराहना की और कहा कि यह इससे उनको अपने बच्चों से सार्थक संवाद स्थापित करने में सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य शकील अहमद, हेड मिस्ट्रेस परवीन खान, सुष्मिता आदित्य, फिरोज हैदर, एहतेराम अली, मुर्तजा अली, उबैद खान, सुमित राय, मनदीप सिंह, सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# नो एन्ट्री खुलने से पूर्व सुल्तानपुर पट्टी मार्ग पर लगा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर की एंट्री खुलने पूर्व खुशहालपुर मोड़ से लेकर सुल्तानपुर पट्टी तक रेत से भरे वाहनों की कतार लग जाती है जिसकी वजह से आने जाने वाले वाहन चालको को काफी परेशानी का सामने करना पड़ता है। कार व मोटरसाइकिल चालक रोड डायवर्जन कर सुल्तानपुर पट्टी पहुंचते है दोनो तरफ से वाहन आने जाने पर घंटों घंटों जाम की स्थित बनी रहती है। सुल्तानपुर पट्टी मार्ग पर सुबह से ही रेत से भरे वाहनों की लाइन लगना शुरू हो जाती है। शाम आठ बजे तक सुल्तानपुर पट्टी मार्ग पूरी तरह ब्लॉक हो जाता है क्यू की रात आठ बजे के बाद नो एंट्री खुलती है। इसी वजह से वाहन चालक अपने वाहनों को खड़ा कर देते है पांच बजे से ही सुल्तानपुर पट्टी मार्ग पर इन रेत से भरे वाहनों के खड़ा होने कारण जाम की स्थित बनी रहती है। आने जाने वाले वाहन चाल. को को सात किलो मीटर का रास्ता तय करने मे घंटों का समय लग जाता है। अगर कोई बीमार व्यक्ती सात बजे के बाद अगर काशीपुर जाना चाहे तो उसको भी घंटों का समय लगता है। एक दिन की बात नही है सुल्तानपुर पट्टी मार्ग पर रोजाना येही हाल रहता है पुलिस प्रशासन इस बात लेकर गंभीर नही है।

# महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को महिलाओं और लड़कियों पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

मामला ग्राम खुशहालपुर मोड़ तिराहा का है। महिला सुरक्षा दल/एंटी रोमियो अभियान के तहत उपनिरीक्षक नीलम द्विवेदी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रही थीं। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि एक युवक राह चलती महिलाओं पर फब्तियां कसता है और अश्लील गाने बजाकर सार्वजनिक स्थान पर माहौल बिगाड़ता है।सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी की पहचान गौरव पुत्र राधेश्याम निवासी वार्ड नंबर 12, चाउपुरा मसवासी, थाना स्वार के रूप में की। बताया जा रहा है कि युवक राह चलती महिलाओं पर अभद्रता करता है ओर महिलाओ व लड़कियो पर फब्तिया कसता है ' ।पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला सुरक्षा दल लगातार क्षेत्र में गश्त कर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

# सपा के पूर्व विधायक ने उमरा जा रहे जत्थे का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर मे उमरा करने मक्का मदीना जा रहे जत्थे का सपा के पूर्व विधायक ने किया फूल मालाओं से स्वागत। समाजवादी पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय विधायक विजय सिंह ने आज नगर में पहुंचकर उमरा करने मक्का मदीना को जा रहे जत्थे का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। उमरा के सफर पर जाने वाले नगर के मोहल्ला पक्की सराय की जुनैद और फरहान नया गांव के शकील और उनकी अहिल्या और रौरा खुर्द के इसरार अहमद और उनकी अहिल्या शामिल रहे। इस बीच नगर के उन लोगों ने भी उनका स्वागत किया। इसके बाद पूर्व विधायक तहसील क्षेत्र के ग्राम क्योरार पहुंचे जहां नदी में डूबने से बुजुर्ग हमीद की रामगंगा नदी में डूबने से मौत हो गई थी उनके परिवार से मिलकर अपनी शोक संवे. दना प्रकट की। इस अवसर पर पूर्व सभासद इकरार हुसैन, मोहम्मद असलम, युनुस अंसारी, जीशान राजा खान, नन्हे कादरी, अजीम मलिक, नाजिद खान, हाजी सईदुल रहमान, शाकिर कुरैशी, मोहम्मद अहमद आदि थे।

# इम्पैक्ट कॉलेज में कानूनी सशक्तिकरण व कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को इम्पैक्ट कॉलेज रामपुर में कानूनी सशक्तिकरण व कघनूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका थीम घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, तथा दहेज रखा गया। उम्मा ग्लोबल केयर ट्रस्ट तथा केयर एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी, रामपुर के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम इम्पैक्ट कॉलेज में आयोजित हुआ।

इस प्रोग्राम की अध्यक्षता कॉलेज चेयरमैन डॉ. सुलतान अहमद सैफी ने की तथा विशिष्ट अतिथि सीनियर एड. हिदायत अली, एड. सुनीता वर्मा, एड. इशरत सुल्ताना रहीं। विशेष अतिथि एड. फहमीना कुरैशी, एड.हरविंदर सब्बरवाल, एड.सुरेश कुमार सैनी, एड.जमीर रिजवी, एड. नूर उल सहर तथा एड. सबा खघन रहे।

इस अवसर पर कॉलेज एम.डी. सरताज अहमद प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद आयोजक उवैस हसन, एड. फैसल शाह खघन, समस्त फैकल्टी मेम्बर्स तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे। प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद ने सभी अधिवक्ताओं का परिचय कराया तथा स्वागत किया। इसके बाद सभी उपस्थित अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे तथा कघनूनी जानकारियाँ दीं जिनमें घरेलू हिंसा, साइबर क्राइम, मूल अधिकार, मोटर व्हीकल एक्ट, दहेज एक्ट प्रमुख रहे। इसके उपरांत छात्र छात्राओं द्वारा सवाल जवाब सेशन का आयोजन हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा सीनियर अधिवक्ताओं से बहुत सारे सवाल कघनून से संबंधित पूछे गए जिनका सभी अधिवक्ताओं द्वारा जवाब दिया गया। इस प्रकार से यह बहुत ही कामयाब कार्यशाला रही तथा मौजूद सभी छात्र छात्राओं व प्रवक्ताओं ने इसका पूरा फायदा उठाया और कघनूनी ज्ञान प्राप्त किया।

अंत में कॉलेज एम.डी. सरताज अहमद ने सभी आयोजकों तथा अधिवक्ताओं का लीगल अवेयरनेस पर शानदार प्रोग्राम करने पर शुक्रिया अदा किया इसके उपरान्त आयोजक उवैस हसन व एड. फैसल शाह खघन ने कॉलेज प्रबंधन तथा वकीलों का धन्यवाद किया।

संचालन रख्शी मिर्जा तथा बेबी उरूज ने किया

# वेतन एवं एरियर को लेकर आउटसोर्सिंग स्टाफ ने सीएमओ ओर को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला अस्पताल में तैनात आउट सोर्सिंग स्टाफ (अनमोल इंटरप्राइजेज) के अंतर्गत ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमे उन्होंने कहा कि पिछले 3 माह से वेतन नही दिया गया है।

जिसकी शिकायत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से भी की गई लेकिन उन्हें केवल आश्वाशन दिया गया परंतु आज तक कोई भी कार्यवाही नही की गई और ना ही उन्हें वेतन मिला। आउटसोर्सिंग स्टाफ ने बताया कि कंपनी द्वारा उन्हें पिछले 1 साल से एरियर का भुगतान भी नही किया गया। कुछ स्टाफ को पिछले 15 माह से मेडिकल लीव का भी पेमेंट कंपनी द्वारा नहीं मिला है आउटसोर्सिंग स्टाफ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से दो माह का वेतन, 1 साल का एरियर एवं 15 महीने का मेडिकल लीव का भुगतान करवाने की मांग की है जिससे वह अपने परिवार का भरण पोषण सही से कर सके। इस मौके पर मौके पर मुकेश यादव, अमित कुमार, शालिनी, रिजवान, फरमान, सुमित कुमार, दिव्या शुक्ला, अब्दुल सबूर, जयदीप, अभिषेक, अभिलाषा, मेहनाज आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# चुनावी रणभूमि के प्रथम योद्धा हैं बूथ अध्यक्षः हरीश

**स्वार नगर मंडल प्रवास के दौरान बोले जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि बूथ अध्यक्ष चुनावी रणभूमि के प्रथम योद्धा हैं।

उन्हीं योद्धाओं के त्याग और मेहनत का परिणाम है कि आज केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से अपील करते हुए कहा कि वे आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं।

रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार स्वार विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहे।

उन्होंने स्वार नगर मंडल के बूथ अध्यक्षों व सेक्टर संयोजकों के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूथ अध्यक्ष ही पार्टी संगठन की प्रथम और सबसे मजबूत कड़ी हैं।

किसी भी चुनाव की सफलता बूथ स्तर की मजबूती पर ही निर्भर करती है। यदि बूथ अध्यक्ष सक्रिय और जागरूक हैं, तो संगठन की जड़ें भी उतनी ही गहरी होंगी।

उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों, विचारधारा और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सबसे पहले बूथ अध्यक्षों पर होती है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर बूथ को संगठनात्मक रूप से सक्रिय बनाएं और प्रत्येक मतदाता से संवाद स्थापित करें।

जिलाध्यक्ष ने बूथ अध्यक्षों से संगठनात्मक दृष्टि से सुझाव भी मांगे, ताकि जमीनी स्तर पर सामने आ रही समस्याओं और चुनौतियों का समाधान किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की भागीदारी और सुझावों के बिना कोई भी संगठन मजबूत नहीं हो सकता।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को यह संदेश दिया कि वे संगठन के प्रति निष्ठावान रहते हुए समर्पण और ईमानदारी से अपने-अपने क्षेत्रों में काम करें, ताकि पार्टी आने वाले समय में और अधिक सशक्त होकर उभरे।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र दिवाकर, मंडल प्रभारी तरनजीत ग्रोवर, जिला उपाध्यक्ष महेश मौर्य, जिला मंत्री महेंद्र सैनी, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, लक्ष्मीकांत सैनी, महेंद्र मौर्य, राजेश शर्मा, दिलीप अरोड़ा लालमन तोमर, अमित चंद्रा, लाल सिंह सैनी, अमित सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# आजम खां से मिले आजमवादी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को रामपुर में समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता मोहम्मद आजम खां ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उनके हालचाल जानने के लिए दिन भर उनके समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा।

इस दौरान मिलक नगर के कुछ कार्यकर्ता भी उनसे मिलने उनके आवास पर पहुंचे जहां उन्होंने मोहम्मद आजम खां से मिलकर उनका हालचाल जाना।

इस अवसर पर इरफान हुसैन, असर अली आदि मौजूद थे।

# लाडपुर के जंगल में तेंदुआ पकड़ने को वन विभाग ने लगाया पिंजरा, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



तेंदुए पकड़ने के लिए पिंजरा लगाती वन विभाग की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चार दिन पूर्व मंसूरपुर मे स्कूल पास तेंदुआ देखा गया था जिसको लेकर मंसूरपुर सेमरा लाडपुर के जंगल में तेंदुआ पकड़ने के लिए वन विभाग के कर्मचारियों ने पिंजरा लगा दिया है गुरुवार को जिला बन अधिकारी ने वन कर्मियों के साथ तेंदुए के पद चिन्ह तलाश किए और ग्रामीणों को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

सेमरा लाडपुर और मंसूरपुर के जंगल में तेंदुए की चहल कदमी को लेकर ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया तेंदुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था जिसको लेकर ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया।

सूचना पाकर वन कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया ग्रामीणों का कहना था की वन विभाग की टीम तेंदुआ पकड़ने के बजाय मामले को रफा-दफा करने में जुटी हुई है। जिसकी सूचना पाकर गुरुवार को जिला वन अधिकारी प्रनव जैन मौके पर पहुंचे और बन कर्मियों के साथ कांबिंग की कांबिंग के दौरान तेंदुए के पद चिन्ह पाए गए जिसको लेकर जिला वन अधिकारी ने ग्रामीणों को पिंजरा लगाने का आश्वा. सन दिया। वन दरोगा कुलबीर सिंह और अन्य वन कर्मचारियों ने सेमरा लाडपुर मंसूरपुर संपर्क मार्ग के किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे गन्ने के खेत में पिंजरा लगा दिया है जिसको लेकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** रविवार को मिशन शक्ति अभियान के चरण फेज-5 के अंतर्गत महिला उप निरीक्षक आराधना तोमर, महिला कांस्टेबल प्रिया पांडे , कांस्टेबल पूनम और कांस्टेबल तनु द्वारा बस स्टैंड सीकमपुर, ग्राम सिकमपुर, ग्राम चंदूपूरी तथा फत्तावाला में महिलाएं एवं बालिकाओं की चौपाल लगाकर सुरक्षा,सम्मान, स्वाबलंबन , यातायात के सभी नियमों के विषय में बताया गया व सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे-विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वल योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधान मंत्री जन अरोग्य योजना,नशा मुक्ति भारत अभियान आदि से अवगत कराते हुए तथा महिलाओं को उनकी सुरक्षा सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वूमेन पावर लाइन-1090,महिला हेल्पलाइन नंबर -181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112,स्वास्थ्य सेवा-102,108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076,चाइल्ड लाइन 1098, तस्थ 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया।

# एसपी ने किया थाना टाण्डा का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा द्वारा शनिवार की शाम थाना टांडा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने विभिन्न रजिस्टरों व उनके रख रखाव व प्रविष्टियां, महिला हेल्पडेस्क आदि को चौक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी विद्यासागर मिश्रा शनिवार शाम स्थानीय थाने पहुंचे और साफ सफाई सहित विभिन्न अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने रात्रि गश्त बढ़ाये जाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी टांडा कीर्तिनिधि आनन्द आदि उपस्थित रहे।





# मिशन शक्ति महिला सुरक्षा दल आत्मरक्षा और साइबर अपराधों के बचाव के लिए किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूपपुर में महिला सुरक्षा दल थाना सैफनी द्वारा चौपाल लगाकर महिलाओं बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1930 साइबर क्राइम, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ सेवा एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित एवं प्राथमिक विद्यालय रूपपुर मुख्य द्वार पर चस्पाया गया तथा अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक कर निम्न सुझाव दिए प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करे अपना खाता संख्या , पिन, ओटीपी, सीबीवीं नंबर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करे साइबर फ्राड धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर पोर्टल पर शिकायत करे या 1930 पर कॉल कर अपनी अपनी शिकायत कर दर्ज कराए अथवा साइबर सेल से संपर्क करें ।

# चंद्रपुरा खुर्द में कच्चा मकान गिरने से मां और बेटा हुए घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चंद्रपुरा खुर्द में शुक्रवार की देर रात्रि लगभग डेढ़ बजे करीब माया देवी पत्नी स्वर्गीय मुनेश का मकान अचानक भर भराकर गिर गया।

मायादेवी व बच्चों की चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने मौके पर पहुंच कर मलबे में दबे मां और उनके बेटे को बड़ी भारी मशक्कत कर मलबे से बाहर निकाला। जिसमें मायादेवी लगभग 34 वर्षीय और उनका बेटा अरनब लगभग 5 वर्षीय दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।

गांव बालों ने किसी तरह एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया वही गांव बालों ने बताया कि माया देवी के पति की काफी समय पूर्व मौत हो चुकी हैं और घर की हालत बहुत खराब है तथा राजस्व विभाग की टीम ने गांव चंद्रपुरा खुर्द पहुंचकर मुआयना किया।

# स्वार नगर मंडल प्रवास के दौरान बोले जिलाध्यक्ष

■ चुनावी रणभूमि के प्रथम योद्धा है बूथ अध्यक्षः हरीश गंगवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** रविवार को जिला अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्षों और सेक्टरों संयोजकों के साथ बैठक कर पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटने का आहवान किया।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि बूथ अध्यक्ष चुनावी रणभूमि के प्रथम योद्धा हैं। उन्हीं योद्धाओं के त्याग और मेहनत का परिणाम है कि आज केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से अपील करते हुए कहा कि वे आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं।

रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार स्वार विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहे। उन्होंने स्वार नगर मंडल के बूथ अध्यक्षों व सेक्टर संयोजकों के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूथ अध्यक्ष ही पार्टी संगठन की प्रथम और सबसे मजबूत कड़ी हैं। किसी भी चुनाव की सफलता बूथ स्तर की मजबूती पर ही निर्भर करती है। यदि बूथ अध्यक्ष सक्रिय और जागरूक हैं, तो संगठन की जड़ें भी उतनी ही गहरी होंगी।

उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों, विचारधारा और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सबसे पहले बूथ अध्यक्षों पर होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर बूथ को संगठनात्मक रूप से सक्रिय बनाएं और प्रत्येक मतदाता से संवाद स्थापित करें। जिलाध्यक्ष ने बूथ अध्यक्षों से संगठनात्मक दृष्टि से सुझाव भी मांगे, ताकि जमीनी स्तर पर सामने आ रही समस्याओं और चुनौतियों का समाधान किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की भागीदारी और सुझावों के बिना कोई भी संगठन मजबूत नहीं हो सकता। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को यह संदेश दिया कि वे संगठन के प्रति निष्ठावान रहते हुए समर्पण और ईमानदारी से अपने-अपने क्षेत्रों में काम करें, ताकि पार्टी आने वाले समय में और अधिक सशक्त होकर उभरे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र दिवाकर, मंडल प्रभारी तरनजीत ग्रोवर, जिला उपाध्यक्ष महेश मौर्य, महेंद्र सैनी, अर्जुन रस्तोगी, लक्ष्मीकांत सैनी, महेंद्र मौर्य, राजेश शर्मा, दिलीप अरोड़ा लालमन तोमर, अमित चंद्रा, लाल सिंह सैनी, अमित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी डॉ. विकास शुक्ला ने किया रामलीला का फीता काटकर उद्घाटन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के डॉ विकास शुक्ला ने रामलीला का उद्घाटन फीता काटकर किया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कूप में 10 दिवसीय श्री रामलीला मंचन का प्रारंभ हुआ जिसका उद्घाटन समाज सेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विकास शुक्ला ने फीता काटकर किया उद्घाटन से पूर्व मंदिर के महंत विष्णु गिरी महाराज ने पूजन संपन्न कराया फीता काटकर शुभारंभ करने के बाद डॉ. विकास शुक्ला ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और कहा कि रामलीला मंचन से बच्चों और युवा पीढ़ी को भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर प्राप्त होता है उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव और भाईचारे को पैदा करते हैं। साथ ही हमारे प्राचीन संस्कृति को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है उन्होंने सभी से शांतिपूर्वक मेले का आनंद लेने की अपील की इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. मुनेंद्र सिंह चौहान, नवीन शर्मा, डॉ. छत्रपाल मौर्य, भूकन सरन राठौर, महंत विष्णु गिरी महाराज और मेला कमेटी के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में माता और बच्चों ने भी लीला मंचन का आनंद उठाया।

# फुटबाल टूर्नामेंट में टाइगर क्लब टांडा ने खटीमा को पैनाल्टी शूट के माध्यम शेप 4-1 से हराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम टांडा में एचआर रॉयल कमेटी द्वारा आयोजित डाक्टर भीमराव अंबेडकर आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में टाइगर क्लब टांडा ने खटीमा की टीम को 4-1 के गोल के अंतर से हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने तेज खेल खेला और 25 वें मिनट में टाइगर क्लब टांडा के सेंटर फारवर्ड उजैर ने दाऊद के पास की मदद से पहला गोल किया।

दूसरे हाफ में फिर तेजी दिखाते हुए दोनों टीमें गोल करने के प्रयास में एक दूसरे के विरुद्ध आक्रमण करते रहे और खेल के 50 वें मिनट में पलटवार करते हुए खटीमा के विवेक पांडे द्वारा गोल से मैच में बराबरी करली।मैच 1=1 से बराबर होने पर मैच रेफरी अजीत कुमार ने पांच-पांच पेनाल्टी शूट लगवाने का फैसला लिया। जिसमें टाइगर क्लब टांडा ने 4-1के गोल के अंतर से जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिय। टाइगर क्लब के उजैर को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार उमेश कुमार द्वारा दिया गया। मैच रेफरी अजीत कुमार और लाइनमैन जुबैर आलम व राहत अली रहे। स्कोरर की भूमिका मुहम्मद मुईन खान ने निभाई। कमेंटेटर मुहम्मद सईद सागर और जहीर जिया रहे।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि व्यापार मंडल युवा के नगर अध्यक्ष सलीम कासगर ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर, मैच शुरू कराया।

इस अवसर पर टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष कारी रिजवान, उवैस प्रिंस, अजहर अज्जू, सालिम सलमानी, मु. मुकीम, सुहैल आलम, हाजी नन्ना, मु. आमिर बीड़ी वाले, सगीर गुड्डू, मुहम्मद दाऊद, जैद कुरेशी, महफूज मुन्ना, हाजी मुबीन, वसी खान, अमीर अहमद, तौसीफ, मुहम्मद बिलाल , हनी, जकी दादा,आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक कार्यकर्ता और सुप्रीम कोर्ट की जज सिमरन कौर ने जाना ग्रामीणों का हाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम नवदिया स्थित पंचायत घर में दिल्ली हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सिमरन कौर बरार कपूर ने ग्राम वासियों से मुलाकात की।

इस दौरान महिलाओं से उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली। शिक्षा, आवास, पानी आदि मूल भूत समस्याओं को दूर करने को लेकर चर्चा की और एडवोकेट सिमरन बरार कपूर ने ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने की कोशिश करे। अच्छी शिक्षा से ही एक भविष्य बनाया जा सकता है। मीटिंग में अपना दल (एस) पार्टी के जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू ने बडी संख्या में उपस्थित सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया और स्वयं सहायता समूह व योजनाओं का लाभ ग्राम वासियों को दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों में दुर्गा प्रसाद गंगवार, सरदार वलविंदर सिह, तोताराम सागर, कालीचरण शर्मा, जीवेंदर गंगवार, चौधरी करन सिंह, कमल पटेल, मोहन लाल सागर , चौधरी सरदार सिंह, तुलाराम गंगवार,भगवत सरन गंगवार, सीताराम कश्यप व सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# एसपी ने किया थाना टाण्डा का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा द्वारा शनिवार की शाम थाना टांडा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने विभिन्न रजिस्टरों व उनके रख रखाव व प्रविष्टियां, महिला हेल्पडेस्क आदि को चौक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

एसपी विद्यासागर मिश्रा शनिवार शाम स्थानीय थाने पहुंचे और साफ सफाई सहित विभिन्न अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने रात्रि गश्त बढ़ाये जाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी टांडा कीर्तिनिधि आनन्द आदि उपस्थित रहे।

# एथलेटिक्स मीट 3000 मीटर क्रास कंट्री रेस में प्रियांशु कुमार ने मारी बाजी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** एथलेटिक्स मीट 2025 के तीसरे दिन बेनहर पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 से 12 के गर्ल्स तथा ब्वॉयज के लिए 3000 मी. क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रशासक डॉ परविंदर सिंह सैहमी ने हरी झंडी दिखाकर 3000 मीटर क्रास कंट्री रेस को सुबह 7 बजे शुरू कराया। आयोजन में मार्गदर्शन एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा का रहा। जिसमें 200 से अधिक संख्या में विद्यार्थियों ने भागीदारी की। प्रत्येक कैटेगरी के प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान के लिए पूरे जोश का प्रदर्शन किया। रेस विद्या मंदिर चौराहा से प्रारंभ होकर बेनहर गुरुकुल टनकपुर रोड पर संपन्न हुई। जिसमें प्रियांशु कुमार (प्रथम) सबसे कम समय 10 मिनट 16 सेकेंड में रेस पूरी की। विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी ने रेस के दौरान प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा व हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा के साथ बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। खेल शिक्षकों में देव सिंह, त्रिलोक चंद्र, अमन सिंह, राजेंद्र मौर्य, रमनदीप सिंह, मनोज भास्कर के कोआर्डिनेशन में, गुरसेवक सिंह, दीपक वशिष्ठ, सूरज बग्गा, यश आनंद, अमरीन नाज, श्रुति सिंघल, अमित श्रीवास्तव, नरेंद्र गंगवार, शोभित बाजपेई, सुलभ आनंद, दीपक चौहान, रजत जोशी, इरशाद अहमद, अविरल सैनी, शिवम शर्मा, रवि गुप्ता, अनूप पांडेय और मनोज राठौर ने प्रतियोगिता संपन्न कराने में खेल शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग किया।

# अवैध रूप से पेड़ काटने के मामले में वन दरोगा ने पुलिस को दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के रहमतगंज में एक खेत में आम के चार पेड़ो का अवैध कटान होता हुआ मिल गया वन विभाग ने लकड़ी को मौके से बरामद कर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वन दरोगा ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग है। चौकी क्षेत्र के रहमतगंज में वन विभाग को सूचना दी गई कि एक किसान अपने खेत में आम के चार पेड़ो को काट चुका है। सूचना पाकर वन दरोगा कुलबीर सिंह मौके पर पहुंचे तो अवैध कटान कर रहे लोग वन विभाग की टीम को देखकर भागने में सफल हो गए। वन विभाग के दरोगा ने काटी गई लकड़ी को अपने कब्जे में लेकर कार्यालय सलारपुर में दाखिल कर दी है। अवैध रूप से पेड़ काटने वाले लोगों के खिलाफ वन दरोगा ने नामजद तहरीर पुलिस चौकी को सौंपी है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

# शाहबाद में भू- माफिया पत्रकारों को बना रहे निशाना

■ फर्जी मुकदमों में पत्रकारों एव उनके परिजनों को फंसाने का चल रहा है षड्यंत्र
■ विवादित जमीनों पर खबरें लिखने को लेकर चिढ़े भू माफिया
■ सरकार और उच्च अधिकारियों के समक्ष पत्रकार पेश करेंगे सुबूत
■ मुख्यमंत्री, डीजीपी, डीएम और एसपी से मिलकर बताएंगे दर्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहबाद।** नगर में भू माफिया पिछले एक साल से लगातार सक्रिय है, जो कि विवादित जमीनों समेत सरकारी भूमियों पर कब्जा करने को लेकर मारपीट तो करते ही है, साथ ही साथ खबरें लिखने को लेकर पत्रकारों को भी निशाना बनाते है। पत्रकारों के साथ कभी मारपीट और गाली गलौज की जाती है तो कभी झूठे मुकदमों में फंसाने की साजिश करते है।

छेड़छाड़, एससी एक्ट,बलात्कार या फिर कोई और फर्जी मुकदमा, उनमें पत्रकारों को फंसाकर उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जाता है। कुल मिलाकर शाहबाद के पत्रकार इन भू माफियाओं के निशाने पर आ गए है, यह लोग साजिश कर पत्रकारों को निशाना बना रहे है। जिससे पत्रकार समाज में रोष है। प्रदेशभर के पत्रकार संगठनों को इस मामले पर अवगत कराया गया है। पत्रकार अब इस मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने की तैयारी में है। वही समाज का साफ सुथरा हिस्सा भी पत्रकारों के साथ खड़ा हो गया है। लोग पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। शाहबाद के पत्रकार बिना किसी लोभ लालच के निष्पक्ष खबरें लिखते है।

भू माफिया उसी खिसियाहट में पत्रकारों को फर्जी मुकदमों में फांसने और जेल भिजवाने की साजिशे करते रहते है। शाहबाद में पत्रकारों को जान से मारने की धमकी देना आम बात हो गई है। सीतापुर में भी एक पत्रकार की जान जा चुकी है।

उसी से सबक लेते हुए बीते दिनों पत्रकारों ने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए डीएम जोगिंदर सिंह को एक पत्र भी सौंपा था।

साथ ही साथ प्रदेश के उच्च अधिकारियों तथा जिले के अधिकारियों को भी इस मामले में अवगत कराने की तैयारी चल रही है जिससे कि पत्रकारों एव उनके परिजनों की सुरक्षा हो सके और पत्रकारों को झूठे षड्यंत्र रचकर मुकदमों में फंसाने से बचाया जा सके।

# तेज रफ्तार ट्रक ने घर में घुस वृद्ध महिला को कुचला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** शराब के नशे में धुत ट्रक चालक ओवरब्रिज से उतरते समय अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रक एक घर में ले जा घुसा। जिसकी चपेट में आकर एक वृद्ध महिला बुरी तरह कुचल गई जिनको उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो गई। शनिवार की रात्रि के 9:30 बजे बरेली की तरफ से एक ट्रक तेजी से आ रहा था नगर के रौरा कला जीरो पॉइंट के निकट अनियंत्रित होकर नगर निवासी रौरा कला लवलेश कुमार के घर में जा घुसा। जिसमें जिसमें शौचालय तोड़ते हुए ट्रक घर में घुस गया जिसमें लवलेश की दादी कैकई पत्नी जयदेव सिंह (80 वर्ष) चारपाई पर लेटे हुए थी ट्रक की टक्कर से कैकई गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पुलिस भी घटना स्थल पहुंच गई लवलेश अपनी दादी कैकई को आसपास के लोगों की सहायता से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए जहां पर डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लवलेश अपनी दादी को लेकर है बेहतर इलाज हेतु बरेली को ले गए जहां पर उनकी दादी की मौत हो गई। इस संबंध में मृतका के घर में कोहराम मचा हुआ है पुलिस ने ट्रक चालक को मौके से गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई लवलेश ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ कई गंभीर धारा में हुई रिपोर्ट दर्ज हुई है।

# आशा बहू का चयन, अधीक्षक व सचिव आमने-सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलसंडा।** नियम विरुद्ध आशा बहू का चयन करन पर ग्राम पंचायत अधिकारी व स्वास्थ्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक आमने-सामने आ गए हैं। दोबारा खुली बैठक में आशा कार्यकत्री का चयन होगा।

विकास खण्ड की ग्राम पंचायत लिलहर में आशा कार्यकत्री का पद खाली था। आशा कार्यकत्री के चयन हेतु गांव में खुली बैठक में चयन होना था। लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव ने गुटर गूं करके ग्राम प्रधान के निजी आवास पर एक ही आवेदन लेकर प्रीति देवी चयन कर दिया। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी धर्मेन्द्र राजपूत ने अन्य आवेदकों के आवेदक ही नहीं लिए और न ही किसी अन्य को अवसर दिया। क्योंकि ग्राम प्रधान व सचिव की गुटर गूं पहले ही हो चुकी थी। निजी लाभ कमाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी सरकारी नियम कानून को ही भूल गए। जबकि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का दावा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था सबसे अच्छी है। लेकिन निजी स्वार्थ के आगे नियम और शर्तें सब घुटने टेक गये।

नियम विरूद्ध आशा बहू के पद पर प्रीति देवी का चयन करने पर अन्य आवेदकों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पर शिकायत की।

शिकायत का निस्तारण करते हुए स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र बिलसंडा के अधीक्षक/प्रभारी ने जांच आख्या जिलाधिकारी को प्रेषित की। स्वास्थ्य सामुदायिक केन्द्र प्रभारी ने बताया कि गांव में कोई खुली बैठक नहीं हुई है।

बैठक में उनका भी उपस्थित रहना आवश्यक था। आशा कार्यकत्री का चयन नियम विरूद्ध है। आशा कार्यकत्री के पद पर प्रीति देवी के चयन का खण्डन करते हुए दोबारा खुली बैठक करने को कहा है। खुली बैठक में स्वतंत्र रूप से सभी आवेदकों को मौका देकर ही चयन प्रक्रिया होगी।

स्वास्थ्य सामुदायिक केन्द्र प्रभारी ने जिलाधिकारी को जांच आख्या प्रस्तुत कर ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही के लिये पत्र प्रेषित किया। वहीं खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से तीन सदस्यीय समिति का भी गठन हुआ है।

लेकिन सुविधा शुल्क लेकर मनमानी करते हुए स्वयं संविधान बनाने वाले ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ क्या कार्यवाही होगी ? जिला पंचायत राज अधिकारी ने स्पष्ट नहीं किया है।

ग्राम प्रधान तो सुविधा शुल्क के चक्कर में एक बार पुलिस ने जेल की भी हवा खिला दी थी। वहीं सचिव के कारनामे पूरनपुर विकास खण्ड में चर्चित ही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। प्रेमचंद पुत्र रामौतार (20)निवासी ग्राम प्यारेपुर पोस्ट नेरी छहेलिया जनपद सीतापुर उत्तर प्रदेश अपनी बाइक से अपने गांव से आनंद विहार दिल्ली को जा रहा था। धनेली पूर्वी स्थित ओवरब्रिज पर प्रेमचंद की बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। प्रेमचंद गंभीर रूप से घायल हो गया टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे और घायल को प्राइवेट एंबुलेंस से बरेली को ले गए जहां पर घायल प्रेमचंद को बरेली के भास्कर अस्पताल में एडमिट कराया गया।

# एमआर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने हितेश शुक्ला, सचिव बने प्रभात तिवारी कोषाध्यक्ष हरेंद्र सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** दवा कम्पनियो के कर्मचारी संगठन यूपीएमएसआरए पीलीभीत यूनिट के वार्षिक अधिवेशन एक निजी बारात घर मे हुआ जिसमे प्रांतीय कार्यकारिणी के असित शुक्ला व मुरारी दीक्षित के नेतृत्व मे बैठक सम्पन्न हुई व नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर हितेश शुक्ला सचिव पद पर प्रभात तिवारी कोषाध्यक्ष हरेंद्र सिंह सह अध्यक्ष रवि प्रकाश सत्यम पाण्डेय सहसचिव विकास गंगवार, अनंत दुवेदी तथा कार्यकारिणी सदस्य मे आशीष दीक्षित, सुनील कुमार, मो. हमद इमदाद, कलीम, शिवम् शर्मा, दानिश, हनी राज,सुभाष आदि चुनें गए। कार्यक्रम मे यूनिट के सभी सदस्य उपस्थित रहे जिनका सहयोग कार्यक्रम को सफल कराने मे रहा।

# बिहार में भाजपा को मजबूत कर रहे मंत्री संजय सिंह गंगवार

## जनसभाएं और जनसंपर्क कर भाजपा का माहौल बना रहे राज्यमंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** मधुबनी जिले के झंझारपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक हलचल अपने चरम पर है लखनौर उत्तरी मंडल और बेरवा पंचायत में आयोजित रात्रि भोज ने न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं को एक साथ जोड़ा, बल्कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए बीजेपी और NDA के रणनीतिक समीकरण को भी स्पष्ट कर दिया। इस कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष बच्चा बाबू कामत के साथ कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए, वहीं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री संजय गंगवार भी मौजूद रहे, जिससे पूरे इलाके में उत्साह और जोश की लहर दौड़ गई। संगठन को मजबूत बनाने की तैयारी झंझारपुर और आसपास के क्षेत्रों में संजय सिंह गंगवार ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संवाद बनाए रखा है। उनके प्रयासों से संगठन में ऊर्जा और अनुशासन देखने को मिला। युवा और महिलाएँ अब पार्टी के कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शामिल हो रही हैं। उनके सक्रिय प्रयासों से पार्टी की पहुंच गांव-गांव तक महसूस की जा रही है, और स्थानीय जनता के बीच पार्टी की उपलब्धियों और विकास परियोजनाओं की जानकारी तेजी से फैल रही है।

राज्यमंत्री संजय गंगवार की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और प्रभावशाली बना दिया। उन्होंने राज्य और केंद्र स्तर पर हुई विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को समझाया, ताकि कार्यकर्ता जनता तक स्पष्ट और सटीक संदेश पहुंचा सकें। इस कार्यक्रम में चर्चा हुई कि आगामी चुनाव में पार्टी को मजबूती से खड़ा करने के लिए हर सदस्य को सक्रिय होना होगा, और जनता से जुड़कर उनके सवालों और समस्याओं का समाधान करना होगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि रात्रि भोज केवल एक औपचारिक सभा नहीं थी, बल्कि पार्टी के संगठन को हर स्तर पर मजबूत बनाने का अवसर था। सभी पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता अब यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि पार्टी का सशक्त नेटवर्क गांव-गांव तक सक्रिय हो और चुनावी अभियान में कोई भी मौका हाथ से न जाने पाए। युवा कार्यकर्ताओं ने इसे एक नई ऊर्जा और उत्साह का अवसर बताया, जिससे आगामी चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन मजबूती से दिखाई देगा।विधानसभा चुनाव 2025 को ध्यान में रखते हुए, पार्टी ने पूरे जिले में जनता से सीधे संवाद करने, उनके मुद्दों को सुनने और समाधान प्रस्तुत करने की रणनीति तैयार की है।

स्थानीय और ग्रामीण क्षेत्रों में जनता से जुड़ने के लिए रैलियों, रोडशो और संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी की कोशिश है कि हर वर्ग और हर समुदाय तक पार्टी का संदेश पहुंचे और विकास योजनाओं की जानकारी समय पर जनता तक पहुंचे। इस रात्रि भोज और बैठक ने यह साफ कर दिया कि झंझारपुर में पार्टी की गतिविधियाँ अब तेज गति से चल रही हैं।

युवा शक्ति, महिला सहभागिता और अनुभवी नेताओं का सम्मिलन पार्टी को एक मजबूती और दिशा दे रहा है, जो छक। की चुनावी तैयारियों को और अधिक ठोस बना रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता अब पूरी ताकत और उत्साह के साथ बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं।

# सैफनी नगर में भगवान श्रीराम बारात का विवेक शर्मा ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में जनता इंटर कॉलेज के समीप रामलीला मंचन के दौरान निकाली भगवान श्रीराम बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बताते चले कि नगर में चल रही रामलीला मंचन के दौरान भगवान श्रीराम बारात का गोविंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विवेक शर्मा ने फीता काटकर भगवान श्रीराम की आरती उतार कर किया। शुभारंभ श्रीराम बारात नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई जनता इंटर कॉलेज पर समापन किया गया। भगवान श्रीराम बारात में सैकड़ों लोगो ने भाग लिया और सैफनी थाना पुलिस ने भारी मशक्कत कर राम बारात की शोभायात्रा निकलवाने में भारी सहयोग किया। जिसमें उपस्थित कमेटी अध्यक्ष सुशील फौजी, विमल जोशी, जितेंद्र गुप्ता, रंजीत जोशी, सुन्दर पाण्डेय, शोभित शर्मा,संजीव जोशी,शिशुपाल कश्यप, राहुल जोशी,राजेश वाल्मीक, पंकज शर्मा, संजीव टेलीकॉम, मनोज जोशी आदि शामिल रहे।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम PARMJEET KAUR WO JAGTAR SINGH से बदलकर PARAMJEET KAUR WO JAGTAR SINGH निवासी म० न० E-14, डीबदिबा तहसील बिलासपुर जिला रामपुर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नए नाम से पुकारे।

### Name Change Notice

My name in my husband's Army records is Surjit Kaur, date of birth 07-12-1954, which is incorrect- The correct name is Surjeet Kaur. date of birth 01-01-1947.

**Surjeet Kaur wife of Gurnam Singh, village Jamnapur, Bilaspur (Rampur).**

# दिल्ली टेस्ट: वेस्टइंडीज का फाइटबैक

**● तीसरे दिन का स्कोर 173/2, भारत से 97 रन पीछे, कैम्पबेल शतक के करीब, पहली पारी 248 पर सिमटी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** जॉन कैंपबेल (नाबाद 87) और कप्तान शाई होप (नाबाद 66) अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को स्टंप के समय दो विकेट पर 173 रन बना लिए है। हालांकि वह अभी भी भारत के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 97 रन पीछे है। इससे पहले कुलदीप यादव (पांच विकेट) रवींद्र जडेजा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज को 248 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर 270 रनों की बढ़त के साथ उसे फॉलोऑन दिया हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को 17 के स्कोर पर मोहम्मद सिराज ने तेजनारायण चंद्रपॉल (10) को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने ऐलेक ऐथनेज (सात) को बोल्ड कर भारत की झोली में दूसरा विकेट डाल दिया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने दो विकेट के नुकसान पर 35 रन बना लिए थे। चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान शाई होप ने जॉन कैंपबेल के साथ पारी को संभाला तथा तेजी के साथ रन भी बटोरे। दिन का खेल समाप्त होने के समय अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे कर बड़े स्कोर की नींव रख दी। वेस्टइंडीज ने 49 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बना लिए है। जॉन कैंपबेल (नाबाद87) और शाई होप (नाबाद 66) क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज और वॉशिंगटन सुदंर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने कल के चार विकेट पर 140 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप (36) का विकेट मात्र 16 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद टेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को भी कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। जोमेल वारिकन (एक) को मोहम्मद सिराज ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद खारी पिएर और एंडरसन ने पारी को संभाला। वेस्टइंडीज ने लंच तक आठ विकेट पर 217 रन बना लिए थे और दोनों बल्लेबाजों के बीच लंच तक नौवें विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई थी। लंच के बाद बल्लेबाजी करने उतरी विंडीज को बुमराह ने पियर (23) को आउटकर भारत को नौवीं सफलता दिलाई।



## मंधाना ने पूरे किए 5000 वनडे रन

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 80 रनों की शानदार पारी खेलकर रिर्काड्र्स की झड़ी लगा दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज ने वनडे में 5000 रन पूरे कर लिए और दुनिया में पांचवीं व भारत के लिए ऐसा करने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गईं।

बता दें कि, भारत और आस्ट्रेलिया के बीच महिला विश्व कप का 13वां मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला जा रहा है। इस मैच में आस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टास जीतकर मेजबानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने भारत को दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 155 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान मंधाना ने 46 और प्रतिका ने 69 गेंदों में अर्द्धशतक पूरे किए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## अभिषेक पाल और सीमा भारतीयों में विजेता बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** अभिषेक पाल ने रविवार को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी बार जीत हासिल की, जबकि सीमा ने अपने पहले ही मुकाबले में प्रभावित किया। इंडियन एलीट प्रतियोगिता में अनुभव और उभरती प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, जहां अभिषेक पाल और सीमा ने 4,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पाल ने पुरुषों की दौड़ में 1:04:17 का समय लेकर जीत हासिल की, जबकि सीमा ने महिलाओं के वर्ग में 1:11:23 का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की। यह जीत अभिषेक की दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी जीत थी, जबकि सीमा ने अपने पदार्पण में ही दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित हाफ मैराथन में से एक पर तुरंत प्रभाव डालते हुए प्रभावित किया।

## मटाटा व रेंगरुक ने वेंदाता हाफ मैराथन में जीते खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी केन्याई धावकों एलेक्स न्जिओका मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने आज यहां विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 20वें संस्करण में उल्लेखनीय केन्याई जीत दर्ज करने के लिए अलग-अलग रणनीतियां अपनाईं। इस आयोजन के इतिहास में यह केवल दूसरी बार था जब केन्याई धावकों ने एक ही संस्करण में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिताब जीते। फ्रांसिस किबिवोट और लिनेथ चेपकुरुई 2006 में ऐसा सम्मान हासिल करने वाले पहले धावक थे। पिछले साल युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी के बाद उपविजेता रहे मटाटा ने अन्य धावकों से अलग होकर एकल दौड़ में भाग लिया। इस साल की शुरुआत में आरएके हाफ-मैराथन में 59:20 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ जीत हासिल की।

## क्रिकेट के मैदान में एक और क्रिकेटर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यूपी के मुरादाबाद स्थित बिलारी में क्रिकेट मैदान पर खेलते-खेलते एक सीनियर खिलाड़ी की जिंदगी थम गई। रविवार को चल रहे वेटरन क्रिकेट मैच के दौरान 50 वर्षीय अहमर खां की गेंदबाजी करते वक्त हार्ट फेल होने से मौत हो गई।

अहमर मुरादाबाद के एकता विहार कालोनी के रहने वाले थे। साथी खिलाड़ियों के अनुसार अहमर अपनी टीम की ओर से गेंदबाजी कर रहे थे तभी अचानक मैदान पर गिर पड़े। साथी खिलाड़ियों ने तुरंत उन्हें संभाला और अस्पताल पहुंचाया लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर के फैलते ही खेल प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। अहमर खां लंबे समय तक दिल्ली के सुहानी क्लब और उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम से खेल चुके थे। वे राज्य स्तर पर सीनियर क्रिकेटर के रूप में जाने जाते थे और कई मौकों पर मशहूर स्पिनर पीयूष चावला के साथ भी मैदान साझा कर चुके थे। उनके निधन पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने गहरा दुख जताया है।

अहमर खां अपने पीछे दो बच्चों और पत्नी को छोड़ गए हैं। आखिरी ओवर में संभल को जीत के लिए 18 रन चाहिए थे। अहमर ने आखिरी ओवर फेंकते हुए महज पांच रन दिए और मुरादाबाद की टीम को 13 रन से जीत दिलाई। टीम के सभी खिलाड़ी जीत की खुशी मना रहे थे इसी दौरान अहमर जमीन पर गिर पड़े। इससे पहले की लोग कुछ समझ पाते उनकी मैदान पर ही जान चली गई। मौके पर मौजूद लोग अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक अहमर की मौत हो चुकी थी।

## चचेरे भाई वाचेरोट और रिंडरकनेच फाइनल मुकाबले के लिए तैयार

**शंघाई, वार्ता।** एटीपी रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज मोनाको के वैलेंटिन वाचेरोट ने शनिवार को सर्बियाई टेनिस दिग्गज नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-4 से हराकर 2025 शंघाई मास्टर्स के फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, वाचेरोट मास्टर्स 1000 एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले मोनेगास्क खिलाड़ी और पुरुष एकल में शीर्ष-10 खिलाड़ी को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। वाचेरोट ने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा है कि क्या हुआ है, इसलिए मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता।यह वाकई अद्भुत है। सबसे पहले, कोर्ट के दूसरी तरफ (जोकोविच से) होना एक अविश्वसनीय अनुभव था। मुझे लगता है कि मुझे इस मैच से, उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है।

## कुलदीप यादव अब शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनरों के क्लब में शामिल



**● सिर्फ 15 टेस्ट मैचों में कुलदीप 5 बार 5 विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलदीप यादव जब मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजों के लिए मुसीबतें दूर नहीं होतीं। आज, भारत के बाएं हाथ के कलाई के जादूगर ने दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज को स्तब्ध करते हुए, एक शानदार प्रदर्शन किया। सिर्फ़ 15 टेस्ट मैचों में, कुलदीप पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं, हालांकि वार्डल ने यह कारनामा 28 मैचों में किया था। अब उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ी शीर्ष पर हैं, और कुलदीप इसे सम्मान की तरह मानते हैं। निर्णायक क्षण शानदार अंदाज में आया जब जेडन सील्स एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। कुलदीप की चतुराई से छिपाई गई गुगली, बल्ले के पास से फिसली, पैड से टकराई और स्टंप्स को चकनाचूर कर गई। सील्स ने रिव्यू लिया, लेकिन रीप्ले से कोई शक नहीं रहा कि वह आउट हो गए। सटीक। निर्दयी। विशुद्ध कलाकारी। उस विकेट ने कुलदीप के पांच विकेट पूरे कर दिए और हर बल्लेबाज को एक कड़ी चेतावनी दे दी: उनका सामना करना एक ऐसी जंग है जिसे आप हल्के में नहीं ले सकते। सभी फॉर्मेट में, कुलदीप तूफ़ान की तरह हैं। चार टेस्ट मैचों में, उन्होंने 33.8 के स्ट्राइक रेट से 19 विकेट लिए हैं( 19 वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से 33 विकेट( और टी20 में, नौ मैचों में 12.7 के स्ट्राइक रेट से 17 विकेट। यह किस्मत नहीं है-यह महारत है, कलात्मकता है, इसका पूरा पैकेज है। वेस्टइंडीज ने कोशिश की, उन्होंने सचमुच कोशिश की, लेकिन कुलदीप ने उन्हें हर गेंद पर अंदाज़ा लगाने पर मजबूर कर दिया। फ्लाइट, टर्न, छकाना, सब कुछ उनके पास था। स्टेडियम में तालियां बजीं, टीम ने तालियां बजाईं, और कुलदीप ऐसे चले गए जैसे उन्होंने अभी-अभी यह बयान दिया हो: मैं यहां हूं। मैं घातक हूं। और मैं महान खिलाड़ियों में से एक हूं। टेस्ट में अब भारत का पलड़ा भारी है, और कुलदीप का यह स्पेल उन प्रदर्शनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा।

## नामीबिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**● नामीबिया ने खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आखिरी गेंद में रोमांचक जीत हासिल की**



**विंडहोक, वार्ता।** रूबेन ट्रम्पेलमैन के हरफनमौला प्रदर्शन (3/28 और 8 गेंदों में 11 रन) और ज़ेन ग्रीन के 23 गेंदों में नाबाद 30 रनों की संयमित पारी की बदौलत, नामीबिया ने शनिवार को विंडहोक में खेले गए एकमात्र टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की। जीत के लिए 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ग्रीन ने सिमेलाने की आखिरी गेंद पर लो फुलटॉस को स्वीप कर नामीबिया को चार विकेट से जीत दिलाई। 2022 विश्व कप में एडिलेड में नीदरलैंड से हारने के बाद, यह दूसरी बार था जब दक्षिण अफ्रीका किसी एसोसिएट देश से टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हारा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने पारी की शुरुआत में ही क्विंटन डी कॉक और रीज़ा हेंड्रिक्स के विकेट गंवा दिए। हालांकि, लुआ-ड्रे प्रीटोरियस और रुबिन हरमन ने उस पिच पर पारी को संभाला जहां रन बनाना आसान नहीं था। दोनों ने 30 रन जोड़े, इससे पहले कि ट्रम्पेलमैन ने डीप स्क्वायर लेग पर एक बेहतरीन डाइविंग कैच लपका। जल्दी-जल्दी कुछ और विकेट गिरने से 11वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 5 विकेट पर 68 रन हो गया। जेसन स्मिथ ने निचले क्रम के साथ मिलकर स्कोरिंग गति को बढ़ाया, लेकिन थोड़ी पकड़ और उछाल वाली पिच पर बाउंड्री लगाना मुश्किल था। इसके अलावा, नामीबियाई खिलाड़ियों ने भी अपना अनुशासन बनाए रखा। ब्योर्न फोर्टुइन और गेराल्ड कोएत्ज़ी ने अंत में उपयोगी योगदान देकर दक्षिण अफ्रीका को 130 रनों के पार पहुंचाया, लेकिन अंत में यह पर्याप्त साबित नहीं हुआ। नामीबियाई बल्लेबाजों को भी रन बनाने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों, खासकर गेराल्ड कोएत्ज़ी की अनियमित लाइन-अप ने उनकी मदद की, जो अपने दूसरे ओवर की चार गेंदें डालने के बाद कुछ लचता के साथ मैदान से बाहर चले गए। नामीबिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जब तक दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले तीन विकेट लिए, तब तक नामीबिया ने केवल सात ओवरों में 51 रन बना लिए थे। गेरहार्ड इरास्मस, जेजे स्मिट और जेसन क्रूगर ने बीच के ओवरों में जरूरी मजबूती प्रदान की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दक्षिण अफ्रीका को बढ़त न मिले। हालांकि, अंतिम तीन ओवरों में 28 रनों की जरूरत के साथ, नामीबिया के लिए चुनौती अभी भी कठिन थी। ग्रीन और ट्रम्पेलमैन ने एक-एक चौका लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 11 रनों तक पहुंचाया।

## रवींद्र जडेजा को अब भी 2027 वनडे विश्व कप खेलने की उम्मीद

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के शीर्ष ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम में जगह न मिलने के बावजूद 50 ओवरों का विश्व कप जीतने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है। दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के समापन पर बोलते हुए, जडेजा ने यह भी पुष्टि की कि चयनकर्ता और नए कप्तान शुभमन गिल ने टीम की घोषणा से पहले ही उन्हें टीम में शामिल न करने के बारे में सूचित कर दिया था। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में एक श्रृंखला के लिए दो बाएं हाथ के स्पिनरों को शामिल नहीं कर सकते और जडेजा ने इसे स्वीकार किया। जडेजा ने अपने वनडे भविष्य पर कहा कि देखिए, यह मेरे हाथ में नहीं है।

मैं खेलना चाहता हूं, लेकिन आखिरकार, टीम प्रबंधन, चयनकर्ता, कोच, कप्तान सोच रहे होंगे कि मैं इस सीरीज में क्यों नहीं हूं। इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर होगी। और उन्होंने मुझसे बात की। ऐसा नहीं है कि जब टीम की घोषणा हुई तो उन्होंने मुझे चौंका दिया कि मैं उसमें नहीं हूं। यह अच्छी बात है कि कप्तान, चयनकर्ता, कोच ने मुझसे बात की और इसके पीछे कोई न कोई वजह जरूर है। पिछले विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी पड़ाव पर पिछड़ने वाली टीम का हिस्सा रहे जडेजा, जो 2027 में होने वाले टूर्नामेंट के दौरान लगभग 39 साल के हो जाएंगे, को उम्मीद है कि आखिरकार उन्हें ट्रॉफी मिल ही जाएगी। उन्होंने कहा कि जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं वही करने की कोशिश करूंगा जो मैं इतने सालों से करता आ रहा हूं।और विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में, अगर मुझे मौका मिलता है, तो उससे पहले कई वनडे मैच खेलने हैं।



**● रवींद्र जडेजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए टीम में जगह न मिलने के बावजूद 50 ओवरों का विश्व जीतने के अपने सपने को नहीं छोड़ा**



## अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 81 रनों से हराया

**● इब्राहिम जादरान ने 95 रनों की बेहतरीन पारी खेली, कप्तान राशिद खान ने पांच विकेट और ओमरजेई ने तीन विकेट लिए**

**अबू धाबी, वार्ता।** इब्राहिम जदरान (95) की बेहतरीन पारी के बाद कप्तान राशिद खान (पांच विकेट) और अजमतउल्लाह ओमरजई (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 81 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को ओमरजई और राशिद खान के कहर का सामना करना पड़ा। अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश की पारी टीम 28-3 ओवरों में 109 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। अफगानिस्तान ने 81 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। मोतौहीद हृदोय ने बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक 24 रन बनाए। इसके आलवा सैफ हसन (22), जाकेर अली (18) और नरुल हसन (15) दहाई आंकड़े वाले बल्लेबाज रहे। अफगानिस्तान के इब्राहिम जदरान को उनकी 95 रनों की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने पांच विकेट लिए। अजमतउल्लाह ओमरजई को तीन विकेट मिले। नांगेलिया खरोटे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अफगानिस्तान ने शनिवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान को बांग्लादेश के गेंदबाजों ने 44.5 ओवरों में 190 के स्कोर पर समेट दिया। इब्राहिम जदरान ने अफगानिस्तान के लिए 95 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने अपनी इस धैर्यपूर्ण पारी 140 गेंदों का सामना किया तथा तीन चौके और एक छक्का भी लगाया। मोहम्मद नबी (22), एएम गजनफर (22), नांगेलिया खरोटे (13) और रहमान उल्लाह गुरबाज (11) दहाई आंकड़े वाले बल्लेबाजों में शामिल रहे। बांग्लादेश के लिए मेंहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिए।

## पेगुला ने सबालेंका को हराया

**● फाइनल में पेगुला का सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में इटली की जैस्मिन को हराया था**

**वुहान, वार्ता।** जेसिका पेगुला ने एक सेट से पिछड़ने के बाद संघर्ष किया और कई मैच पॉइंट बचाकर शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 7-6(2) से हराकर वुहान ओपन के फ़ाइनल में प्रवेश किया और बेलारूसी खिलाड़ी के टूर्नामेंट में 20 मैचों के जीत के सिलसिले को भी तोड़ दिया।

रविवार के फ़ाइनल में, पेगुला का सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-4, 6-3 से आसानी से हराया था। सबालेंका शुरुआत में पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं और उन्होंने अपनी विशिष्ट बेसलाइन आक्रामकता से पेगुला को परास्त कर पहला सेट 6-2 से जीत लिया। पेगुला ने दूसरे सेट में फिर से वापसी की और निर्णायक मौके पर ब्रेक लेकर मैच बराबरी पर ला दिया। निर्णायक सेट सबालेंका के पक्ष में जाता दिख रहा था जब उसने 5-2 की बढ़त बना ली, लेकिन पेगुला ने शानदार वापसी की और लगातार चार गेम जीतकर 6-5 से आगे हो गई। सबालेंका ने टाईब्रेकर करवाया, लेकिन पेगुला ने 7-2 से जीत हासिल कर ली और दो घंटे से ज़्यादा चले कड़े मुकाबले के बाद जीत पक्की कर ली।

पेगुला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे अपने राज़ बताना पसंद नहीं। लेकिन मैं लगातार उसके पैटर्न के बारे में सोचती रहती हूं - बड़े पॉइंट्स पर उसे क्या करना पसंद है, वह कहां सर्विस करना चाहती है, कब वह दिशा बदलने की कोशिश करती है। मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं कोर्ट से बाहर हूं, मुझे पता है कि उसे कहां स्लाइस या ड्रॉप शॉट लगाना पसंद है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

# पाक की बेचैनी

इस समय अफगानिस्तान के विदेश मंत्री सात दिवसीय भारत के दौरे पर आए हुए हैं। इस बीच ऐसी भी खबरें आ रही हैं कि पाक व अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर इशारा करती है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में काफी अंदर घुसकर तहरीके तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। जाहिर है टीटीपी पर सर्जिकल स्ट्राइक तो एक बहाना लगती है असल मकसद इसके पीछे कुछ और लगता है। लगता है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान के साथ भारत की बढ़ती नजदीकी को पचा नहीं पा रहा है। हालांकि टीटीपी और पाक के बीच संघर्ष कोई नया नहीं है। टीटीपी को हमेशा पाकिस्तान अपने लिए खतरा मानता है और वह यह आरोप भी लगाता रहता है कि उसको शह अफगानिस्तान से मिल रही है। ताजा मामले में भी यही कह रहा है कि टीटीपी के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई की है। इसी तरह अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में पत्रकारों के सामने विस्तार से बात की है। मुत्ताकी ने पाक पर आरोप लगाया और कहा कि उसने खुद ही अपने कबालाई इलाकों में सैन्य अभियान चलाकर हजारों लोगों को बेघर किया था, जिनमें से कई शरणार्थी के रूप में अफगानिस्तान में रह रहे हैं। मुत्ताकी ने बताया कि ये लोग पाक से आए हैं और अफगान धरती पर शरणार्थी बनकर रह रहे हैं और ये लोग तब आए थे जब अमेरिका और उसकी समर्थित सरकार अफगानिस्तान में थी, तब इन्हें जगह दी गई थी और अब ये लोग हमारी देखरेख में शांति से रह रहे हैं। मुत्ताकी का यह भी कहना था कि पाकिस्तान अफगान सीमा जिसे ड्यूरंड लाइन के नाम से भी जाना जाता है, 2400 किमी से ज्यादा लंबी है और इसको नियंत्रित करना आसान नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि न इसे चंगेज खां नियंत्रित कर सका और न ही अंग्रेज। इसको ताकत के बलबूते नहीं संभाला जा सकता। उन्होंने चेतावनभरे लफ्ज में कहा कि पाक के पास बड़ी फौज और बेहतरीन खुफिया एजेंसी हैं फिर भी वे इसे खुद क्यों नहीं रोक पा रहे हैं। इस समय कतर और सऊदी अरब के हस्तक्षेप से दोनों देशों के बीच कोई सैन्य कार्रवाई नहीं हो रही है, लेकिन मुत्ताकी ने साफ कहा कि अगर पाक शांति व अच्छे रिश्ते नहीं चाहता तो अफगानिस्तान के पास और भी विकल्प मौजूद हैं, लेकिन अफगानिस्तान शांति में विश्वास रखता है। बड़ी बात मुत्ताकी ने कही वह यह है कि पाक अपने यहां आतंकी समूहों को क्यों काबू नहीं कर पा रहा है और अपने ही लोगों को खतरे में डालकर कुछ लोगों को खुश करने की क्यों कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ ताकतें दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा रही हैं। जहां तक बात भारत की है, अफगानिस्तान के साथ इस तरह की पहल बेहतर संबंधों को उसने की है व अफगान विदेश मंत्री ने उसको सराहा है यह बड़ी सफलता है।

## निजी कॉलेज परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करें



पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म की वारदात चौंकाने वाली है, हमारी सरकार ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती, वारदात में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं, पुलिस अन्य की तलाश कर रही है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, निजी कॉलेजों को परिसर के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, वह लड़की निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी, इसलिए निजी मेडिकल कॉलेज बताए कि वह रात के 12.30 बजे कैसे बाहर आ गई, ओडिशा में तीन सप्ताह पहले समुद्र तट पर तीन लड़कियों के साथ बलात्कार हुआ, ओडिशा सरकार ने क्या कार्रवाई की और बंगाल में अगर महिलाओं के साथ कुछ भी होता है तो हम इसे सामान्य मामला नहीं मानते, यह एक गंभीर मामला है।

**–ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**

# जल संकट की दस्तक दिल्ली से दूर नहीं





**विनीत नारायण**

इस वर्ष देश भर में हुई भारी बारिशों और जल प्रलय के बावजूद भारत के शहरी क्षेत्रों में जल संकट अब कोई दूर की आशंका नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई बन चुका है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु जैसे महानगर, जो आर्थिक प्रगति और आधुनिक जीवनशैली के प्रतीक हैं, अब जल प्रबंधन की विफलता के गंभीर परिणाम झेल रहे हैं। हाल ही में दिल्ली के वसंत कुंज क्षेत्र में तीन बड़े मॉल और आसपास की कॉलोनियों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो जाने से यह संकट फिर सुर्खियों में आया। इन प्रतिष्ठानों को बंद करने की नौबत इसलिए आ गई है क्योंकि टैंकरों से इनकी जल आपूर्ति रुक गई, जबकि भूजल दोहन (ग्राउंड वॉटर बोरिंग) पर पहले से ही एनजीटी ने प्रतिबंध लगा रखा है। यह स्थिति केवल अस्थाई तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे प्रशासनिक और नैतिक संकट की ओर संकेत करती है। पिछले सात दशकों में खरबों रुपया जल प्रबंधन पर खर्च किए जाने के बावजूद ऐसा क्यों है?

दिल्ली जैसे शहर में जहां जनसंख्या 2 करोड़ से अधिक है, जल आपूर्ति व्यवस्था लंबे समय से दबाव में है। दिल्ली जल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शहर में प्रतिदिन करीब 1,000 मिलियन गैलन पानी की मांग है, जबकि उपलब्धता मुश्किल से 850 मिलियन गैलन तक पहुंच पाती है। वसंत कुंज जैसे पॉश इलाकों में भी पिछले कुछ वर्षों से पानी की टंकियों और निजी टैंकरों पर निर्भरता बढ़ी है। परंतु इस बार स्थिति पहले से कहीं अधिक भयावह हो गई क्योंकि प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक कारणों से टैंकरों की आवाजाही पर रोक लगा दी। इस निर्णय का सबसे बड़ा असर व्यापारिक केंद्रों जैसे मॉल्स, रेस्तरां और दुकानों पर पड़ा है। इन मॉल्स में हजारों कर्मचारी काम करते हैं और प्रतिदिन लाखों ग्राहक आते हैंय बिना पानी के ऐसी व्यवस्था एक दिन भी नहीं चल सकती। शौचालय, सफाई, भोजनालय, अग्निशमन प्रणाली, सब कुछ जल आपूर्ति पर निर्भर हैं। जब टैंकरों की आपूर्ति रुकी, तो केवल व्यापार ही नहीं, आसपास के आवासीय समाज भी संकट में पड़ गए। दिल्ली सरकार ने कुछ वर्ष पहले भूजल दोहन पर सख्त प्रतिबंध लगाया था। उद्देश्य यह था कि गिरते जलस्तर को रोका जाए। यह पहल पर्यावरणीय दृष्टि से आवश्यक थी, क्योंकि लगातार बढ़ते दोहन ने दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में भूजल को 300 फीट से भी अधिक नीचे पहुंचा दिया था। लेकिन सवाल यह है कि क्या वैकल्पिक व्यवस्था पर्याप्त रूप से विकसित की गई? जब सरकार ने ग्राउंड वॉटर बोरिंग को गैरकानूनी घोषित किया, तब उसे समानांतर रूप से मजबूत टैंकर नेटवर्क, पुनर्चक्रण संयंत्र और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने चाहिए थे। दुर्भाग्यवश, नीतियां बनीं पर उनका कार्यान्वयन अधूरा रह गया। परिणामस्वरूप, लोग न तो कानूनी तरीके से पानी निकाल सकते हैं, न सरकारी वितरण पर भरोसा कर सकते हैं। सोचने वाली बात ए है कि यदि जाड़ों में यह हाल है तो गर्मियों में क्या होगा? दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पानी की आपूर्ति से जुड़ा टैंकर कारोबार वर्षों से विवादों में रहा है। कई जगह यह सार्वजनिक सेवा से अधिक निजी व्यवसाय बन चुका है। अधिकारियों और टैंकर ठेकेदारों के बीच मिलीभगत के आरोप नए नहीं हैं। दिल्ली में जल आपूर्ति में आई यह हालिया बाधा भी ऐसे ही भ्रष्टाचार की परतें उजागर करती प्रतीत होती है। त्योहारों के मौसम में जब पानी की मांग बढ़ जाती है, घरों में सजावट, साफ-सफाई और उत्सव आयोजन अधिक होते हैं।ऐसे समय पर टैंकरों की आवाजाही पर प्रतिबंध या 'तकनीकी समस्या' का बहाना बना देना संदेह उत्पन्न करता है। कई स्थानीय निवासियों का कहना है कि कुछ जल एजेंसियों ने टैंकरों की उपलब्धता को कृत्रिम रूप से सीमित कर कीमतें बढ़ाने की कोशिश की है। इससे न केवल आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा, बल्कि मॉल्स और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद करने की स्थिति आ गई। अगर ए आरोप सही साबित होते हैं, तो यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि नैतिक दिवालियापन का उदाहरण होगा। जल जैसी बुनियादी संपदा के साथ ऐसा बर्ताव किसी नागरिक समाज में अक्षम्य अपराध है। भारत में जल नीति के कई स्तर हैं। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और नगरपालिका निकाय सब अपने ढंग से काम करते हैं। लेकिन इन सबमें तालमेल का अभाव है। राष्ट्रीय जल नीति (2012) यह कहती है कि हर नागरिक को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण जल मिलेगा, पर छोटे शहरों को तो छोड़ें, दिल्ली जैसे शहरों में भी वास्तविकता इसके उलट है। नगर पालिकाएं रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की अनिवार्यता घोषित तो करती हैं, पर अधिकांश इमारतों में यह प्रणाली केवल कागजों पर मौजूद है। जल पुनर्चक्रण संयंत्रों की क्षमता भी इस संकट का सामना करने के लिए अपर्याप्त है। यमुना का प्रदूषण भी दिल्ली की जल आपूर्ति पर सीधा असर डालता है। यदि यमुना से शुद्ध जल नहीं मिलेगा, तो शहर को बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ेगा, जिससे राजनीतिक टकराव भी बढ़ते हैं। हालांकि नीति-निर्माण और कार्यान्वयन की बड़ी जिम्मेदारी सरकार पर है, नागरिक भी पूरी तरह निर्दोष नहीं हैं। शहरी समाज में जल का अनावश्यक उपयोग आम बात है। बागवानी में अत्यधिक पानी, कार धोने में व्यर्थ बहाव, और रिसाव की अनदेखी। स्वच्छ भारत मिशन या हर घर जल जैसे अभियानों की सफलता तभी संभव है जब लोग खुद बदलाव का हिस्सा बनें। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और ग्रे-वॉटर रीसाइक्लिंग जैसे उपाय व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर अपनाए जा सकते हैं। मॉल्स और हाउसिंग सोसाइटीज में यह व्यवस्था अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि टैंकरों पर निर्भरता घटे। दिल्ली का वर्तमान संकट केवल एक चेतावनी है। आने वाले वर्षों में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, यदि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो 2030 तक देश के आधे बड़े शहर 'जल-विहीन' क्षेत्रों की श्रेणी में आ सकते हैं। इसलिए अब समय है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर दीर्घकालिक रणनीति अपनाएं। गौरतलब है कि अकबर की राजधानी फतेहपुर सीकरी पानी के अभाव के कारण मात्र 15 सालों में ही उजड़ गई थी। महानगरों में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली को सख्ती से लागू करना। जल पुनर्चक्रण संयंत्रों की संख्या और क्षमता बढ़ाना। टैंकर संचालन को पारदर्शी और जीपीएस-नियंत्रित बनाना ताकि रिश्वतखोरी पर रोक लगे। यमुना जैसी नदियों की सफाई और पुनर्जीवन को प्राथमिकता देना। पानी की बर्बादी रोकने के लिए सख्त कानून और जनजागरूकता अभियान चलाना। इन कदमों के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जल प्रबंधन केवल संकट आने पर चर्चा का विषय न बने, बल्कि शहरी नियोजन की मूल नीति का हिस्सा हो। दिल्ली पर आई जल संकट की दस्तक यह याद दिलाता है कि पानी केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब-जब हम इसे समझने में चूक करते हैं, तो सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लग जाता है। यदि सरकार और नागरिक समाज अब भी इस संकट को गंभीरता से नहीं लेते, तो 'जल युद्ध' भविष्य का नहीं, वर्तमान का शब्द बन जाएगा। जलसंकट का समाधान केवल योजनाओं से नहीं, ईमानदार नीयत और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पेंशन का अधिकार शिक्षकों की मांग



**शहज़ाद अली**

भारतीय शिक्षा प्रणाली के मूल में शिक्षक ही हैं, जो नई पीढ़ी को ज्ञान की ज्योति प्रदान करते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में सरकारी नीतियों और न्यायिक फैसलों ने शिक्षकों के समक्ष नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। एक ओर पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग सरकारी कर्मचारियों, विशेषकर अध्यापकों के बीच जोर पकड़ रही है, तो दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश ने टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट TET को अनिवार्य कर दिया है। ये दोनों मुद्दे शिक्षकों की आर्थिक सुरक्षा और पेशेवर योग्यता से जुड़े हैं। इस लेख के माध्यम से हम इन मांगों को सरकार एवं सरकारी संस्थाओं का ध्यानाकर्षण करेंगे, जो न केवल अध्यापकों की वर्तमान स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि भविष्य की नीतियों को भी आकार दे रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही वह व्यवस्था थी, जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी को अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलता था, जिससे वह अपना शेष जीवन सम्मान से व्यतीत कर पाता था। 2004 के बाद यह लाभ छीन लिया गया, जिससे कर्मचारियों को एक तगड़ा शॉक लगा। हालांकि सरकारी नौकरी के लालच में सरकारी नौकर इस हानि को देखता और सहन करता रहा। अध्यापक समुदाय, जो मुख्य रूप से सरकारी या सहायता प्राप्त स्कूलों में कार्यरत हैं, इस बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। दूसरी तरफ अन्य विभागों की ओर भी यदि देखा जाए तो वहां पर भी सेवारत कर्मचारियों / अधिकारी वर्ग को इस प्रकार के रीफ्रेशर कोर्स कराने की आवश्यकता होनी चाहिए मगर ऐसा नहीं है? क्यों कार्य क्षमता कसौटी अध्यापकों के लिए ही नियत हो? पचपन वर्ष की अवस्था पूर्ण कर रहे सभी प्रशासनिक,विधि, राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कोई आकलन प्रक्रिया हो जाए तो इन क्षेत्रों में भी जनमानस को अपेक्षाकृत बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकती हैं।

सरकार की नई पेंशन योजना के संबंध में अध्यापकों का तर्क है कि NPS में निवेश जोखिमपूर्ण है और मुद्रास्फीति के साथ पेंशन की राशि अपर्याप्त साबित हो रही है। फरवरी 2025 के एक फैसले में कोर्ट ने सेवानिवृत्ति से ठीक पहले वेतन वृद्धि (नोटिशनल इंक्रीमेंट) को पेंशन में शामिल करने का निर्देश दिया, जिससे हजारों पूर्व कर्मचारियों को राहत मिली। अध्यापकों की मांग अब OPS की पूर्ण बहाली पर केंद्रित है सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश OPS की नैतिक और कानूनी वैधता को रेखांकित करते हैं। शिक्षक संघो द्वारा मांग की जा रही है कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। यूनिफाइड पेंशन स्कीम 2025 के तहत सरकार ने कुछ राहत दी है, लेकिन अध्यापक इसे अपर्याप्त मानते हैं। पेंशन को अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार माना गया है, क्योंकि यह सेवानिवृत्त व्यक्तियों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।

### TET अनिवार्यता

सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला और अध्यापकों की चिंताएं, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 2011 से TET को शिक्षक भर्ती के लिए अनिवार्य बनाया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के फैसले ने इसे और सख्त कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कक्षा 1 से 8 तक के गैर-माइनॉरिटी स्कूलों में कार्यरत सभी अध्यापकों,चाहे वे RTE से पहले नियुक्त हुए हों,को TET पास करना होगा। प्रमोशन के लिए भी TET अनिवार्य है। जिन अध्यापकों के पास 5 वर्ष से कम सेवा शेष है, उन्हें छूट दी गई है, वे सेवा जारी रख सकते हैं, लेकिन प्रमोशन नहीं पा सकेंगे। शेष को 2 वर्ष का समय दिया गया है, अन्यथा सेवा समाप्ति या अनिवार्य सेवानिवृत्ति हो सकती है। नियुक्ति के समय निर्धारित योग्यता पूर्ण मानते हुए ही कोई सरकारी विभाग व्यक्ति को नियुक्त करता है, इन अध्यापकों ने भी ऐसा ही किया है। अब नियुक्ति के बाद निर्गत आदेशों को सेवारत शिक्षक पर लगाया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है हालांकि उक्त फैसला अंजुमन इशाअत-ए-तालीम ट्रस्ट बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में आया, जिसमें कोर्ट ने त्ज्म की धारा 23 का हवाला देते हुए कहा कि ज्म्ज शिक्षण योग्यता का न्यूनतम मानक है।इस आदेश का प्रभाव स्कूलों में 20-30 लाख अध्यापकों पर पड़ेगा। तमिलनाडु में ही 3 लाख से अधिक अध्यापक प्रभावित हैं, जहां ज्म्ज पास रेट मात्र 10-20: है। शिक्षको की मांग हैं कि त्ज्म लागू होने से पहले नियुक्त अध्यापकों को ज्म्ज से छूट दी जाए, क्योंकि उनकी अनुभव और प्रशिक्षण को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शिक्षा विभाग समय-समय पर विषय आधारित एवं अन्य कौशलों पर आधारित प्रशिक्षण कराता है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय ने 16 सितंबर 2025 को इस फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन दायर करने का निर्देश दिया, स्वागत योग्य पाजिटिव पहल है जिससे आशा की किरण जगी है। अध्यापक मांग कर रहे हैं पुरानी पेंशन योजना को बहाल एवं लागू किया जाए एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 जो कि जौलाई 2011 को लागू हुआ इससे पहले नियुक्त किसी भी शिक्षक पर टैट नही थोपा जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राहुल को जेपी का स्मरण कराया भी जा सकता है



**श्रवण गर्ग**

बिहार में परिवर्तन की जो आंधी इस समय चल रही है उसमें उस संपूर्ण क्रांति की झलक तलाश की जा सकती है जो 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुई थी और जिसके परिणामस्वरूप 1977 में आजादी के बाद पहली बार केंद्र में एक गैर-कांग्रेसी सरकार की स्थापना हुई थी।

एक बड़ा फर्क तब और अब में यह है कि उस समय जो राजनीतिक सत्ता यानी सत्तारूढ़ कांग्रेस खलनायक के रूप में मौजूद थी वह इस समय राहुल की अगुवाई में नायकत्व की भूमिका में है। जिन सांप्रदायिक तत्वों यानी तब जनसंघ और आरएसएस ने अपने राजनीतिक हितों के लिए जेपी के 1974 के छात्र-आंदोलन पर कब्जा कर लिया था वे इस समय खलनायकों के रोल में हैं। राहुल की उम्र उस समय चार-पांच साल की रही होगी। राजीव गांधी और सोनिया गांधी तब सत्ता की राजनीति से कोसों दूर थे। दिल्ली में सत्ता के सारे सूत्र संजय गांधी और उनकी अतिविश्वस्त कोटरी के हाथों में थे। जेपी के साथ 1972 में हुए चंबल घाटी के ऐतिहासिक दस्यु आत्म-समर्पण के समय से जुड़े होने के कारण मैं बिहार आंदोलन के दौरान भी लोकनायक के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। बिहार चुनावों को लेकर यूट्यूब चैनलों पर होने वाली बहसों के माध्यम से और राहुल गांधी की टीम से नजदीक से जुड़े एक सांसद के जरिए राहुल तक एक संदेश पहुंचाने की कोशिश मैंने पिछले दिनों की थी। राहुल गांधी तक संदेश यह पहुंचवाना था कि उन्होंने युवा शक्ति के माध्यम से मोदी की हुकूमत के खिलाफ लड़ाई की शुरुआत बिहार की क्रांति-उर्वरा धरती से की है। इंदिरा गांधी के खिलाफ जेपी की संपूर्ण क्रांति में लालू प्रसाद यादव प्रमुख छात्र नेता थे। राहुल की लड़ाई में उनके प्रमुख सहयोगी लालू के बेटे तेजस्वी यादव हैं। राहुल के समर्थन में बिहार के युवा भी उसी तरह से समर्पित हैं जिस तरह 1974 में जेपी के प्रति थे।





राहुल गांधी पटना सहित बिहार के अन्य स्थानों की यात्राएं लगातार कर रहे हैं। उनकी ऐतिहासिक वोटर अधिकार यात्रा का समापन भी पटना में ही हुआ था। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की पहली बैठक भी पटना में ही हुई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उस बैठक के आयोजक थे। केजरीवाल भी उस बैठक में उपस्थित थे। बाद में इंडिया ब्लॉक को धोखा देकर बीजेपी से हाथ मिला लिया। मेरा सुझाव यह था कि राहुल अपनी किसी पटना यात्रा के दौरान अगर जेपी के कदम कुआं स्थित निवास स्थान पहुंचकर संपूर्ण क्रांति के नायक को अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर देंगे तो उसका संदेश बिहार के गांव-गांव तक पहुंच जाएगा। बिहार के संवेदनशील युवाओं के साथ राहुल का बांड और मजबूत हो जाएगा। केंद्र की वर्तमान गैर-कांग्रेसी सरकार हालांकि जेपी के उसी संपूर्ण क्रांति आंदोलन की देन है पर नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा से इस तरह की कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती। आश्चर्य नहीं हुआ कि राहुल गांधी की ओर से सुझाव को गौर करने योग्य नहीं समझा गया। मैं यह भी मानने को तैयार हूं कि संदेश उन तक नहीं पहुंच पाया होगा। इस तरह का विचार तो राहुल या उनकी टीम के लोगों के मन में स्वत: भी आ सकता था। राहुल बिना किसी पूर्व-घोषणा और मर्जी से अलग-अलग जगहों पर जाते रहते हैं। लोगों से मिलते हैं, उन्हें गले लगाते रहते हैं ! बिहार में युवा क्रांति की अगुवाई कर जननायक बनने वाले नेता को तो अपनी पहली ही पटना यात्रा में कदम कुंआ के ठिकाने की याद आ जानी चाहिए थी। अगर नहीं आई तो दिलाई भी जा सकती थी। मैं जिस पूर्वाग्रह से मुक्त होना चाहता हूं वह यह है कि राहुल गांधी को गुस्सा भी आता है और उनकी ही पार्टी और सहयोगी दलों के नेता उनसे खौफ भी खाते हैं। संपूर्ण क्रांति के लोकनायक जेपी का अगर राहुल ने पटना में स्मरण नहीं किया तो उसमें उनकी चुनावी स्ट्रेटेजी की कमी भी तलाशी जा सकती है। आश्चर्य ही व्यक्त किया जा सकता है कि 1974 के आंदोलन की ही उपज लालू यादव के प्रति अगर राहुल के मन इतना सम्मान है तो जेपी के प्रति उसका चुनावी-प्रदर्शन भी क्यों नहीं हो सकता।

**राहुल गांधी पटना सहित बिहार के अन्य स्थानों की यात्राएं लगातार कर रहे हैं। उनकी ऐतिहासिक वोटर अधिकार यात्रा का समापन भी पटना में ही हुआ था। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की पहली बैठक भी पटना में ही हुई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उस बैठक के आयोजक थे। केजरीवाल भी उस बैठक में उपस्थित थे। बाद में इंडिया ब्लॉक को धोखा देकर बीजेपी से हाथ मिला लिया। मेरा सुझाव यह था कि राहुल अपनी किसी पटना यात्रा के दौरान अगर जेपी के कदम कुआं स्थित निवास स्थान पहुंचकर संपूर्ण क्रांति के नायक को अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर देंगे तो उसका संदेश बिहार के गांव-गांव तक पहुंच जाएगा।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 58 पाक सैनिक मारे गिराए: अफगान

## 25 चौकियों पर कब्जा भी किया, कहा: आईएसआई के आतंकियों को पनाह दे रहा पाकिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान ने दावा किया कि उसकी सेना ने शनिवार रात को पाकिस्तान सीमा पर हुई झड़प में 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से किए गए हवाई उल्लंघन के जवाब में की गई।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियां कब्जे में ले ली हैं। इस कार्रवाई में 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा: हमारा आपरेशन आधी रात को खत्म हो गया। अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगानिस्तान सीमा का उल्लंघन किया, तो हमारी सेना देश की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान पर राजधानी काबुल और देश के पूर्वी इलाके के एक बाजार पर बमबारी करने का आरोप लगाया था।

हालांकि पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली थी। जबीहुल्लाह मुजाहिद ने रविवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए आपरेशन की जानकारी दी। तालिबान ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन पर आईएसआई के आतंकियों को शरण दे रहा है। मुजाहिद ने इन आतंकियों को अफगानिस्तान समेत पूरी दुनिया के लिए खतरा बताते हुए उन्हें पाकिस्तान से निकालने या अफगानिस्तान के हवाले करने के लिए कहा। तालिबान प्रवक्ता ने बताया कि अफगानिस्तान ने अस्थिरता फैलाने वाले सभी तत्वों को खत्म कर दिया था, लेकिन अब उनके नए ठिकाने पाकिस्तान के पख्तूनख्वा इलाके में बना दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन ठिकानों पर कराची और इस्लामाबाद एयरपोर्ट के जरिए नए लड़ाकों को लाया जा रहा है और यहीं पर उन्हें ट्रेनिंग दी जा रही है। मुजाहिद ने यह भी दावा किया कि ईरान और रूस में हुए हमलों की योजना भी इन्हीं पाकिस्तानी ठिकानों से बनाई गई थी। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी गृह मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान को भी भारत की तरह मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, ताकि वह पाकिस्तान की ओर बुरी नजर से देखने की हिम्मत न कर सके। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि हालिया हमलों के बाद पाकिस्तान चुप नहीं बैठेगा, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी मीडिया डान के अनुसार, पाक सेना ने अफगानिस्तान की 19 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, अफगान हमले सीमा के करीब छह इलाकों में हुए। पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि पाकिस्तानी सेना ने भी जवाब में भारी गोलीबारी की। लड़ाई के दौरान पाकिस्तानी सेना ने 3 अफगान ड्रोन मार गिराए, आशंका जताई गई है कि ये ड्रोन बम ले जा रहे थे। सऊदी अरब ने इस लड़ाई पर चिंता जताई है। सऊदी सरकार ने दोनों देशों से शांति और बातचीत के जरिए मामला सुलझाने की अपील की है और तनाव बढ़ाने से बचने को कहा है। दरअसल 9 अक्टूबर को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाक के ठिकानों पर हवाई हमले हुए थे। तालिबान का कहना था कि ये हमले पाकिस्तान ने किए थे। हालांकि पाकिस्तान ने साफ तौर पर ये नहीं कहा कि ये हमले उसने किए, लेकिन उसने तालिबान को चेतावनी दी कि वह अपनी जमीन पर टीटीपी को पनाह न दे।



**अफगान को भी भारत की तरह मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा: पाकिस्तानी गृह मंत्रालय का दावा**

### खैबर पख्तूनख्वा में दो आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चलाये गए एक अभियान में दो आतंकवादी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। कैपिटल सिटी पुलिस अधिकारी पेशावर मियां सईद ने एक बयान में कहा कि यह घटना शनिवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर जिले के हसन खेल इलाके में हुई, जहां आतंकवादियों ने पुलिस थाने पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों के साथ घंटों तक भारी गोलीबारी होती रही। संदिग्धों का पीछा करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है।



नई दिल्ली। अफगान दूतावास में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बोलते अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी।

## सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमले, 60 से ज्यादा की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में शनिवार को 60 से जयादा नागरिक मारे गए। यह जानकारी एक स्वयंसेवी समूह ने दी है। एल फशर में प्रतिरोध समितियों के समन्वय ने एक बयान में कहा कि दार अल-अरक़म आश्रय स्थल को एक रणनीतिक ड्रोन और आठ से जयादा आग लगाने वाले बमों से निशाना बनाया गया, जिससे शवों के ढेर ऐसे बिखरे पड़े थे जिसका वर्णन करना मुश्किल है। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि आरएसएफ ने सुबह दार अल-अरक़म आश्रय स्थल और ओमदुरमान इस्लामिक विश्वविद्यालय पर व्यवस्थित ड्रोन हमले किए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित 30 से जयादा नागरिक मारे गए और कई लोग घायल हुए। सूत्र ने बताया कि शवों को अल फशर स्थित सऊदी अस्पताल लाया गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ड्रोन हमलों का सीधा निशाना दक्षिणी अल फशर स्थित दार अल-अरकम आश्रय गृह था जहां कुछ लोग आश्रय गृह के अंदर जलकर मर गए।

### संक्षिप्त समाचार

#### अदालत ने रोक दी ट्रम्प की नेशनल गार्ड तैनाती

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इलिनाय राज्य में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भेजी गई नेशनल गार्ड की टुकड़ियां अब राज्य में रह सकती हैं, लेकिन फिलहाल उन्हें किसी भी फेडरल प्रापर्टी की सुरक्षा या गश्त पर तैनात नहीं किया जा सकता। यह आदेश अपील्स कोर्ट ने सुनाया। इससे पहले फेडरल जज एप्रिल पेरी ने गुरुवार को नेशनल गार्ड की तैनाती को कम से कम दो सप्ताह के लिए अस्थाई रूप से रोक दिया था। जज ने यह भी कहा कि ट्रम्प के इमिग्रेशन क्रैकडाउन के दौरान इलिनाय में विद्रोह का कोई स्पष्ट खतरा मौजूद नहीं है। अपील्स कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई को रोकते हुए आगे के तर्कों की प्रतीक्षा करने का आदेश दिया।

#### बांग्लादेश में सेना के 15 अधिकारियों को लिया हिरासत में

**ढाका।** बांग्लादेश से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां 15 सेना के अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। मामले में बांग्लादेश की सेना ने कहा कि देश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के आदेश पर 15 सेवा में रह रहे अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। इन अधिकारियों पर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल में कथित मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप है। सेना के एडजुटेंट जनरल मेजर जनरल मोहम्मद हाकिमुज्जामान ने बताया कि कुल 16 अधिकारियों को सेना मुख्यालय में हाजिर होने के निर्देश दिए गए थे, जिनमें से 15 ने हाजिरी लगाई।

#### अमेरिकी सैन्य संयंत्र में विस्फोट में 16 लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के टेनेसी में शुक्रवार को एक सैन्य संयंत्र में हुए विस्फोट में 16 लोगों के मारे जाने की आशंका है। हालांकि विस्फोट में कोई भी जीवित नहीं बचा है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। टेनेसी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (टीईएमए) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह विस्फोट सैन्य विस्फोटकों के उत्पादन वाली कंपनी एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स, एलएलसी में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 7:45 बजे नैशविले, टेनेसी के दक्षिण-पश्चिम में हुआ। विस्फोट के कारणों की जांच अभी जारी है। विज्ञप्ति के अनुसार काफी मात्रा में मलबे और विस्फोटक पदार्थों की संभावित उपस्थिति के कारण प्रतिक्रिया अभियान धीरे-धीरे और व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ रहा हैं।

## चीन 100% टैरिफ पर उठाएगा सख्त कदम

**दुर्लभ खनिज निर्यात पर प्रतिबंध का किया बचाव, वैश्विक शांति की रक्षा में जायज कदम बताया**

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को दुर्लभ खनिजों और उनसे जुड़ी वस्तुओं पर अपने नए निर्यात नियंत्रण उपायों का बचाव किया और कहा कि यह वैश्विक शांति की रक्षा के लिए उठाया गया जायज कदम है। इसके साथ ही चीन ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीनी निर्यात पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी को अमल में लाते हैं, तो वह सख्त कदम उठाएगा।

बीजिंग ने दुर्लभ खनिजों, लिथियम बैटरियों और इन खनिजों से बनी अत्यधिक कठोर सामग्री के खनन और प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) से जुड़ी तकनीकों और उपकरणों के निर्यात पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की थी। ये नए नियंत्रण उपाय तत्काल प्रभाव से लागू हो गए और इसमें उत्पादन तकनीकों का विदेशी स्थानांतरण भी शामिल है। इन नियंत्रण उपायों (जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए) में उत्पादन तकनीकों का विदेशी स्थानांतरण भी शामिल है। चीन ने कहा कि यह फैसला इस वजह से लिया गया है, क्योंकि कुछ विदेशी कंपनियां चीन से मिली सामग्री का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए कर रही थीं। चीन के इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक नवम्बर से चीनी वस्तुओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वह 'सभी जरूरी साफ्टवेयर' के निर्यात पर रोक लगा सकते हैं।

## ट्रम्प की मौजूदगी में होगी इजरायली बंधकों की रिहाई

### मिस्र में 20 से ज्यादा देशों के नेता जुटेंगे

**तेल अवीव।** गाजा सीजफायर समझौते के पहले चरण के तहत 48 बंधकों की रिहाई सोमवार सुबह से शुरू हो सकती है, जिनमें से 20 जीवित व्यक्ति और 28 शव सौंपे जाएंगे। इजरायली सेना ने शुक्रवार दोपहर तक गाजा से अपनी प्रारंभिक वापसी पूरी कर ली, जिसके बाद हमास को 72 घंटे का समय दिया गया है।

वहीं, सोमवार को मिस्र में गाजा युद्ध समाप्त करने के समझौते पर चर्चा होगी। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित 20 से अधिक विश्व नेता भाग लेंगे। दूसरी ओर, हमास ने मिस्र में सोमवार को होने वाले गाजा पीस समिट के आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह (दूसरा चरण) में शामिल होने से इन्कार कर दिया है। संगठन के वरिष्ठ नेता होस्साम बडरान ने कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की योजना के कुछ हिस्सों से असहमत हैं। बडरान ने कहा कि फलस्तीनियों को (हमास का सदस्य हो या नहीं) उनकी जमीन से निकालने की बात बेतुकी है। उन्होंने समझौते के दूसरे चरण की बातचीत को जटिल और कठिन बताया। हमास के एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि संगठन का निरस्त्रीकरण (हथियार छोड़ना) बिल्कुल असंभव है, भले ही वे गाजा की सत्ता छोड़ दें। इजरायल लगभग 2,000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। टाईम्स आफ इजरायल के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रास समिति इस अदला-बदली की देखरेख करेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर हालात अनुकूल रहे तो रिहाई रविवार रात से भी शुरू हो सकती है।



**हमास का गाजा पीस समिट में शामिल होने से इन्कार**

## अमेरिका के नए राजदूत ने पीएम मोदी से की मुलाकात

**ट्रम्प के साइन वाली तस्वीर भी प्रधानमंत्री को भेंट की, इस पर लिखा: पीएम मोदी आप महान हैं**

**नई दिल्ली।** अमेरिका के नए नामिनेटेड राजदूत सर्जियो गोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। गोर ने पीएम मोदी को एक तस्वीर भी भेंट की। इस तस्वीर में मोदी और ट्रम्प प्रेस कान्फ्रेंस करते नजर आ रहे हैं। इस पर ट्रम्प का संदेश और हस्ताक्षर थे, जिसमें लिखा था: प्रधानमंत्री मोदी आप महान हैं। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि उन्हें विश्वास है कि गोर के कार्यकाल में भारत-अमेरिका के संबंध और मजबूत होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के राजदूत-निर्धारित सर्जियो गोर का भारत में स्वागत करके खुशी हुई। मुझे भरोसा है कि उनके कार्यकाल में भारत-अमेरिका की साझेदारी और मजबूत होगी। पीएम मोदी ने इस साल जनवरी में ट्रम्प के शपथग्रहण के बाद अमेरिका का दौरा किया था। इस दौरान नेताओं ने प्रेस कान्फ्रेंस की थी। इससे पहले सर्जियो गोर ने आज विदेश मंत्री जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिसरी से भी मुलाकात की। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा हुई। अमेरिका के राजदूत गोर का अमेरिकी दूतावास ने भी आधिकारिक रूप से स्वागत किया और कहा कि वह भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे। गोर ने अमेरिकी दूतावास के बाहर खड़े होकर तस्वीर भी खिचाई। इसे दूतावास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर किया है।

# अमन-मुहब्बत, सुकून, भाईचारे की जगह है आगरा की शहीद-ए-सालिस की दरगाह

**-शहीद-ए-सालिस की दरगाह देती है इंसानियत और भाईचारे का पैगाम**
**-दरगाह की पहचान हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई आते हैं मन्नतें व मुरादें मांगने**


उत्तर प्रदेश का शहर आगरा जहां एक ओर ताजमहल जैसी विश्व धरोहर के लिए मशहूर है, वहीं दूसरी ओर यह शहर अपनी रूहानी हस्तियों और सूफी संतों की वजह से भी खास पहचान रखता है। इसी सिलसिले की एक महान शख्सियत हैं हजरत शहीद-ए-सालिस रहमतुल्लाह अलैह। उनकी दरगाह आज भी हर उस इंसान के लिए रोशनी का चिराग है, जो अमन, मुहब्बत और सुकून व भाईचारे को तलाश करता है।

**इतिहास और जीवन**- माना जाता है कि हजरत शहीद-ए-सालिस अपनी जिन्दगी में बड़े परहेजगार, इंसान-नवाज और खुदा के नेक बंदों में से थे। उन्होंने अपनी पूरी जिन्दगी इंसानियत की सेवा, नेक सलाह और मुहब्बत फैलाने में गुजारी। उनकी तालीमात यही कहती है कि इंसान का असल धर्म मुहब्बत और भलाई है।

उनकी शहादत ने उन्हें 'शहीद' का दर्जा दिलाया और उनकी याद आज भी लोगों के दिलों में ताजा है। आगरा की इस दरगाह पर लोग हर रोज दुआओं के लिए आते हैं और अपनी मुरादें मांगते हैं।

**मजलिसों व अकीदत का केंद्र**-शहीद-ए-सालिस की दरगाह पर हर साल मजलिसों का आयोजन होता है। आगरा ही नहीं बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों से जायरीन पहुंचते हैं। चादरपोशी, कुरआनख्वानी से माहौल रूहानी रंग में रंग जाता है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम देने वाला एक बड़ा सामाजिक उत्सव भी है।

**मजहब और जाति से परे अकीदत**-दरगाह की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यहां आने वालों पर कोई बंधन नहीं है। चाहे वह हिंदू हों, मुसलमान, सिख हो या ईसाई सब यहां एक ही मकसद से आते हैं और वह है दुआ और सुकून। यह दरगाह इंसानियत की उस मिसाल को पेश करती है, जो सदियों से भारत की गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान रही है।





**आज के दौर में अहमियत**-आज जब समाज में नफरत और दूरी पैदा करने की कोशिशें होती हैं, ऐसे समय में शहीद-ए-सालिस की दरगाह मुहब्बत और अमन का झंडा बुलंद करती नजर आती है। यहां आने वाला हर शख्स यही पैगाम लेकर लौटता है कि इंसानियत सबसे बड़ा मजहब है।

**शहीद-ए-सालिस (तीसरे शहीद) का संक्षिप्त परिचय**

पूरा नाम: काजी नूरुल्लाह शुस्तरी, उपनाम- शहीद-ए-सालिस (तीसरे शहीद) जन्म:1549 ईस्वी (956 हिजरी), शुस्तार, ईरान, भारत आगमन: मशहद से होकर आगरा आए, जहां उन्होंने अकबर के दरबार में न्याय व्यवस्था में योगदान दिया। मुकदमा और शहादत- जब जाहिरुद्दीन मुगल (जहांगीर) सत्ता में आए, काजी की धार्मिक किताबों विशेषकर अहकाक-उल-हक को आधार बनाकर उन पर बहिष्कार हेरिसी का आरोप लगाया गया और उन्हें खुदा-खुद दंडित कर शहीद कर दिया गया (1610)। मजार का प्रयास: उनके शव को पहले नीलाम कर छोड़ा गया, लेकिन बाद में कुछ अफगान अनुयायियों और एक ईरानी सरदार ने उनके दफन का प्रबंध किया, जो आज आगरा में उनकी दरगाह के रूप में स्थित है। विरासत- आगरा में उनकी दरगाह पर आज भी सबकी आस्था का केंद्र है, जहां विविध धर्म और तबके के लोग सिर झुकाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### आगरा में शहीदे सालिस की चार दिवसीय मजलिसे होंगी 20 अक्टूबर 25 से शुरू

**मौलाना डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क बनाए गए हैं मजलिसों के कॉर्डिनेटर**




**आगरा/लखनऊ।** आगामी माह अक्टूबर की 20 तारीख से 23 अक्टूबर 2025 तक चार दिवसीय मजलिसों की तैयारियां का अंतिम दौर चल रहा है। आगरा में दयाल बाग रोड स्थित मज़ार शहीद-ए-सालिस पर हर साल की तरह इस साल भी मजलिस प्रोग्राम तय हो गए हैं। मजलिस कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर मौलाना डा. मिर्जा शफ़ीक हुसैन शफ़क ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह अक्टूबर 2025 की 20, 21, 22 व 23 तारीख पर चार दिवसीय सालाना मजलिसें शुरू हो जाएंगी, जिसके लिए तैयारियां भी जारी हैं और चार दिवसीय मजलिस में उलेमाओं के तकरीर देने के कार्यक्रम भी तय किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद के ज़ेरे परस्त में आयोजित होने वाली मजलिसों व दूरदराज से आने वाले जायरीनों के लिए अच्छे इंतज़ाम किए जा रहे हैं। पूरे प्रोग्राम शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उप्र लखनऊ के चेयरमैन अली ज़ैदी की देखरेख में आयोजित होंगे। डा. मिर्ज़ा शफ़ीक हुसैन 'शफ़क' ने जानकारी देते हुए बताया कि सालाना मजालिस बयादे शहीदे सालिस 'काजी नुरुल्लाह शूस्तरी' आगरा की याद में होंगी। इसके अलावा मैनेजर अली अब्बास रिज़्वी भी मजलिसों के प्रोग्राम को सफल बनाने की तैयारियों में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को रात्रि आठ बजे महफिल-ए-मिदहत प्रोग्राम भी होगा।



जिया अब्बास ज़ैदी
वरिष्ठ पत्रकार
मोबाइल नंबर-9837776610,
ई-मेल- ziaabbaszaidist@gmail.com

## अमेरिका के साथ निष्पक्ष बात करने को तैयार: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार अमेरिका से निष्पक्ष और संतुलित बात करने के लिए तैयार है। अराघची ने सरकार समर्थित आईआरआईबी टीवी पर दिए अपने साक्षात्कार में परमाणु मुद्दे पर अमेरिका के साथ दोबारा बातचीत शुरू करने और प्रतिबंधों को हटाने के संबंध में ईरान का रुख बताया। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ईरान के हितों की सुरक्षा करने की कोई सक्षम योजना पेश करता है, तो निश्चित रूप से उस पर गौर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सामने हमारा रुख हमेशा स्पष्ट रहा है।

## इराक ने की अमेरिकी प्रतिबंधों की आलोचना

**बगदाद।** इराक ने शनिवार को उसकी संस्थाओं पर हाल ही में लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों की आलोचना की और इस कदम को एक 'बेहद खेदजनक' और एकतरफ़ा कार्रवाई बताया। इराकी सरकार के प्रवक्ता बसीम अल-अवदी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी कानूनी उपायों के अधीन पक्षों के साथ उनके कथित संबंधों के बहाने इराकी संस्थाओं पर अमेरिकी प्रतिबंध बिना किसी पूर्व परामर्श या बातचीत के लगाए गए, जो सहयोगी देशों के बीच संबंधों के प्रति दृष्टिकोण में एक नकारात्मक मिसाल पेश करता है।